वर्ष- 12 अंक - 154
लखनऊ, बुधवार 22 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महाकुंभ को अद्वितीय व अलौकिक बनाने में नहीं रखनी है कोई कसर : ए.के. शर्मा 03

मौनी अमावस्या स्नान को सकुशल कराने की रणनीति 12

## पश्चिमी विक्षोभ का असर : उत्तर भारत में अगले दो दिनों तक होगी बारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली-एनसीआर में बुधवार से एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश के साथ ही घने कोहरे की चेतावनी भी जारी की है। साथ ही हवाओं की रफ्तार भी तेज रहने वाली है जिससे तापमान में गिरावट आएगी।

मंगलवार को बढ़िया धूप पूरे दिन रही और तापमान भी सामान्य से अधिक बना रहा। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 अधिक 24.0 डिग्री व न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 अधिक 10.6 दर्ज किया गया। लेकिन हवाएं पूरे दिन 12-14 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलती रहीं। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक अधिकतम तापमान रिज क्षेत्र का सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। रिज क्षेत्र का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.1 अधिक 24.2 डिग्री रहा जबकि आयानगर का तापमान सामान्य से 3.6, लोधी रोड़ का 3.0 व पालम का 1.3 अधिक रहा। आईएमडी ने बुधवार के लिए 'पीली चेतावनी' जारी करते हुए पूरे दिन कोहरा व धूंध छाए रहने के साथ एक से दो बार हल्की से मध्यम बारिश गरज के साथ होने के संकेत दिए हैं।

# अब आउटसोर्सिंग भर्ती में नहीं रहेंगे बिचौलिये, यूपी सरकार खुद करेगी भर्ती

## सरकार ने संविदा कर्मियों का शोषण रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने का लिया निर्णय, श्रम विभाग तैयार कर रहा है मसौदा

▶ कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही शुरू हो जाएगी भर्ती प्रक्रिया

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संविदा कर्मियों का शोषण रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। श्रम विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसके तहत आउटसोर्सिंग की भर्ती प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाकर सरकार खुद कर्मचारियों की भर्ती करेगी। प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के लिए जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा।



सरकार ने जेम पोर्टल से आउटसोर्सिंग के माध्यम से संविदा पर कर्मचारियों की भर्ती व्यवस्था की थी लेकिन अब सीधे तौर पर भर्ती आएगी।

सरकार भर्ती प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाकर सीधे भर्ती करने की योजना बना रही है, जिससे कर्मियों के अधिकारों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों की वेतन संबंधी व अन्य शिकायतें दूर होंगी। साथ ही उन्हें निर्धारित मानदेय या वेतन भी प्राप्त हो सकेगा। पिछले कुछ समय समय से आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों के शोषण की तमाम शिकायतें सरकार को मिली हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम विभाग द्वारा आउटसोर्स पर संविदा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया से बिचौलियों को हटाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया है।

### आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों को मिलेगा निर्धारित मानदेय

इस बारे में श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर रखे जाने वाले संविदा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया से बिचौलियों की भूमिका समाप्त की जाएगी। पिछले कुछ समय से आउटसोर्सिंग के माध्यम से संविदा कर्मियों की भर्ती में शोषण और अनियमितताओं की शिकायतें सरकार तक पहुंच रही थीं। श्रम विभाग ने प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने का निर्णय लिया है। भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण का लाभ देने पर जोर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि संविदा कर्मियों की भर्ती योग्यता और पात्रता के आधार पर हो। इस प्रक्रिया में आरक्षण का लाभ भी दिया जाएगा ताकि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग पांच लाख संविदा कर्मी आउटसोर्सिंग के माध्यम से



कार्यरत हैं। इन कर्मियों की भर्ती में अनियमितताओं और वेतन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार एक नई प्रणाली लागू करने की तैयारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बढ़ाने से सेंसेक्स-निफ्टी में हाहाकार

**मुंबई।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण करने के साथ ही कनाडा और मेक्सिको के लिए व्यापार शुल्क में 25 फ़ीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर जोमैटो, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 27 दिग्गज कंपनियों में क़रीब 11 प्रतिशत तक की गिरावट से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1235.08 अंक अर्थात 1.60 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े सात महीने के निचले स्तर 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75,838.36 अंक पर आ गया।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत में आज भाग लेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल का सूखा दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा दिया है। इस नारे के माध्यम से भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ को मजबूत करने का संदेश दे रही है। बुधवार को करीब एक बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और उनको अपने-अपने बूथ पर मजबूती से लड़ने का संदेश देंगे।

### फिल्म जगत के कई लोगों के ठिकानों पर आयकर के छापे

**हैदराबाद।** मशहूर फिल्म निर्माता और तेलंगाना फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू के ठिकानों सहित कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। अधिकारी वित्तीय लेनदेन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। इसके अलावा मशहूर प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवीज के दफ्तर और फिल्म पुष्पा-2 के निर्माता नवीन एर्नेनी के आवास की भी तलाशी ली जा रही है। आयकर विभाग की 55 टीमें एक साथ आठ जगहों पर छापा मारा है।

### एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए चुकाने होंगे 15 हजार अमेरिकी डॉलर

**काठमांडू।** नेपाल सरकार की तरफ से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई परमिट शुल्क बढ़ाने का फैसला किया गया है। 8000 मी. से ऊंची सभी चोटियों पर चढ़ने का परमिट शुल्क में बढ़ोतरी की गयी है। 8 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक के फैसले को 1 सितंबर 2025 से बढ़े हुए शुल्क लागू किए जाने की बात का उल्लेख है।

## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833


# यूपी पुलिस की हिस्ट्रीशीट खोलने की शक्ति को हाईकोर्ट ने किया सीमित

अब आरोपी को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए मिलेगा मौका

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में पुलिस को हिस्ट्रीशीट खोलने की जारी अनियंत्रित शक्ति को सीमित किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले आरोपी को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए एक मौका दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय ने कहा कि जब देश में लोकतंत्र नहीं था तब औपनिवेशिक शासकों ने भारतीयों के लिए हिस्ट्रीशीट खोलने के नियम बनाए थे जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन था। अब आजादी बाद संविधान के लागू होने पर प्राकृतिक न्याय के नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर के हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर इस आदेश को प्रमुख सचिव (गृह) उत्तर प्रदेश को सूचित करें। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने फिरोज मलिक, साजिद मलिक, इमरान मलिक व निजाम मलिक की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिया। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा निवासी याचियों के खिलाफ पुलिस उपायुक्त ने 16 जून 2021 को हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश दिया था। याचियों ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी।



### सम्मन तामील में देरी की तय हो जवाबदेही

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्मन आदेश को तामील करने में देरी करने वाले पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा न्यायिक अधिकारियों को सम्मन आदेश की तामील होने या न होने की स्थिति पत्रावली पर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने डीजीपी को कोर्ट से जारी सम्मन आदेश का समय से तामील करने को लेकर परिपत्र जारी करने के लिए आदेश की प्रति उन्हें भेजने का आदेश दिया है। साथ ही महानिबंधक को सभी जिला जजों को भी आदेश भेजने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा सम्मन तामील करने में देरी से न्याय मिलने में देरी होती है।

### 1984 के कानपुर सिख दंगे में 37 साल बाद दाखिल चार्जशीट पर मजिस्ट्रेट की कार्रवाई पर लगी रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर में हुए 1984 के सिख दंगे में लगभग 37 साल बाद एसआईटी के चार्जशीट दाखिल करने तथा उस पर कानपुर के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेकर याचियों को सम्मन कर आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने की कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। इस घटना की प्राथमिकी वर्ष 1984 में अरमापुर, कानपुर नगर में दर्ज कराई गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने याची ब्रजेश दूबे व दो अन्य की तरफ से दाखिल धारा 482 दंड प्रक्रिया संहिता की अर्जी पर दिया है। 29 अगस्त 2022 को दाखिल चार्जशीट तथा उस पर कानपुर के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा 14 सितम्बर 2022 को संज्ञान लेकर सम्मन करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। अधिवक्ता अतुल शर्मा का कहना था कि मृतक वजीर सिंह के पुत्र ने अपने तीन बार के बयान में याचियों का नाम नहीं लिया है। उसने अपने चौथे बयान में नाम लिया जिस कारण मामला पैदा हुआ है। हाईकोर्ट ने फिलहाल मजिस्ट्रेट के समक्ष केस सुनवाई की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। ज्ञात हो कि, वर्ष 1984 में हुए सिख दंगे की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच की थी तथा 1996 में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एसआईटी ने फिर से विवेचना शुरू की। 37 साल बाद इस मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है।

## मंत्रिमंडल के साथ संगम में आज डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

▶ 54 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री योगी करेंगे कैबिनेट बैठक

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

### तुर्की के स्की रिसॉर्ट में आग लगने से 66 की मौत 50 से ज्यादा घायल

**अंकारा।** तुर्की के खूबसूरत बोलू पर्वतों में मंगलवार को स्थित ग्रैंड कार्तल होटल में लगी भीषण आग ने 66 लोगों की जान ले ली। जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में हुआ। जो तुर्की के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य है। हादसे के समय होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। अपनी जान बचाने के लिए कई मेहमानों ने खिड़कियों से छलांग लगा दी। जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। 12 मंजिला होटल के रेस्तरां में मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे आग लगी। देखते ही देखते आग ने पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगते ही इमारत में धुआं भर गया और अफरा-तफरी मच गई।

## न्यायिक जांच आयोग की टीम ने संभल हिंसा के मामले में की जांच

▶ बीते नवंबर में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई थी हिंसा

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते नवंबर में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा किया। आयोग ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली।

जांच आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश डीके अरोरा, पूर्व डीजीपी एके जैन और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल रहे। संभल की जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहली हिंसा जामा मस्जिद के नजदीक हुई थी, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। राज्य सरकार के निर्देश पर गठित जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को संभल जाने से पूर्व मुरादाबाद के सर्किट हाउस में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी के अलावा मुरादाबाद मंडल और जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों से इनपुट लिए।

### सेवानिवृत्त एडीएम की कासगंज के गेस्ट हाउस में हत्या

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश में कासगंज के एक गेस्ट हाउस में मंगलवार की सुबह सेवानिवृत्त एडीएम का शव मिला है। उनकी हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र स्थित मिनाक्षी गेस्ट हाउस में सेवानिवृत्त एडीएम राजेंद्र कश्यप का शव मिला है। नौकर धर्मेंद की सूचना पर पुलिस के अधिकारी, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप का सोरो इलाके में मिनाक्षी के नाम से गेस्ट हाउस है।

## गरियाबंद जिले में मुठभेड़ के दौरान 27 नक्सली ढेर

▶ 20 नक्सलियों के मारे जानी की पुलिस ने पुष्टि की

एजेंसी

**रायपुर/गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ दो दिनों तक चली नक्सलियों की मुठभेड़ मंगलवार की शाम खत्म हो गई। सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है।

हालांकि पुलिस ने अभी तक 20 नक्सलियों के मारे जानी की पुष्टि की है। इनमें एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति, सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। इस



मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ का जवान धर्मेंद्र भोई एवं ओडिशा का जवान डमरू घायल हुए हैं। दोनों रायपुर के नारायणा अस्पताल में इलारत हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली सफलता पर बधाई दी है। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। खबर लिखे जाने तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। घटनास्थल से एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने बताया कि यह मुठभेड़ रविवार रात से मंगलवार तक जारी रही। इसमें एक हजार 1000 सुरक्षा बल के जवानों ने 60 नक्सलियों को घेरा था। छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है।


फैसला

**अमेरिकी राष्ट्रपति का तर्क : कोविड-19 के प्रसार के लिए चीन को जवाबदेह ठहराने में विफल रहा डब्ल्यूएचओ**

# ट्रंप की घोषणा : विश्व स्वास्थ्य संगठन से अलग होगा अमेरिका

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं।







ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ के आलोचक रहे हैं और उनका प्रशासन जुलाई 2020 में औपचारिक रूप से संगठन से हट गया था क्योंकि कोविड-19 महामारी फैल रही थी। कार्यकारी आदेश में अमेरिका के हटने के कारणों के रूप में चीन के वुहान में उत्पन्न कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से संगठन द्वारा ठीक से न निपटना, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता प्रदर्शित करने में इसकी असमर्थता का हवाला दिया गया है। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय एक सहयोगी से कहा, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने अपने 2020 के निर्णय की ओर इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है। आदेश में यह भी कहा गया कि डब्ल्यूएचओ अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग करना जारी रखता है। यह संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की ट्रंप की लंबे समय से चली आ रही आलोचना के अनुरूप है। यह कदम अमेरिकी वैश्विक स्वास्थ्य नीति में एक नाटकीय बदलाव को चिह्नित करेगा और वाशिंगटन को महामारी से लड़ने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से अलग कर देगा। ट्रंप ने संगठन के कई आलोचकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के शीर्ष पदों पर नामित किया है, जिनमें रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर भी शामिल हैं।

### चीन ने डब्ल्यूएचओ के प्रति जताया दृढ़ समर्थन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रति अपना दृढ़ समर्थन व्यक्त किया है। चीन की ओर से यह अभिव्यक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के निकाय से बाहर निकलने की घोषणा के बाद आई है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को अपने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद डब्ल्यूएचओ से अमेरिका को अलग करने की प्रक्रिया शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने कोविड-19 संकट से ठीक से नहीं निपटने और सुधारों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य निकाय से अलग किया। पांच साल से भी कम समय में दूसरी बार अमेरिका ने विश्व निकाय से बाहर निकलने का आदेश दिया है।

## जरूरतमंदों के बच्चों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देगी बीजेपी

▶ भाजपा ने जारी किया विकसित दिल्ली संकल्प पत्र -2

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा जारी किया।

विकसित दिल्ली संकल्प पत्र -2 को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जारी किया। इस मौके पर उन्होंने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के घोटालों की जांच कराने की बात कहते हुए कहा, हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मोदी की गारंटी है कि दिल्ली में हर गारंटी पूरी होगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र-2 में विद्यार्थियों को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि दिल्ली में जरूरतमंदों के बच्चों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार देंगे। । पार्टी ने दिल्ली में ऑटो-टैक्सी वेलफेयर बोर्ड बनाने तथा ऑटो-टैक्सी वालों को 10 लाख का जीवन बीमा और पांच लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देने का वादा किया है। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है और डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है।

# अंतर्जनपदीय चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, लाखों का माल बरामद

**गोला के अशोक गुप्ता के घर हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा**





**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** गोला थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई चोरियों की वारदात में चार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कई चोरियों की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को न्यायालय भेजा। पुलिस पर चोरियों के खुलासे के बढ़ रहे दबाव के चलते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने एडिशनल एसपी नैपाल सिंह को कमान सौंपी थी। इसी के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल सिंह, गोला कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने पुलिस टीम का गठन किया। जिसमें एसआई राजन, मोहम्मद अनीस, योगेश कुमार, सिपाही अमन, अनुज सागर, बोबी, प्रदीप कुमार, जीशान अली, गौरव सिंह, स्वाट टीम के श्रीओम, सिपाही संजय कुमार, सिकंदर सिंह, गोल्डन सहित सर्विलांस सेल के महताब आलम को आरोपितों की धर पकड व चोरियों के खुलासे में लगाया। गोला पुलिस टीम को मंगलवार को उस समय सफलता मिली जब सुबह तहसील गोला से कांधवा मोड रास्ते से चोरों के अंतर्जनपदीय गिरोह के चार आरोपितों वारिस अली 36 पुत्र मुबारक अली निवासी काशीराम कालोनी थाना गोला, सिराजुददीन उर्फ सिराज 40 पुत्र असलम निवासी ग्राम बासुरा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर हाल पता न्यू हैदरगंज निकट सोनाभट्ठा थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ, मोहम्मद अफजल 24 पुत्र फजलुर्रहमान निवासी पैगम्बरपुर थाना लोनी कटरा जिला बाराबंकी हालपता मडियांव गांव निकट साही मस्जिद पक्की चौक थाना जानकीपुरम जिला लखनऊ, फुरकान 38 पुत्र मेंहदीहसन निवासी मुहल्ला गढी कस्बा व थाना गोला को चोरी किए गए सामान व चोरी में प्रयोग किए गए औजार व वाहन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने गोला में अलग अलग हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में पांच अदद पतीला, दो पीली थाली, एक एलसीडी टीवी, एक गैस सिलेंडर, दो बैटरा, दो लोहे की नुकीला राड, एक चौपहिया वाहन अर्टिगा, एक बाइक पल्सर, एक तमंचा, दो कारतूस सहित करीब दस हजार रुपये की नगदी बरामद की है। प्रेसवार्ता में एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने गोला में कैंप करते हुए, बताया कि शहर में कई चोरियों की वारदात में उक्त आरोपी लिप्त थे। पुलिस ने लंबे समय से सुरागरसी करते हुए चोरों के गिरोह को धर दबोचा है। उक्त चार आरोपितों में वारिस अली के विरुद्ध गोला कोतवाली में विभिन्न धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज है। जबकि सिराजुद्दीन के विरुद्ध लखनऊ के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई वारदातों में करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। वहीं अफजल के विरुद्ध गोला व लखनऊ के अलग अलग थानों में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज है। फुरकान के विरुद्ध गोला थाने में दो मुकदमे दर्ज है।

## वैश्य समाज पुलिस के चोरी खुलासे से नहीं संतुष्ट

**वैश्य समाज ने उठाई निष्पक्ष खुलासे की मांग**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला पुलिस द्वारा नगर में हुई चोरी की घटनाओं के खुलासे पर बुलाई गई पत्रकार वार्ता में गोला नगर के पीड़ित अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड़ी के यहां हुई 8 नवंबर को बड़ी चोरी की घटना में एक भी माल की बरामदगी ना होने पर नगर के वैश्य समाज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। समिति के पदाधिकारी आदित्य गुप्ता आदी ने बताया कि विगत माह 8 नवंबर की रात को वैश्य समाज के सजातीय बंधु अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड़ी के यहां चोरी की घटना हुई थी। जिसकी तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई थी परन्तु दो माह उपरांत भी पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर पाई थी जिसपर श्री हरिद्वारी वैश्य समिति गोला के द्वारा पहले उपजिलाधिकारी गोला को तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को ज्ञापन देकर मामले के जल्द खुलासे की मांग की थी तथा मामले की जानकारी विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता को भी गई थी। अपनी हो रही किरकिरी से बचने के लिए पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों को पकड़ कर घटना का खुलासा करने की जानकारी प्राप्त होने पर वैश्य समाज के शरद गुप्ता सोनू गुड़ वाले, सोहनलाल गुप्ता तथा रामकुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता आदेश गुप्ता सहित तमाम लोग कोतवाली पहुंचे और चोरी के खुलासे में अपने समाज के पीड़ित टिल्लू कबाड़ी के किसी भी सामान की बरामदगी ना होने पर असंतोष व्यक्त किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी गोला ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने निष्पक्ष खुलासे की मांग करते हुए चेताया कि यदि अब भी घटना का सही खुलासा और माल की बरामदगी नहीं हो पाती है तो नगर का समस्त वैश्य समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने पर विवश होगा।

## खबरें एक नजर में

### लगातार हो रही चोरियां, आरोपियों को पकड़ने में पुलिस नाकाम



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र धौरहरा में कार्रवाई मे उदासीनता व घने कोहरे के चलते हाइवे किनारे रखे लकड़ी के दो खोखो के ताले बीती रात चोरों द्वारा काट दिए गए जिसमें रखी नगदी, घरेलू सामान, बैटरा इन्वर्टर प्लेट आदि को चोर चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसैया ढखेरवा हाइवे किनारे बसे टेगनहा तिराहे पर सोमवार बीती रात चोरों ने लकडी के खोखे में दुकान चला रहे मुजीब पुत्र वहीद खां के खोखे से 35 हजार का रखा परचून सामान, सौर ऊर्जा प्लेट मय बैटरा, 3200 रुपए नगद चोरी कर ले गए वहीं साथ में इमरान पुत्र अजीज रहमान निवासी टेगनहा के खोखे का ताला तोड़कर अंडा पेटी, चार हजार रुपए नगद चोरी होने की घटना हुई है। घटना से संबंधित पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

**जांच की जा रही है जल्द खुलासा किया जाएगा।**
**-कोतवाली प्रभारी धौरहरा सुरेश चंद मिश्रा।**

### पीड़िता का पुलिस पर विपक्षी से समझौता कराने का आरोप



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली धौरहरा पुलिस द्वारा पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही एक घर से एक पंपिंग सेट बरामद किया लेकिन अब पीड़िता का आरोप है कि वादी महिला पर धौरहरा कोतवाली पुलिस समझौता करने का दबाव बना रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र केशवापुर कलां निवासी बेवा संगीता देवी पत्नी स्व. प्रेम सागर द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि करीब छः माह पूर्व मेरा डीजल इंजन पंम्पिग सेट पडोसी गांव बेहननपुरवा में खेत सींचने के बाद संजय वर्मा के बंग्ले में खडा करा दिया था, जो चोरी हो गया था। जिसकी मेरे द्वारा शिकायत की गई थी, पुलिस जॉच मे दिनांक 21.01.25 को दिन में 11 बजे हल्का सिपाही जितेन्द्र गौड़ द्वारा पंपिंग सेट हनीफ पुत्र बाबू निवासी बेहननपुरवा के घर से बरामद करते हुए बताया कि पुलिस पिकेट सरसवा में खडा है। पीड़िता के अनुसार कोतवाली पुलिस के हल्का प्रभारी व सिपाही द्वारा वादिनी पर दबाव बनाते हुए राजीनामा कर इजंन ले जाने की बात कह रहे है। वादिनी के अनुसार हनीफ के घर से माल बरामद हुआ है तो पुलिस को आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई भी करनी चाहिए।

**मामले की जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि महिला का इंजन आठ माह पूर्व चोरी हुआ था तब किसी प्रकार की कोई एप्लीकेशन नहीं थी, मुखबिर की सूचना पर एक इंजन बरामद हुआ है, जिसे महिला अपना बता रही है जिस संबंध में कार्रवाई हेतु महिला को बुलाया जा रहा है ।**
**-विनोद द्विवेदी हलका इंचार्ज।**

### चेन्नई में लखीमपुर के सिविल इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद लखीमपुर के निघासन कस्बा निवासी सिविल इंजीनियर की चेन्नई के एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, युवक के भाई चेन्नई के लिए रवाना हो गए। बताते चलें निघासन बाजार निवासी दाल व्यवसाई सुशील कुमार पांडे के बड़े बेटे शुभम पांडे जो सिविल इंजीनियर का काम करते थे, वह इस समय चेन्नई में थे, जिनकी सोमवार की रात में एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, मौत की सूचना चेन्नई में साथ काम करने वाले साथियों के द्वारा परिजनों के मोबाइल पर दी गई, जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, घटना की सूचना मिलते ही मृतक के दो भाई चेन्नई के लिए रवाना हो गए, वहीं गमजदा परिवार को ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा रहा।

### 24 को मिल्कीपुर में जनसभा करेंगे सीएम योगी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को मिल्कीपुर विधानसभा में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे पर प्रातः दस बजे से जनसभा का आयोजन किया गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व प्रधान अभिषेक सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को बनाया गया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा के मंडल अध्यक्ष, प्रवासी तथा प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जनसभा में हर बूथ की सहभागिता होगी। जिसके लिए जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ के कार्यकताओं से सम्पर्क कर रहें है। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। जनसभा संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए बूथ तथा शक्ति केन्द्रों पर बैठकें की जा रही है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि सभा स्थल पर टेंट, पेयजल की व्यवस्था, मंच साज सज्जा, साउंड सिस्टम, आवागमन के लिए सुलभ मार्ग, गाड़ियों की पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## घर से बाहर खड़े ऑटो से चार बैटरा चोरी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा मितौली के लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर छोटी नहर के निकट घर के दरवाजे के बाहर चार्जिंग पर लगे ऑटो के चार बैटरा चोरो ने निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार की रात कस्बा निवासी नईम पुत्र मुन्ने खां का लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर स्थित मकान है उसी मकान के बाहर ऑटो चार्जिंग पर लगा हुआ था देर रात चोरों ने ऑटो का लॉक तोड़कर उसमे लगे चार बैटरा चोर खोल ले गए ग्रह स्वामित ने बताया रात को खाना खाने के बाद करीब 11 बजे सो गये। उसके बाद करीब 2 बजे बाहर कुछ आवाज आई तो बाहर से कुंडी लगाकर चोरो ने दरवाजा बंद कर दिया था। जब फोन पर अन्य दोस्तो को रात में बुलाया कुंडी खोलने के लिए तब तक चोर बैटरा निकाल कर फरार हो चुके थे।

## सरदार बलजीत सिंह अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद लखीमपुर खीरी के छोटे से गांव पकरिया फार्म पड़रिया तुला के निवासी सरदार जागीर सिंह किसान के सुपुत्र सरदार बलजीत सिंह को यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका की सीडरब्रूक यूनिवर्सिटी द्वारा समाजसेवा में डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी में गोल्ड मेडल सहित मानद उपाधि से 18 जनवरी 2025 को वाद्यवान इंडिया आवर्ड काउंसिल आयोजन में सम्मानित किया है इसके अलावा कई देशों के 27 अन्य लोगों को भी इसी क्रम में शामिल किया गया। सरदार बलजीत सिंह 2008 से समाजसेवा में अग्रसर है 2013 में मास्टर ऑफ सोशलवर्क की डिग्री प्राप्त की उपरांत मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में जनपद सलाहकार रहे स्वच्छ भारत मिशन नगरीय में डीपीएम कार्यरत रहे कार्यों से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से जनजीवन को समर्पित रहे।




**कोविड/करोनाकाल में जब लोग घरों से निकलने से डरते थे तब हुई असली परीक्षा:** जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा शहर में खान पान व्यवस्था अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई थी जिसके चलते मुजफ्फरनगर की लगभग 118 समाजसेवी, धार्मिक, राजनीतिक, संस्थाओं एवं स्वयंसेवियों को एक साथ जोड़कर सभी के सहयोग से शहर में खानपान, राशन, दवाई जरूरत का सामान जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया दिन रात ड्यूटी कर समर्पित रहे जिससे शहर में कोई भी भूखा नहीं सोया रिकॉर्ड कायम किया।

कोविड में महाराष्ट्र में फंसे 47 जिलों के लगभग 1101 लोगों को ट्रेन द्वारा मुजफ्फरनगर भेजा गया ट्रेन में आए अधिकांश लोग पॉजिटिव थे जिसकी सूचना पहले से थी अपनी जान की परवाह किए बगैर जिम्मेदारी को समाजसेवी संस्थाओं और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के साथ मिलकर बखूबी निभाया। कोविड के द्वितीय चरण में ऑक्सीजन के सिलेंडर अपने कंधे पर रख कर लोगों की जान बचाते नजर आए कविड से मृतक लोगों की टीम सहित अंतिम संस्कार भी करवाए गए। स्वच्छ भारत मिशन में नगर निगम दिल्ली, चंडीगढ़ पंजाब के राज्य सलाहकार तैनात रहे नगर निगम पटना, पिंपरी चिंचवड़ पुणे,गोहाटी आसाम, आगरा, लखनऊ में क्षमता संवर्धन एवं आईईसी, डोर टू डोर, कूड़ा प्रथक्करण, सिंगल प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम, जीरो वेस्ट कार्यक्रम, स्वच्छ सर्वेक्षण, कूड़ाघरों का सौंदर्यीकरण नागरिकों को स्वच्छता के साथ जोड़ना सभी समुदाय में जनजागरूकता, जनसहभागिता के लिए जाने जाते है समाजसेवा को समर्पित कम उम्र में अपने कार्यों से लोहा मनवा कर अब मौके पर आगरा नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार अपनी सेवाएं दे रहे है। सभी मिलने जानने वाले गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दे रहे है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत छात्राओं को शपथ दिलायी गई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




शासन के निर्देशानुसार भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत प्राचार्या प्रो गीता शुक्ला ने शिक्षिकाओं तथा छात्राओं को शपथ दिलायी । प्राचार्य ने कहा कि आप सभी सड़क संस्कृति का पालन अवश्य करें। तत् पश्चात कार्यक्रम अधिकारी रा से यो विमलेश के नेतृत्व में तथा श्रीमती शिवांगी सक्सेना डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह के सहयोग से भव्य रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राएँ तथा शिक्षिकाओं ने आस पास के लोगों को जागरूक किया तथा बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चला रहे लोगों को हेलमेट पहनने के लिए कहा। रैली विभिन्न चौराहों से होती हुई महाविद्यालय वापस आ गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रो सुशीला देवी, डॉ. रेखा पांडेय, शिवांगी सक्सेना, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह विमलेश, वीना चौरसिया, डॉ. राखी चौहान तथा छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## बुजुर्ग को बंधक बनाकर रुपए लूटने वाले आरोपी अवैध असलहा और बाइक सहित गिरफ्तार

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




कोतवाली इलाके के दुर्गा पुरवा निवासी प्यारेलाल से 10000 रुपए लूटे जाने की घटना का निघासन पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है, आरोपियों के कब्जे से लूटे गए रुपयों के साथ साथ अवैध असलहा सहित लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा पुरवा निवासी प्यारे लाल सोमवार को कस्बे में स्थित जिला सहकारी बैंक से 10 हजार रुपये निकालकर ऑटो से घर लौट रहे थे। तभी दुर्गा पुरवा भट्ठे के पास वह गन्ने की पत्ती बांधने के लिए खेत में चले गए तभी बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रस्सी से बांधकर उनके रुपए लूट लिए, बुजुर्ग के शोर मचाने पर आस पास खेतों में काम कर रहे लोगों की मदद से एक बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पढुआ थाना इलाके के बैरिया निवासी जमाल अहमद पुत्र इकबाल के रूप में हुई।

## एनपीएनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



एनपीएनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सीएमओ ऑफिस सभागार में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। जिसमें ई-कवच पोर्टल को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में एनसीडी के अंतर्गत तैनात स्टाफ नर्स, काउंसलर और डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ई-कवच पोर्टल पर एनसीडी के अंतर्गत आने वाले मरीजों का डाटा तैयार करना है। जिससे एनसीडी के अंतर्गत आने वाली बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एनसीडी क्लीनिक में काम करने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटर से उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य की जानकारी ली। इसके बाद काउंसलर्स से सवाल जवाब किया, उनसे एनसीडी काउंसलिंग के बारे में पूंछा कुछ काउंसलर्स को सही जवाब नहीं दे सके, जिसे लेकर सीएमओ द्वारा उनकी जमकर फटकार लगाई गई। साथ ही काउंसलर्स के लिए एक अलग कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिए गए। ई-कवच पोर्टल को लेकर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप इस पोर्टल पर 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी महिलाओं पर पुरुषों का डाटा तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर आशा द्वारा परिवार के 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का सी बैक फॉर्म भरा जा रहा है। जिसमें एनसीडी से संबंधित जानकारी को इकट्ठा किया जा रहा है। इसी तरह एएनएम व सीएचओ द्वारा भी ई-कवच पोर्टल पर एनसीडी के अंतर्गत आने वाले मरीजों की जानकारी को भरा जाएगा, जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर, कॉमन कैंसर, सीओपीडी, सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर आदि की जानकारी को भरा जाना है। स्क्रीनिंग के साथ ऐसे मरीजों की जांचें काउंसलिंग और दवा भी ई-कवच के माध्यम से दी जा सकेगी और इनका फॉलोअप भी किया जा सकेगा। जिससे एक सही डाटा भी मिल सकेगा। प्रशिक्षण में एसीएमओ और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता, एपिडेमियोलॉजी डॉ. राकेश गुप्ता, डबल्यूएचओ एनसीडी कंसलटेंट डॉ. वैजेस, ट्रेनर डॉक्टर रामकिशोर आदि ने भी प्रशिक्षण दिया।

## बढ़ती शीत लहरी को देखते हुए लायंस क्लब ने वितरित किए कंबल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लायंस इंटरनेशनल के उद्देश्य मानवता की सेवा और सर्द मौसम के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए लायंस क्लब लखीमपुर उपकार द्वारा संस्कृत विद्यालय के छात्रों (बटुकों) के लिए सहयोग के रूप में 15 कम्बल प्रदान किए गए। लायंस क्लब लखीमपुर उपकार के अध्यक्ष लायन शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में संस्था के पूर्वाध्यक्ष लायन राम मोहन गुप्त एवं एच एस पाहवा, कोषाध्यक्ष लायन राज कुमार सक्सेना एवं आचार्य पंकज कृष्ण शास्त्री सहित भारी संख्या में संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

## महिला चिकित्सालय में किया गया शिविर का आयोजन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देश पर जिला चिकित्सालय (महिला) में ट्रांसजेंडर को उनके अधिकारों के विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता का आयोजन किया गया।शिविर का आयोजन पीएलवी/अधिकारमित्र प्रियंका त्रिपाठी द्वारा किया गया।ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों को ट्रांसजेंडर व्यक्ति( अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 के अधिनियम के माध्यम से मान्यता और कानूनी वैधता प्राप्त हुई है,जिसका उद्देश्य उनके अधिकारों का संरक्षण करना और उन्हें बनाए रखना है।गैर भेदभाव या शैक्षणिक संस्थानों,रोजगार या व्यावसायिक अवसरों,स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक सुविधाओं और लाभों तक पहुंच में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। यह ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आवागमन संपत्ति के अधिकार और सार्वजनिक या निजी कार्यालय में रहने के अधिकार को और मजबूत करता है।

## हर घर-हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें: स्वतंत्र देव

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मिल्कीपुर स्थित केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई।बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रबंधन समिति के विभाग प्रमुखों से चुनाव कार्यों में दिए दायित्व में प्रगति की रिर्पोट ली।उन्होंने कहा कि एक समान प्रकृति के व्यवस्थाओं के प्रमुख लगातार सम्पर्क में रहें। आपसी समन्वय बना कर चुनाव का प्रबंधन करें। चुनाव अभियान के तहत डोर टू डोर जा कर सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रचार करना है।उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें।

सम्मेलनों तथा बड़ी जनसभाओं के लिए पदाधिकारी सम्भावित स्थलों का निरीक्षण कर लें। सभी के लिए ऐसे स्थलों का चयन किया जाय जहां पार्किंग, अवागमन आदि सुविधा सरलता से प्राप्त हो। टोली बना कर घर-घर सम्पर्क अभियान तेज करें। हर घर हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता बूथ के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क में रहें।उन्होने कहा कि हम सभी को बूथ विजय अभियान से विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ प्रबंधन होता है। बूथ की बैठक में इस बात की चर्चा करनी है कि प्रत्येक वोटर को मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व तक पर्ची मिल जाए। हर बूथ पर अपने वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। बूथ पर निवास करने वाले लाभार्थियों से विशेष सम्पर्क बूथ की ग्रेडिंग के आधार पर कमजोर बूथों पर विशेष चर्चा करें।बैठक में मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चन्द्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, अवधेश पांडेय बादल, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, कमला शंकर पांडे, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राघवेंद्र पांडेय, अशोक कसौधन, जनार्दन मौर्य, राघवेंद्र पांडेय, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अभय सिंह, दिवाकर सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### सूचना

पहले मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता था अब मैंने अपना नाम बदलकर धर्मेन्द्र कुमार कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

धर्मेन्द्र कुमार, पुत्र स्वर्गीय श्री श्याम प्रकाश ग्राम व पोस्ट-रकेहटी, जिला-लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश)

# सहजन के उपयोग से एनीमिया पर वार की तैयारी

## सहजन के पौधरोपण और उपयोग के नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सिफ्सा और एनएचएम चलाएगा अभियान

**गोरखपुर, वाराणसी व झांसी के 35 ब्लॉकों में होंगे विशेष प्रयास**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की चुनौती से निपटने के लिए सहजन के उपयोग को बढ़ावा देने जा रही है। इसके लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से कुपोषण से जुड़े विषय पर जागरूकता बढ़ेगी और महिलाओं, किशोरियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहजन के उपयोग को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते गोरखपुर, वाराणसी व झांसी के 35 ब्लॉकों में अभियान को गति देते हुए सहजन के पौधरोपण और उसके उपयोग से जुड़े नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी (सिफ्सा) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सहयोग से राज्य स्तर पर इस परियोजना की शुरुआत पोषण माह के दौरान परियोजना के लोगो के अनावरण के साथ अधिशासी निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने किया था। राष्ट्रीय पोषण माह में सघन ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया गया और सहजन से जुड़ी जानकारी और सुझाव के लिए 9569703306 व्हाट्सएप हेल्पलाइन लांच की गई। इसका उद्देश्य लोगों को सहजन के फायदे और उपयोग के बारे में जानकारी देना है।

सिफ्सा के उपमहाप्रबंधक दिग्विजय त्रिवेदी ने बताया कि इन तीनों जिलों में पोस्टर, बैनर के माध्यम से सहजन के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। जिलों के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और 100 चिन्हित स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन के लाभों पर केंद्रित वॉल पेंटिंग होगी, जिससे किशोरियों और ग्रामीण जनता तक जानकारी पहुंचेगी। नवविवाहित दंपति को दी जाने वाली 'शगुन किट' में परिवार नियोजन सामग्री के साथ सहजन के फायदे वाला लीफलेट शामिल किया जाएगा, जिससे गर्भावस्था के दौरान सहजन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृतपरियोजना जनपद के तीन चिन्हित विकास खंड में सर्वाइवल दर पर एवं नवाचार पर संपूर्ण परियोजना जनपद पर प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था है।

**एनीमिया से जुड़े आंकड़े**

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार प्रदेश में 15 से 49 वर्ष की लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। वहीं छः माह से पांच वर्ष तक के लगभग 66 प्रतिशत बच्चे एनीमिक हैं। विभिन्न शोध पत्रों एवं आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययन से स्पष्ट है कि सहजन पोषण का भंडार है। सहजन का हर भाग उपयोगी, भंडारित कर बाद में भी प्रयोग कर सकते हैं।

**यह है सहजन के फायदे**

सहजन चमत्कारी आरोग्य वृक्ष है। अत्यधिक पौष्टिकता और औषधीय गुणों के कारण यह कई तरह की पोषण कमियों और बीमारियों से निपटने की क्षमता रखता है। खासकर एनीमिया जैसी समस्या जो महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को खास तौर पर प्रभावित करती है। सहजन के पत्ते, फल और बीज सभी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने और रक्त निर्माण में मदद करती है। हाल के अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि सहजन का नियमित सेवन एनीमिया के लक्षणों को कम करने में सहायक होता है।

**सहजन का उपयोग**

सहजन को सलाद, सूप या पत्तेदार सब्जियों के रूप में आहार में शामिल किया जा सकता है। – सहजन के पत्तों का पाउडर बनाकर इसे दूध या अन्य खाद्य पदार्थों में मिलाकर भी सेवन किया जा सकता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों को सहजन का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए, क्योंकि यह न केवल आयरन की कमी को पूरा करता है बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। सहजन की पत्तियों को पेड़ से तोड़कर छाया में सुखाएं, कूटकर बारीक करके छानकर रख लें। फिर इस चूर्ण को सब्जी में मसाले की तरह प्रयोग करें।

**सहजन से मिलने वाले पोषण तत्व**

उपमहाप्रबंधक के मुताबिक सहजन की 100 ग्राम पत्तियों में दही से 9 गुना ज्यादा प्रोटीन, संतरे से 7 गुना ज्यादा विटामिन सी, गाजर से 4 गुना ज्यादा विटामिन ए, केले से 15 गुना ज्यादा पोटैशियम, पालक से 25 गुना ज्यादा आयरन, दूध से 17 गुना ज्यादा कैल्शियम मिलता है।

# महाकुंभ को अद्वितीय व अलौकिक बनाने में नहीं रखनी है कोई कसर : ए.के. शर्मा

**महाकुंभ : प्रबंधन हेतु मेला में डटे ऊर्जा व नगर विकास मंत्री**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज शहर सहित कुंभ मेला क्षेत्र में 28, 29 एवं 30 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने की संभावना है। इस दृष्टि से अभी से सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह से सतर्क रहें। महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे हैं।

मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्होंने कहा कि महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखनी है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय और तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाय। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही भीड़ के दृष्टिगत खासकर मौनी अमावस्या में महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखे। उन्होंने सोमवार को शाम मेला प्राधिकरण कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिया। उन्होंने मेला में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क,परिवहन,व रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिया। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी यात्रियों को रोडवेज बस और ट्रेनों के विषय में टोल फ्री नंबर के माध्यम से जानकारी दिया जाये। और मेला क्षेत्र में हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बैनर पोस्टर और अन्य माध्यम से प्रचारित किया जाये। भीड़ को सूचना देने और नियंत्रित करने में चूक न हो। श्रद्धालुओं के लिए कुंभ क्षेत्र में प्रवेश और निकास और अन्य सुविधाओं को दर्शाने वाले बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था हो। कुंभ मेला क्षेत्र में आगजनी, भगदड़ की घटना न हो होने पाए। मेला क्षेत्र में लगे विद्युत उपकरणों की नियमित निगरानी की जाए तथा लोगों को सचेत किया जाए, जहाँ भी कोई समस्या हो, तुरंत जानकारी दें, जिससे कि समय से समस्या का समाधान हो। कुंभ मेला क्षेत्र में सफाई कार्यों और स्वच्छता की सभी श्रद्धालु प्रशंसा कर रहे हैं, इसे लगातार बनाए रखना है, शाही स्नान मौनी अमावस्या को जबरदस्त भीड़ रहेगी, जिससे सफाई व्यवस्था बनाए रखना चुनौती पूर्ण होगा। सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों के साथ मेला क्षेत्र में स्थापित शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान देना है।

## खबरें एक नजर में

### प्रयागराज जं. स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** महाकुंभ–25 पर उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा की गई विशेष तैयारियों को जांचने परखने के लिए उत्तर रेलवे के मुख्यालय से इन्स्पेक्टर जनरल/प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर रेलवे, ए.एन.मिश्रा का प्रयाग जं. स्टेशन पर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, लखनऊ देवांश शुक्ला एवं सुरक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ प्रयाग जं. प्रयागराज संगम एवं फाफामऊ ज. स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा इस विषय में अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किए। उन्होंने आपातस्थितियों की पूर्व तैयारी रखने, सजग और सतर्क रहकर ड्यूटी करने और अपनी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के संबंध में अपनाये जाने वाले सभी नियमों तथा सावधानी को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की बात को प्रमुखता से कहा। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने अवगत कराया कि उत्तर रेलवे अपने रेल एवं तीर्थयात्रियों की सुरक्षित और आनंदमयी यात्रा के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और अपनी सर्वोत्तम सेवाओं के द्वारा प्रत्येक रेलयात्री की यात्रा को यादगार बनाना तथा उनको महाकुंभ का सुखद अनुभव कराना ही उत्तर रेलवे का एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने इस कार्य के सुगम और सुचारु संचालन के लिए यात्रियों से भी अपेक्षित सहयोग की कामना की।

### विधान परिषद सदस्य ने किया सम्मानित, जागरुकता रैली निकाली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में एकल अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा। मंगलवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में 90 आचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर से भाजपा विधान परिषद सदस्य एवं विधानसभा सभापति लंबित कार्य पावन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समाजिक कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। सभी आचार्यों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें अपने–अपने गांवों में लोगों को हेलमेट पहनने और सीमित गति से वाहन चलाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया गया। इसके बाद सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा के नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में बीकेटी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश रावत, योगेंद्र राजपूत, आशीष राजपूत और एकल अभियान के युवा विभाग अध्यक्ष संतोष कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### निर्वाचन अधिकारी केडी सिंह स्टेडियम में दिलाएंगे मतदाता शपथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉकथान का आयोजन 23 जनवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 25 जनवरी को मतदाता दिवस इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि 23 जनवरी को वॉकथान में एन एस एस, भारत स्काउट गाइड, एन वाई के, स्पोर्ट्स परसन एवं छात्र–छात्राएं कुल मिलाकर लगभग 1500 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। वॉकथान प्रातः 08 बजे, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, स्टेट बैंक ऑफइंडिया के सामने गेट से, हजरतगंज रोड से सहारागंज होते हुए वापस स्टेडियम के गेट नंबर–3 से प्रवेश कर स्टेडियम ग्राउण्ड में समाप्त होगी। राज्य स्तरीय वॉकथान के आयोजन से संबंधित गतिविधियों की तैयारी कर ली गई है। वॉकथान समाप्ति के उपरान्त केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा प्रतिभागियों को मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी।

### ममता ट्रस्ट ने वृद्धाश्रम में बांटी आवश्यक सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरुकता शिविर अंतर्गत दिव्यांग कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व कंबल वितरण अभियान की श्रंखला के अन्तर्गत ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र उ.प्र. की पुत्री अराध्या मिश्रा ने आज विश्वविख्यात कथावाचक पंण्डित परमपूज्य प्रेम भूषण जी महाराज के जन्मदिवस पर राजाजीपुरम के वृद्धाआश्रम में जाकर वृद्धों को कंम्बल, फल एवं खाने की सामग्री वितरित किया तथा सभी के पैरो को छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इतना ही नही राजीव मिश्रा ने लोगों को खाने की सामग्री तथा कम्बल वितरित करते हुए कहा की ममता चैरिटेबल ट्रस्ट हर समय आप सभी की हरसम्भव मदद करती रहेगी। आप सभी को जब भी ट्रस्ट की आवश्यकता पड़े ट्रस्ट परिवार आपके साथ खड़ा है। संस्थापक ट्रस्टी डॉ राजेश शुक्ला ने बताया कि ट्रस्ट वृद्धों, महिलाओं, युवाओं, किशोरों, खिलाड़ियों, विशिष्ट बाल्को सहित समाज के सभी वर्ग के पीड़ितों और जरूरतमंदों के सेवा सहायता हेतु कृत संकल्प है, जिसमें ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### बिना ब्याज के मिलेंगे पांच लाख, डालीगंज मे आज लगेगा कैंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लखनऊ के युवा व्यापारियों को मिलेंगे बिना ब्याज के 5 लाख रुपए। कैंप का संयोजन कर रहे लखनऊ युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया है कि विधायक नीरज बोरा के मार्ग दर्शन मे कल 22 जनवरी दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक उमराव सिंह धर्मशाला डालीगंज मे कैंप आयोजित किया जायेगा। मनीष गुप्ता ने बताया कि निचले दर्जे के युवा व्यापारियों को अपने व्यापार को मजबूत करने हेतु बिना ब्याज के 5 लाख रुपए मिलेंगे। लोन संबंधित जानकारी देने के लिए कैंप में अधिकारी उपस्थित रहेंगे इस मौके पर कैंप में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल गुड्डा, लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक खरे सहित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ एवं लखनऊ युवा व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### सरेराह युवती पर धारदार हथियार से हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सिरफिरे युवक ने धारदार हथियार से युवती पर हमला बोल दिया। भीड़ को देखकर आरोपित अपना वाहन छोड़कर भाग गया है। पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मड़ियांव के शंकरपुर क्षेत्र में 22 साल की युवती पर अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला किया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भेजा। घटना के बाद आरोपित अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने वाहन अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रदीप सारंग को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बाराबंकी के कवि साहित्यकार एवं पत्रकार प्रदीप सारंग को साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। अलंकरण के तहत 7000 की धनराशि, शाल, पगड़ी, स्मृतिचिन्ह प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के नवनियुक्त सचिव व लखनऊ के जिलाधकारी रहे आईएएस अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को भी एक लाख रुपये की धनराशि सहित अलंकृत किया गया।

# होमगार्ड मंत्री ने 63 करोड़ की लागत से बनने वाले आठ इकाईयों का किया शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को विभिन्न आवासीय प्रशिक्षण कार्यालय एवं प्रशासनिक भवनों का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।



उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर पर कार्य करने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कोई विभागीय आवासीय भवन नहीं था। कर्मचारियों की आवश्यकताओं को देखते हुए जी11 टाइप-ए टाइप-बी के 24 नग बहुमंजिला भवन के निर्माण हेतु आज शिलान्यास किया जा रहा है। इससे उनके रहने की व्यवस्था अच्छे से हो जायेगी और उन्हें काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही जनपद कौशाम्बी, महराजगंज में जिला कार्यालय, जनपद बांदा, शामली, वाराणसी मे जिला व मण्डल कार्यालय, जनपद गोरखपुर में मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में बनने वाले भवनों का भी आज शिलान्यास किया। बनने वाली उक्त भवनों के निर्माण में लगभग 63.84 करोड़ रूपये की लागत का अनुमान है।

गोरखपुर में बनने वाले प्रशिक्षण भवन के निर्माण से होमगाड्र्स जवानों के टेनिंग में सुविधा होगी और विभाग को कुशल जवानों की आवश्यकता पूरी होगी। प्रमुख सचिव होमगाड्र्स राजेश कुमार सिंह ने कहा विभाग में सभी जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय पूर्ण किये जायेगे। आने वाली समस्याओं व बाधाओं का तत्काल निराकरण कराते हुए कार्य तेजी से कराये जायेगे। इस अवसर पर डीजी होमगाड्र्स विजय कुमार मौर्य, आईजी धर्मवीर, विवेक कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र असीम संभावनाओं वाला राज्य : जयवीर

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर 16 जनवरी से 27 जनवरी तक विद्यालयों में पर्यटन से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी है। नोएडा में 21 जनवरी, बरेली 22 जनवरी, लखनऊ 23 जनवरी और 27 जनवरी को झांसी के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 4,000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगें। कार्यक्रम में शामिल होने वाले छात्र-छात्रओं को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहसिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जनपदों के विद्यालयों में युवा टूरिज्म क्लब का गठन किया गया हैं। इसमें छात्र-छात्राओं के अलावा दो शिक्षक शामिल किए गए हैं।

# जनता की समस्याओं पर तत्काल एक्शन लें अधिकारी : मुख्यमंत्री



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले।

# ऋण योजनाओं में रूचि न लेने पर बैंकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं में बैंक द्वारा आ रही कठिनाइयों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन से सम्बन्धित योजनाओं तथा सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न्न ऋण योजनाओं की समीक्षा के दौरान बैंकों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। मंडलायुक्त ने कहा बैंक मिशन मोड में कार्य कर अधिक से अधिक लोगों को स्वावलम्बी बनाने में रचनात्मक सहयोग प्रदान करें। मंडलायुक्त ने सचेत किया कि पुनः समीक्षा में फिसड्डी पाये जाने पर सम्बन्धित बैंकों के स्टेट हेड व कन्ट्रोलिंग अथारिटी को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जायेगा। समीक्षा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मंडल के 357 प्रकरण लंबित मिले। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत सीसीएल की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिए ब्लाकवार व बैंक शाखावार रोस्टर तैयार कर सम्बन्धित बैंकों में कर्मचारियों को भेजकर प्रगति में सुधार लाये। मंडलायुक्त ने उप निदेश कृषि को निर्देश दिया कि वार्षिक कृषि ऋण एवं केसीसी की प्रगति की गहन समीक्षा करते रहें तथा सम्बन्धित बैंकों से समन्वय कर प्रगति में सुधार लाया जाय।

### इमामबाड़े और अयोध्या में बहू-बेगम का मकबरा सरकारी जमीन पर

**लखनऊ ।** लखनऊ में आज वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी की बैठक हुई। यूपी सरकार की तरफ से कृषि उत्पादन आयुक्त और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एसीएस मोनिका गर्ग ने सरकार और अपने विभाग का पक्ष रखा। सूत्रों की मानें तो बैठक में जेपीसी के सामने मोनिका ने कहा कि यूपी में वक्फकी 14 हजार हेक्टेयर जमीन है। इसमें से 11 हजार हेक्टेयर यानि करीब 78 प्रतिशत सरकारी जमीन है। लखनऊ का बड़ा और छोटा इमामबाड़ा और अयोध्या में स्थित बहू-बेगम का मकबरा भी सरकार का है। शिया वक्फ बोर्ड ने इसका विरोध किया और बैठक में मौजूद कई सदस्यों ने इसका विरोध किया। वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर खंड-दर-खंड विचार करेगी। यह रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया है। समिति की रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किए जाने की उम्मीद है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव : सपा व भाजपा के बीच मुख्य लड़ाई, कांग्रेस से भितरघात का खतरा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव भाजपा और सपा के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई बन गयी है। नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। कुल दस उम्मीदवार मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का समर्थन मिल रहा है। बसपा ने अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। इस कारण यह सीधा भाजपा और सपा के बीच लड़ाई हो गयी है। इन दोनों पार्टियों ने एक ही जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

उधर सपा द्वारा दिल्ली में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस से भितरघात का भी खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेस ने इससे पूर्व हुए नौ सीटों के उपचुनाव में भी सपा का समर्थन करने के बावजूद अपनी सक्रियता नहीं दिखायी थी। उनके स्थानीय नेताओं ने भी प्रचार में अपनी ताकत नहीं झोंकी थी। उसके बाद सपा ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद सपा ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी का समर्थन किया है। इससे कांग्रेस नेताओं में भी नाराजगी है। हालांकि उपचुनाव की तिथि घोषित होने के बाद अजय राय पत्रकार वार्ता कर मिल्कीपुर विधानसभा में सपा के समर्थन का ऐलान कर चुके हैं लेकिन सक्रियता को लेकर संदेह जताया जा रहा है। मिल्कीपुर में उम्मीदवारों और चुनाव निशान आवंटन को देखें तो समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को पार्टी का सिंबल साइकिल व भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान को कमल चुनाव निशान आवंटित हुआ है। मौलिक अधिकार पार्टी के रामनरेश चौधरी को आटो रिक्शा, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी की सुनीता को आरी, आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार को केतली, अरविंद कुमार को हाथ गाड़ी, कंचनलता को द्वार घंटी, भोलानाथ को अंगूठी, वेदप्रकाश को फुटबाल खिलाड़ी व संजय पासी को कैमरा चुनाव निशान आवंटित हुआ है।

### भाजपा में निर्दोषों को प्रताड़ित कर रही है पुलिस : अखिलेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों के खिलाफकार्रवाई के बजाय निर्दोषों को प्रताड़ित कर उनकी जान ले रही है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कि भाजपा सरकार में लोग सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी दिन दहाड़े हत्याएं कर रहे है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं है। सोमवार को सपा नेता इशरत अली की दिन दहाड़े बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। कासगंज में रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र प्रसाद कश्यप की हत्या हो गयी। गाजियाबाद में बदमाशों ने रूपये से भरा बैग लूट लिया। पूरे–प्रदेश में हर दिन अपराध की सैकड़ों घटनाएं हो रही है। उन्होने कहा कि सरकार का कानून–व्यवस्था और पुलिस का अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। भाजपा सरकार में पुलिस से जनता का भरोसा उठ गया है। इस सरकार में पुलिस मदद के बजाय लूट रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई इस घटना में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी।

**तैयारी** | **खेलों का आयोजन 28 से 14 फरवरी तक उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा**

# राष्ट्रीय खेल : यूपी के खिलाड़ी 31 खेलों में पेश करेंगे चुनौती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तराखंड में आयोजित होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीम पूरी तरह से तैयार है। इन खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 31 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

राष्ट्रीय खेलों के लिए एके त्रिपाठी (उपाध्यक्ष, यूपी हॉकी) को उत्तर प्रदेश टीम का मुख्य दलनायक (चीफ डि मिशन) नियुक्त किया गया है। आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के दल को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन का ध्वज सौंपा गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश




ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश का 434 सदस्यीय दल राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा, जिसमें 340 खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में 195 पुरुष एवं 145 महिला खिलाड़ी हैं। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व आफिशियल की सूची जारी कर दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों के सुचारू प्रतिभाग एवं प्रतियोगिता स्थल पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य दलनायक एके त्रिपाठी के साथ सुधीर शर्मा (सचिव, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन), डा.सुधर्मा सिंह (सचिव, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन) और विनय सिंह (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) को उपदलनायक (डिप्टी चीफ डि मिशन) के तौर पर नियुक्त किया गया है।

**व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण विजेता को मिलेंगे छह लाख रुपए**

इसमें व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण विजेता को 6 लाख रुपए, रजत विजेता को 4 लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 2 लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। वहीं टीम इवेंट में पदक विजेता टीम के प्रत्येक सदस्यों में स्वर्ण विजेता को 2 लाख रुपए, रजत विजेता को 1 लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि 2023 में गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश ने 11 स्वर्ण, 23 रजत और 36 कांस्य पदक सहित कुल 70 पदक जीते थे। इस बार टीम की तैयारी पहले से अधिक मजबूत है और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। इससे पूर्व गुजरात में 2022 में हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश ने 20 स्वर्ण, 18 रजत व 18 कांस्य पदक सहित कुल 56 पदक जीते थे।

**बेहतर प्रदर्शन का जताया विश्वास**

महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पिछली बार के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करेंगे और राज्य के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। नेशनल गेम्स से पहले उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के समन्वय से विभिन्न शहरों में कोचिंग कैंप आयोजित किए गए हैं ताकि खिलाड़ियों की पुख्ता तैयारियां हो सके। उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डॉ.आरपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के दल के सभी सदस्यों को ट्रेन का थ्री टीयर का किराया और किट दी जा रही है। इसके साथ इन खेलों में उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
अल्फा स्क्वायर
कैरियर इंस्टीट्यूट
कोचिंग सेन्टर
Class:- L.k.g to 12th
Sub: Physics, Chemistry, Maths, Biology, English & Commerce
अमित कुमार मौर्य
(डायरेक्टर)
के.बी. सर, मणि सर, विनय सर
पाण्डेय सर, वर्षा मैम
9521871812, 9125927648
सिद्धार्थनगर

# असली सरकारी कागज पर होता था नकली रजिस्ट्रेशन का काम

**▸ आरोपी के कब्जे से चार अदद फर्जी वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, मोहर व 124 अदद वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाने वाले ब्लैंक/खाली पेपर व फोन बरामद**

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के आरटीओ कार्यालय में, सर्विलेंस और एसओजी टीम के द्वारा किये गये छापेमारी के कारण का खुलासा करते हुए एएसपी पूर्वी मनोज कुमार व सीओ सदर आनंद कुमार ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला और एक पुरुष सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तगणों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो द्वारा आरटीओ कार्यालय में सांठ गांठ कर वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र का सरकारी कागज प्राप्त किया जाता था तथा अनुचित लाभ कमाने हेतु नकली रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाकर ग्राहको को दिया जाता था। इन अभियुक्तों द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाने हेतु विभिन्न कार्यालयों की नकली मोहरें बनवायी गयी थी। थाना कोतवाली नगर व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा आरटीओ आफिस के पास स्थित आनलाइन/फोटो कापी/लोकवाणी के दुकानदार आशुतोष उर्फ गायत्री



तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार अदद फर्जी वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र,01 अदद मोहर व 124 अदद वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाने वाले ब्लैंक/खाली पेपर व 01 अदद एण्ड्रायड व 01 अदद कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया तथा पुलिस लाइन मोड़ पर स्थित फोटो कापी की दुकान में दबिश देकर अभियुक्त मसीउल्लाह उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 अदद फर्जी वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, 36 अदद नकली मोहरें व 36 अदद वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाने वाले ब्लैंक/खाली पेपर व 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। चर्चा का एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि इन आरोपियों पर कार्रवाई तो हो गई पर आरटीओ आफिस में बैठे उन बाबूओं पर कार्यवाही कैसे होगी।

# राजकीय आईटीआई गोंडा के नवागत प्रधानाचार्य हुआ स्वागत

**▸ निजी आईटीआई के संचालन के बारे में की समीक्षा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय आईटीआई गोंडा के नवागत प्रधानाचार्य राम सिंह का प्राइवेट आईटीआई के प्रबंधक/प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई गोंडा के प्रधानाचार्य राम सिंह द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निजी आईटीआई के संचालन एवं योजनाओं से संबंधित प्रगति के बारे में समीक्षा की गई, जिसमें मूल रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में छात्रों के पंजीकरण, डीजी शक्ति पोर्टल से टेबलेट वितरण,



स्कॉलरशिप पोर्टल पर छात्रों का पंजीकरण एवं फॉरवर्डिंग तथा कंप्यूटर कोपा को समूह ग की भर्ती परीक्षाओं में अनिवार्य किए जाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रधानाचार्य राम सिंह द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

इस अवसर पर डीपी आईटीआई प्रबंधक राजीव पांडे , हरीश पटेल प्रधानाचार्य मा आईटीआई, प्रबंधक हरीश गुप्ता पंडित दीनदयाल आईटीआई, प्रधानाचार्य हनुमंत लाल पांडे दीनदयाल आईटीआई, मॉडर्न आईटीआई गोंडा प्रबंधक योगेंद्र सैनी, नरेंद्र श्रीवास्तव प्रबंधक नरेंद्र मेमोरियल आईटीआई, प्रबंधक आरबीटीएम आईटीआई विनय त्रिपाठी, प्रखर श्रीवास्तव, नितेश कुमार श्रीवास्तव, ठाकुर दिलीप सिंह आईटीआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत धानेपुर मे हो रही खुले माँस व मछली की बिक्री

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत धानेपुर मे नई मस्जिद के सामने प्रसाद पुरवा जाने वाले रास्ते मे बिना चिक लगाये बकरे हलाल किये जाते है। माँसो की बिक्री की जाती है बिना परीक्षण कराये एवंबीमार बकरो को भी हलाल कर दूषित मांस भी बेचने से नहीं चूकते है। बाजार मे कुछ जगहों पर मुर्गे हलाल किये जाते है। खून, पंखो को रास्ते मे फेक देते है। जिससे गंदगी रहती है उसी केपास मछलिया बेचीं जाती है गंदगी की वजह से प्रसाद पुरवा जाने वालों को परेशानी होती है। जनशिकायत पर भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिससे भयंकर बीमारी फैलने की आशंका है।

# आईजी अमित पाठक ने अतिक्रमणमुक्त अभियान की जानी हकीकत, दिए निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को आईजी देवीपाटन रेंज गोण्डा अमित पाठक द्वारा देवीपाटन परिक्षेत्र के जनपदो में चलाये जा रहे अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत जनपद गोण्डा के विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमणमुक्त स्थिति का जायजा लिया गया।

आईजी अमित पाठक द्वारा शहर के गुरु नानक चौक, एलबीएस तिराहा एवं अन्य तिराहों पर यातायात व्यवस्था व अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया गया। शहर क्षेत्र में सुगम व सुचारु रूप से यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी कोतवाली नगर को निर्देशित



किया गया कि शहर क्षेत्र को प्रत्येक दशा में जाम की समस्या व सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये। ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों,बिना हेलमेट/बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माना करें व बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन पैदल गस्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बेतरतीब खड़े ई 'रिक्शा व अन्य वाहनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को दिये। आईजी अमित पाठक द्वारा स्वयं खड़े होकर कई वाहनों का चालान कराया गया।

# अपराजिता सामाजिक समिति ने नीति आयोग-एवीए साझेदारी का किया स्वागत

**▸ अयोध्या और गोंडा को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प किरण**

**नरेंद्र लाल गुप्ता/ गीता जायसवाल**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अपराजिता सामाजिक समिति ने नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) की साझेदारी का समर्थन करते हुए अयोध्या और गोंडा जिलों को बाल विवाह मुक्त बनाने का वादा किया है। इस साझेदारी के तहत नीति आयोग व एवीए 73 आकांक्षी जिलों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए काम करेगा वही जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन एसोशिएशन जेआरसी 250 संस्थाओ के साथ मिलकर 416 जनपदो मे काम कर रहा है अपराजिता सामाजिक समिति जेआरसी की सहयोगी संस्था है जो अयोध्या और गोंडा जिले मे





बच्चो की न्याय तक पहुँच कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। अपराजिता की प्रमुख किरण बैस ने कहा कि, हम बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी और ट्रैफिकिंग जैसी कुरीतियों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी हमारे प्रयासों को गति देगी। हम बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण सुनिश्चित करेंगे। इस पहल के अंतर्गत स्कूल से वंचित बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जाएंगे। बाल विवाह की रोकथाम के लिए पंचायत स्तर पर निगरानी की जाएगी और हाशिये के परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

नीति आयोग और एवीए की इस पहल का उद्देश्य 2025 तक चयनित जिलों को बाल विवाह मुक्त बनाना है। अपराजिता सामाजिक समिति इस दिशा में सतत प्रयासरत है।

# उप डाकघर बड़गांव में विद्युत आपूर्ति न होने से काम बाधित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।**

उप डाकघर बड़गांव में बैटरी से विद्युत सप्लाई आगे बढ़ने वाला बेदम यू.पी.एस को पिछले कई महीनो से वेंटिलेटर पर रखकर विद्युत सप्लाई का कार्य जान फूंक कर लिया जाता था और अचानक दिसंबर 2024 में मीटर के पास वायरिंग गरमाने से आग लग गई और धू-धू कर तार जलने लगा आनन फानन में पोस्ट मास्टर बी.पी सिंह ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया और मिस्त्री बुलवाकर यू.पी.एस को कनेक्शन से अलग करते हुए डायरेक्ट विद्युत सप्लाई देकर डाकघर का बाधित कार्य शुरू करवा दिया अब कार्य तो शुरू हो गया लेकिन आए दिन जब बिजली गुल हो जाती है तो डाकघर में अंधेरा छा जाता है और सारा कार्य ठप हो जाता है पोस्ट मास्टर ने




यू.पी.एस प्राप्त करने के लिए पत्र द्वारा अधिकारियों को अवगत करा दिया लेकिन कार्रवाई शून्य है अभी तक नया यू.पी.एस डाकघर को प्राप्त नहीं हुआ है बात यहीं खत्म नहीं होती है आपको बताते चलें कि डाकघर दो बाबुओ की कमी का दंश भी झेल रहा है यहां कार्यरत आधार बाबू उमाशंकर मौर्य को श्रीनगर डाकघर अधिकारियों के आदेश पर भेज दिया गया लगभग 6 महीने होने को हैं आज तक वह वापस नहीं आए एक बाबू की कमी पूरी नहीं हुई कि दो माह पूर्व दूसरा तेज तर्रार एस.बी बाबू रणंजय सिंह का प्रमोशन आदेश पारित हो गया जिसमें वह डाकघर बस स्टेशन के पोस्ट मास्टर पद पर मनोनीत किए गए इस प्रकार डाकघर से दो बाबुओ की विदाई तो हो गई लेकिन आगमन आज तक भी नहीं हुआ।

# ट्रक ने बाइक में पीछे से मारी ठोकर, पत्नी की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा बहराइच मार्ग पर आर्यावर्त बैंक के सामने बाइक में ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि पति और महिला की मां घायल हो गई। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी सलमान (26) पुत्र नूर अली अपनी पत्नी जोहर (22) और 50 वर्षीय सास को बाइक से लेकर मटेरा बजार जा रहे थे। नानपारा बहराइच मार्ग पर मंगलवार को मटेरा थाना क्षेत्र में आर्यावर्त बैंक के पास बाइक सवार मुड़ने जा रहा था। तभी पीछे से आई ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी 6107 ने



ठोकर मार दी। हादसे में जोहर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक महिला की पत्नी और मां घायल हो गई। सूचना पाकर थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल में युवक और उसकी सास का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# दबंगों ने गेहूं की खड़ी फसल काटकर किया बर्बाद

**▸ आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दे रही दबिश**

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत काँधभारी गांव में एक विधवा महिला की मेहनत पर दबंगई ने पानी फेर दिया। बेवा निर्मला देवी पत्नी लायक राम की 8 बिस्वा में खड़ी हरी गेहूं की फसल को सिसहना गांव के दबंग लल्ला ने बेरहमी से काटकर गिरा दिया।पीड़िता ने बताया कि उसकी फसल को जान-बूझकर बर्बाद किया गया है। दबंग ने इस घटना को अंजाम देकर न केवल उसकी मेहनत की फसल बर्बाद की, बल्कि उसकी आर्थिक स्थिति पर भी गहरी चोट पहुंचाई।घटना की सूचना मिलते ही



विशेश्वरगंज पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी लल्ला अपनी दबंगई के लिए कुख्यात है और इस बार उसने अपनी हदें पार कर दीं।पीड़िता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसे न्याय दिलाया जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ÷मेरी मेहनत की फसल को बर्बाद करके उन्होंने मेरे परिवार की आजीविका पर प्रहार किया है, पीड़िता ने कहा। गांव में इस घटना के बाद आक्रोश है, और लोग मांग कर रहे हैं कि आरोपी को जल्द से जल्द सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई इस तरह का दुस्साहस न कर सके।

# तहसील प्रशासन ने खलिहान की जमीन से हटवाया कब्जा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज**

पयागपुर तहसील प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर मंगलवार खलिहान की जमीन से कब्जा हटवाया। ग्रामीणों ने स्वयं मकान तोड़कर अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हटवा हरदास के मजरा तेलियनपुरवा में गाटा संख्या 467 पर खलिहान की जमीन स्थित है। इस जमीन पर चार ग्रामीणों ने कब्जा कर पक्का मकान बना लिया। तहसील में शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट में वाद दायर कर दिया था। दो दिन पहले कोर्ट ने कब्जा



हटवाने का आदेश दिया। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजस्व टीम बुलडोजर लेकर गांव पहुंची। इसके बाद अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हुई। कुछ निर्माण गिरा दिया गया। लेकिन ग्रामीणों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने और समान संरक्षित करने की बात कही। इस पर उन्हें दो दिन का समय दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने स्वयं मकान तोड़ना शुरू कर दिया है। मकान से निकल रहे ईंट को संरक्षित कर रहे हैं।

# सीएमओ की पहल से सुरक्षित होगा मातृत्व स्वास्थ्य यूरिन, वितरित किये कंटेनर

**▸ गर्भावस्था में शुगर व प्रोटीन जांच होगी आसान ,हर माह औसतन 46 हजार से अधिक गर्भवती को मिलेगा जांच का लाभ**

**राहुल सोनी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में शुगर और पेशाब में प्रोटीन आना गंभीर खतरे के संकेत हो सकते हैं। इन समस्याओं का समय रहते पता लगाकर इलाज करना मातृ एवं शिशु की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इस उद्देश्य से, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर अब सभी गर्भवती महिलाओं की





अन्य जांचों के साथ-साथ पेशाब की जांच भी सुनिश्चित की जाती है। हालांकि, इस पहल में सबसे बड़ी चुनौती सामुदायिक स्तर पर पेशाब की जांच की सुविधा न होना थी। गौरतलब है वीएचएसएनडी हर माह के पहले बुधवार को उपकेंद्र पर और बाकी बुधवार और शनिवार को समुदाय स्तर पर आयोजित किया जाता है। उपकेंद्रों पर शौचालय की सुविधा होने के कारण पेशाब की जांच आसानी से हो जाती थी, लेकिन समुदाय स्तर पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पाता था। हालांकि, यह समस्या पूरी तरह से सामुदायिक शौचालयों की कमी से जुड़ी नहीं है, क्योंकि कई सार्वजनिक भवनों में शौचालय की सुविधा थी। परंतु वीएचएसएनडी सत्रों का आयोजन अधिकतर ऐसे स्थानों पर किया जाता था जो शौचालयों से दूर थे, ताकि सभी लाभार्थी आसानी से सेवा प्राप्त कर सकें।

**ऐसे हुआ समाधानः** इस समस्या का समाधान निकालते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने सभी एएनएम को 300 यूरिन कंटेनर उपलब्ध कराए हैं। जनपद की कुल 622 एएनएम को यह सुविधा प्रदान कर दी गई है। अब एएनएम इन कंटेनरों को आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से उन घरों तक पहुंचाएंगी, जहां गर्भवती महिलाओं की जांच की जानी है। महिलाएं अपने घर से यूरिन कंटेनर में नमूना लेकर वीएचएसएनडी के दिन जांच के लिए ला सकती हैं।

**गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से होगा बचावः** सीएमओ ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पेशाब में प्रोटीन की अधिक मात्रा एक्लेम्पिसया का संकेत हो सकता है। यह स्थिति प्रसव के समय झटके आने और मातृ एवं शिशु की मृत्यु का कारण बन सकती है। वहीं, गर्भावस्था के दौरान शुगर बढ़ने से बच्चे का वजन तेजी से बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे सामान्य प्रसव कठिन हो सकता है और सिजेरियन डिलीवरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके लिए सभी गर्भवती की चार बार जांच आवश्यक होती है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूतीः** इस कार्यक्रम को सहयोग कर रहे यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप मिश्रा ने बताया कि इस पहल से समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। इससे जांच को आसान बनाया जा सकेगा जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यूरिन कंटेनर की उपलब्धता और आशा ,एएनएम कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से हर माह जनपद की औसतन 46 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को इस जांच का लाभ मिलेगा।

## शीतलहर के दृष्टिगत विद्यालयों के संचालन का समय बदलने की हुई मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के द्वारा मंगलवार को जिलाधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित करके जनपद में पड़ रही भीषण ठण्ड, गलन, शीतलहर, एवं अत्यधिक कोहरे से न्यूनतम दृश्यता के दृष्टिगत छात्रों के स्वास्थ्य व जनहित में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शीतलहर अवकाश एवं विद्यालय संचालन समय भी परवर्तित किए जाने की मांग की गयी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने अत्यधिक कोहरे एवं ठंड से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को हो रही कठिनाई के दृष्टिगत समय परिवर्तन हेतु पत्र दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी से सपा में आक्रोश, दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो सपा के लोग नाराज हो गए। सभी ने महंत के विरुद्ध केस दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी है।अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव के पोस्ट पर महंत ने टिप्पणी कर गलत शब्दों का प्रयोग किया है। इसको लेकर सपा के लोगों में नाराजगी है। मंगलवार



को सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अगुवाई में पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। सभी ने महंत के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद केस दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि कोतवाल ने 15 दिन का समय मांगते हुए जांच के बाद केस दर्ज करने की बात कही है। इस दौरान नंदेश्वर नन्द यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# रेस्क्यू टीम ने सात बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सोमवार को बाल श्रम के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से सात बाल श्रमिकों को नियोक्ताओं के चंगुल से मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी, चाइल्ड लाइन व एनजीओ देहात इण्डिया से समन्वय बनाकर थाना एएचटी द्वारा मानव तस्करी से बालकों एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान मिशन शक्ति चलाए जाने के संदर्भ में, बालश्रम/भिक्षावृत्ति अभियान व बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत



दुकानों, होटलों, मिष्ठान भण्डारों आदि में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया । रेस्क्यू अभियान के अंतर्गत 02 बाल श्रमिकों को बरूहा चौराहा से, 01 बाल श्रमिक को मेडिकल कॉलेज के सामने से, 03 बाल श्रमिकों को जीआईसी के सामने से, तथा 01 बाल श्रमिक को नानपारा बाईपास से कुल 07 बाल श्रमिकों को जनपद के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया तथा नियोक्ताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। सभी 07 बाल श्रमिकों के माता-पिता से भविष्य में बच्चों से श्रम न करवाने की हिदायत दी गई । थाना एएचटी टीम द्वारा सभी सेवायोजकों को भविष्य में बाल श्रम न कराने की हिदायत दी गई।

# मकान में आग लगने से विवाह के लिए रखा दहेज का सामान जला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ग्राम पंचायत मटेरा कला निवासी एक ग्रामीण के मकान में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीण के बेटी की शादी के लिए आया सामान भी जल गया।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेरा कला निवासी शरीफ पुत्र असगर अली के मकान में सोमवार रात दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने पर ग्रामीण उठा और उसने शोर मचाया। आसपास के लोग एकत्रित हुए। सभी ने आग बुझाया। लेकिन तब तक घर



में रखा सारा सामान जल गया।शरीफ की बेटी के विवाह में दहेज के लिए आया सोफा सेट, डबल बेड, कुर्सी, बक्सा समेत अन्य सामान जल गया। ग्रामीण के दो लाख से अधिक मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई।

आग लगने की सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल लल्लू प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन किया। इसके बाद रिपोर्ट तहसील को भेज दी है।

# नाबालिग युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नेपाल में ईंट भट्ठे पर गया था काम करने, शव गांव पहुंचते ही मची चीख-पुकार**



**गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नेपाल में ईंट भट्टे पर काम करने गए नाबालिग युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना चार दिन पहले हुई है। घटना के बाद सुबह युवक का शव उसके गृह जनपद पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले में विधिक कार्यवाही करते हुए जांच शुरू कर दी है।

मामला रायबरेली जिले के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोरई गांव से जुड़ा है। जहां पर रहने वाले गंगा प्रसाद के पुत्र अमरेश कुमार उम्र 15 वर्ष की ईंट भट्टे पर काम करने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव आज 4 दिन बाद गृह जनपद पहुंचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।

**परिजनों ने भट्ठा मालिक पर हत्या का लगाया, कार्रवाई की मांग:** जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि मृतक अमरेश दिसंबर 2024 में नेपाल में एक ईंट भट्टे पर लेबर का काम करने के लिए रायबरेली से गया हुआ था। जहां पर ईंट पटाई के दौरान पिछले चार दिन पहले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी घरवालों को लेबर सप्लाई करने वाले ठेकेदार के माध्यम से दी गई। सुबह मृतक युवक का शव उसके गृह जनपद पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस के सामने भट्ठा मालिक के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले को लेकर गुरबक्श गंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तो वहीं परिजनों की तहरीर पर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## अज्ञातवाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर अवस्था में हुआ घायल हुआ, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार देर रात्रि 8:30 बजे के आसपास के है। जब लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोडरपुर मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक की बाइक में टक्कर मार दी हादसे में युवक गंभीर अवस्था में घायल हो गया। बाइक सवार युवक अमन पटेल पुत्र सुरेश कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम सरीरा जो अपनी बाइक से बछरावां की ओर आ रहा था। अज्ञात वाहन के हादसे का शिकार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुंभ व सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चला अभियान

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



महाकुंभ व सड़क सुरक्षा नियमों को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही हैं।जिसमें अपराधियों के विरुद्ध कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया।सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची कस्बा में चौकी इंचार्ज सूची स्वदेश कुमार ने पुलिस बल के साथ महाकुंभ व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पैदल गस्त कर सघन चेकिंग अभियान चलाया।जिसमें आने जाने वाले चार पहिया वाहनों की डिग्गी व बाइक सवारों की जांच की गई।साथ ही जागरुक करते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया।वही आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सेवा के लिए पुलिस पूरी तरह से तत्पर हैं। वहीं चौकी प्रभारी ने बताया अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया हैं। जिससे सड़क सुरक्षा और अपराधियों पर लगाम लगाया जा सके। इस दौरान हेड कांस्टेबल धन्नीलाल निगम, कांस्टेबल विजय कुमार व भभूती समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नशे की हालत में एक किशोरी बेहोश तो दूसरी मदहोश

**बछरावां, रायबरेली।** दो किशोरी नशे की हालत में तथा उसके साथ एक नाबालिग बालिका भी मौजूद थी। दो किशोरियों में एक तो बेहोश तथा दूसरी नशे में बड़बड़ाती हुई दिखाई पड़ी। घटना सोमवार रात्रि 11:00 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम विनायकपुर मोड़ के पास एक ऐसा नजारा देखने को मिला जहां शराब के नशे में चूर दो किशोरियां दिखाई पड़ी, साथ में एक नाबालिक 8 वर्षीय बालिका भी मौजूद थी। एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों लड़कियों को एंबुलेंस से बछरावां सीएचसी पहुंचाया। जहा दोनों किशोरिया नशे की हालत में होने के चलते एक तो बेहोश मिली तथा दूसरी नशे में बड़बड़ाती हुई दिखाई पड़ी। किसी तरह उनका प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों किशोरियों को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया है। सवाल यह उठता है, कि नशे की हालत में घिरती हुई युवा पीढ़ी जहां आज युवाओं के साथ–साथ किसोरिया भी नशे की लत में शामिल होती दिखाई पड़ रही है। गनीमत यह रही कि उक्त व्यक्ति ने पुलिस अथवा एंबुलेंस को सूचना दे दी।

### छोटे भाई की पत्नी की लाठी-डंडों से की पिटाई

**बछरावां, रायबरेली।** छोटे भाई और उसकी पत्नी के बीच बातचीत से नाराज बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी को लाठी डंडों से पीट कर किया घायल। घटना सोमवार देर रात्रि 9:00 बजे के आसपास की है, जब एक महिला घायल अवस्था में बछरावां सीएचसी एंबुलेंस से पहुंचाई गई। घायल महिला अनीता पत्नी राकेश उम्र लगभग 35 वर्ष के द्वारा जानकारी दी गई है कि मैं और मेरे पति राकेश अपने घर में बैठकर बातचीत कर रहे थे। कि अचानक बगल में ही जेठ रज्जू पुत्र बाबू रहते हैं। जो कि बेवजह लाठी डंडा लेकर पत्नी रामवती एवं पुत्री दुर्गा के साथ पहुंच गए। और मुझे लाठी डंडों से जमकर पीट दिया। मुझे बचाने के लिए आए मेरे पति राकेश को भी मारा पीटा है। मारपीट का शोर शराबा सुन आसपास के लोग एकत्रित हो गए तब जाकर मेरी जान बच पाई। घायल अवस्था में राकेश अपनी पत्नी अनीता को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां लेकर पहुंचा जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### जनपद में 34 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रबी विपणन वर्ष 2025–26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 34 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 09, ब्लाक हरचन्दपुर में 2 एवं ब्लाक सतांव में 1 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लाक महराजगंज में 6, ब्लाक शिवगढ़ 1, तहसील/ब्लाक लालगंज में 3, तहसील/ब्लाक ऊँचाहार में 1, ब्लाक रोहनिया 1, ब्लाक जगतपुर में 1, तहसील/ब्लाक डलमऊ में 2, तहसील/ब्लाक सलोन में 5, ब्लाक डीह में 1 एवं ब्लाक छतोह में 1 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हये कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

### वाहन की टक्कर से बाइक पर बैठी महिला गिरकर घायल

**बछरावां, रायबरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक में लगने से बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। वही अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। घटना मंगलवार दोपहर 2:00 बजे के आसपास की है। जब महाराजगंज बछरावां मार्ग पर ग्राम मलिकपुर सरैया के निकट एक अज्ञात चार पहिया वाहन के सामने सड़क पार करते हुए भैंसों का झुंड आ गया। उन्हे बचाने के चक्कर में उसने बगल में ही चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी हुई महिला लज्जावती पत्नी चंद्ररोज उम्र 35 वर्ष निवासिनी नवव्वन का पुरवा मजरे पैडेपुर थाना हरचंदपुर जो अपने पड़ोसी व्यक्ति नन्हू पुत्र रामगुलाम के साथ बाइक में बैठकर महाराजगंज मार्ग होते हुए बछरावां के लिए आ रही थी। दुर्घटना में महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वही अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। राहगीरो की सहायता से घायल महिला को एंबुलेंस के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया।

### कोहरे और ठंड का कहर, जनजीवन प्रभावित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** पिछले दो दिनों से धूप निकलने से ठंड से राहत महसूस कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए सोमवार की रात अचानक बदले मौसम ने मुश्किलें बढ़ा दीं। रातभर तेज हवाओं और घने कोहरे ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। ठंड और कोहरे की इस मार ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। मंगलवार सुबह उतरौला बाजार और आसपास के इलाकों में कोहरे और ठंडी हवाओं का प्रभाव स्पष्ट दिखा। घने कोहरे की वजह से सूर्य देव पूरे दिन बादलों के पीछे छिपे रहे। सुबह स्कूल जाते बच्चों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। हालांकि, बच्चों ने गर्म कपड़े पहने थे, लेकिन ठंडी हवाओं ने उनकी गर्माहट को बेअसर कर दिया। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे सड़क यातायात धीमा रहा। वाहन चालक हेडलाइट और फॉग लाइट का सहारा लेकर सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाते नजर आए। कई स्थानों पर कोहरे की वजह से छोटे वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। ठंडी हवाओं के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चहल–पहल कम रही। अधिकतर दुकानें देर से खुलीं, और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय लोगों ने ठंड से बचने के लिए जगह–जगह अलाव जलाए। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है। घने कोहरे और तेज हवाओं के कारण लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को सुबह और देर शाम बाहर निकलने से बचने की अपील की गई है। मौसम के इस बदलाव ने क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

### सोशल ऑडिट रिक्त पद के लिए जनपद के अभ्यर्थी करें आवेदन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिला विकास अधिकारी ने बताया कि निदेशक सोशल ऑडिट उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा सोशल आडिट संगठन के अंतर्गत जनपद में सोशल आडिट को–आर्डिनेटर के रिक्त पद को एक वर्ष की संविदा के आधार पर नियत मानदेय पर भरे जाने हेतु निर्देश दिये गये है, जिसके क्रम में जिला सोशल आडिट को–आर्डिनेटर, बलरामपुर के पद पर संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक अभ्याथियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये है, जिसकी शैक्षिक अर्हता / अनुभव निम्नवत है। (क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। (ख) जन समस्याओं से सम्बन्धित मामलों में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जमीनी स्तर पर कम से कम 05 वर्ष का अनुभव एवं ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी रखता हो। (ग) ग्राम पंचायत सोशल आडिट टीम के ऐसे सदस्य, जिनके द्वारा कम से कम 03 सोशल आडिट सम्पादित की गई हो को भी जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर चयनित किया जा सकता है। (घ) ब्लाक सोशल आडिट को–आर्डिनेटर द्वारा प्रभारी जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थी को निम्न प्रकार से वरीयता दी जायेगी। 1. जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के लिए साक्षात्कार के लिए साक्षात्कार हेतु पूर्णांक – 25, 2. ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के रूप में 3 वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक कार्य करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता हेतु निर्धारित अंक 3, 3. ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर द्वारा प्रभारी जिला जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता हेतु निर्धारित अतिरिक्त अंक प्रतिवर्ष 01 (अधिकतम 2 अंक) (ङ) नियुक्ति हेतु सम्बन्धित जनपद का निवासी होना अनिवार्य है।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डलमऊ रायबरेली।** कोडरमा कोतवाली क्षेत्र के पूरे हन्नू मजरे जोहवा नटकी निवासी बैजनाथ पुत्र सूरज बली एवं उसकी नातिन शीलू के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में आरोपी लक्ष्मण को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। बैजनाथ की नातिन रविवार शाम 5:00 बजे के आसपास घर के दरवाजे लगी लकड़ी काट रही थी तभी पड़ोसी लक्ष्मण शराब के नशे में शीलू के साथ छेड़छाड़ की थी और जमीन पर गिराकर लातघुसो एवं लाठी–डंडों से जमकर मारा पीटा था। बुजुर्ग बैजनाथ को भी लक्ष्मण एवं उसकी पत्नी ने उसे जमकर मारा पीटा था जिसमें बुजुर्ग को गंभीर चोटे आई थी और शीलू गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसकी शिकायत पीढ़ी द्वारा कोतवाली डलमऊ में की गई थी पीड़ित ने इसकी शिकायत जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी ऑफिस में भी की मंगलवार को डलमऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया गया कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया गया है

## शहीद दिवस हेमू कालाणी को याद किया गया

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



स्वतंत्रता संग्राम में भारत माता के अनगिनत सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया आजादी की लड़ाई में भारत के सभी प्रदेशों के योगदान रहा अंग्रेजों को भारत से भगाकर देश को जिन वन्दनीय विरो को आजाद कराया उनमें सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी को भारत देश कभी नहीं भूल पायेगा। डिग्री कालेज स्थिति शहीद हेमू कालाणी पार्क में उनका बलिदान दिवस मनाया गया,वहां एकत्रित हुए सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम सयोंजक समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सावलानी कार्यक्रम के आयोजक पनव खेत्रपाल, परेश कृपलानी रहे व कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह फौजी ने किया व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे शत्रोहन सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रायबरेली ने कहा की हेमू कालाणी जी सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानी थे,उनकोने कहा कि जैसे अंग्रेजो के विरुद्ध भारत छोड़ो आंदोलन तथा करो या मरो जिससे पूरे देश का वातावरण गर्म रहा उन्होंने कहा की सिंध समाज के लिए बहुत गर्व की बात है ये इन्ही शब्दों के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जानलेवा हमले में घायल अधिवक्ता ने न्याय की मांग की है। रायबरेली के जिला अस्पताल में उपचारधीन अधिवक्ता ने जानलेवा हमला करने की संगीन धारा के तहत मुकदमा दर्ज होने के बावजूद दर्जन से अधिक हमलावरों की अभी तक गिरफ्तारी न होने की बात कही है। पीड़ित के मुताबिक उसके ऊपर घटना के दिन दबंगों द्वारा असहले के बट से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। खीरो थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर का है। पीड़ित अधिवक्ता आलोक प्रताप सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम खीरो, थाना खीरों ने बताया कि 17 जनवरी के दिन उसके पड़ोस में रहने वाले अमित कुमार पुत्र कल्लू धानुक निवासी ग्राम खीरों, थाना खीरों अपनी दुकान की सफाई कर रहे थे। तभी कस्बा खीरों निवासी प्रेम गुप्ता पुत्र राम आसरे गुप्ता और उनका पुत्र विशाल गुप्ता उर्फ सचिन गुप्ता अपने दर्जन भर अस्स अधिक साथियों के साथ अमित को घेर कर जाति सूचक गालियां देने लगे और लाठी डंडा से लैस होकर दुकान के अंदर घुस आए। अमित को लात घूंसों और डंडों से मारना शुरू कर दिए। शोर शराबा सुनकर वह अमित कुमार को बचाने के लिए आए। इस दौरान उनके साथ बजरंगी व सुनील भी बीच बचाव करने लगे। लेकिन उपरोक्त विपक्षी लोगों ने एक राय होकर उनके ऊपर असहले के बट से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह घटना स्थल पर ही बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया । डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि थाना खीरों में जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले का मुकदमा पंजीकृत कर तो लिया गया लेकिन अभी तक विपक्षी गणों में से किसी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**गुरबक्शगंज, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सनिकामऊ गाँव मे एक माँगलिक आयोजन मे शामिल होने आये एक युवक को पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने के आरोप मे गिरफ्तार किया है। हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल साइट्स पर वॉयरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।





हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गाँव निवासी राम जी द्विवेदी पुत्र धीरज द्विवेदी,सनिकामऊ गाँव मे एक मांगलिक आयोजन मे शामिल होने आये थे।आयोजन में उन्होने अपने पास रखे असलहे से फायरिंग की। किसी ने उनकी इस हरकत का वीडियो बना लिया और सोशल साइट्स पर वॉयरल कर दिया। वॉयरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये गुरुबक्शगंज पुलिस ने जाँच कराई। जाँच के आधार पर कार्रवाई करते हुये राम जी द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और सम्बन्धित अभियोग लगाकर जेल भेज दिया।उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक मांगलिक आयोजनों मे फायरिंग करना अपराध माना जाता है।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने किया दौरा

**मछुआ समुदाय ने मछली मंडी की स्थापना के लिए कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और मत्स्य विभाग प्रमुख संजय निषाद ने मंगलवार को उतरौला नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श नगर पालिका परिषद में विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और स्थानीय समस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। मंत्री के इस दौरे में उनके साथ कई पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

दौरे के दौरान निषाद समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री संजय निषाद को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में क़स्बा उतरौला के मोहल्ला सुभाष नगर (वार्ड नंबर-15) में पिछले 50 वर्षों से संचालित मछली मंडी के स्थान पर प्रशासन द्वारा रोक लगाए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधियों का कहना था कि इस मंडी के जरिए मछुआ (कहार) समुदाय के लोग मछली का व्यापार करते हुए अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन हाल ही में प्रशासन ने वहां मछली बेचने पर रोक लगा दी है और पुलिस द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। इस स्थिति ने मछुआ समुदाय के जीवन-यापन पर संकट खड़ा कर दिया है। ज्ञापन में कश्यप समाज संगठन ने मंत्री से आग्रह किया कि नगर पालिका परिषद के बगल में गौसिया अरबी कॉलेज और हिना कौशर अस्पताल के पास खाली भूमि पर मछली मंडी का निर्माण कराया जाए। इससे मछुआ समुदाय के लोग सुरक्षित और स्थायी स्थान पर अपने व्यापार को सुचारू रूप से चला सकेंगे। इस ज्ञापन को सौंपने में कश्यप समाज संगठन के सुरेश कश्यप और नीरज कश्यप ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा, मौके पर निषाद पार्टी के कई नेता उपस्थित थे, जिनमें आंधी प्रसाद निषाद (जिला अध्यक्ष), विशंभर निषाद (जिला सचिव), रक्षा राम निषाद (जिला महासचिव), सम्पन्न निषाद (प्रदेश सचिव), मनोज कुमार निषाद (युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष), संजय कुमार निषाद (जिला अध्यक्ष), महेंद्र निषाद (प्रदेश उपाध्यक्ष), मंसाराम निषाद और राकेश कुमार निषाद शामिल थे। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए मछुआ समुदाय की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मछुआ समुदाय के व्यापार के लिए उचित जगह पर मछली मंडी के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। मंत्री के सकारात्मक रुख और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन ने मछुआ समुदाय में उम्मीद की किरण जगाई है। उन्हें भरोसा है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें एक स्थायी मछली मंडी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनका व्यवसाय सुरक्षित और सुचारू हो सकेगा। यह दौरा मछुआ समुदाय और स्थानीय निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, जिससे उनकी आजीविका को नई दिशा मिल सके।

## हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़क की हालत गंभीर

**वार्ड निवासियों ने प्रशासन से की मरम्मत की मांग**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 के मोहल्ला आर्य नगर से लेकर खाकी दास बाबा मंदिर मोड़ तक और कश्यप मोहल्ला अलवलपुर जाने वाली सड़क की स्थिति अब गंभीर हो गई है। यह सड़क हर घर जल योजना के तहत खोदी गई थी, लेकिन मरम्मत के अभाव में यह अब गहरे गड्ढों और कीचड़ से भरी हुई है, जिससे यह सड़क पूरी तरह से असुरक्षित हो गई है। वार्ड के निवासियों का कहना है कि सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं की गई, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क अब पैदल चलने योग्य भी नहीं बची है, और जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ भरे हिस्से हैं, जो वाहनों और पैदल चलने वालों दोनों के लिए मुसीबत का कारण बन चुके हैं। इसके अलावा, नालियां चॉक हो गई हैं, जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, और पूरे वार्ड में गंदगी फैल रही है। सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इस सड़क से गुजरते हैं, और उन्हें इस गंदे और खतरनाक सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। खासकर छात्राओं के लिए यह सड़क अत्यधिक कठिन हो गई है, क्योंकि इस पर चलने से उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं और गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने, नालियों की सफाई और सड़क पर बह रहे गंदे पानी को रोकने की अपील की है। उनका कहना है कि प्रशासन को शीघ्र कदम उठाने चाहिए ताकि बच्चों और अन्य नागरिकों को राहत मिल सके और सड़क फिर से उपयोग योग्य बन सके।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने उतरौला में किया नगर भ्रमण

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश की कानून व्यवस्था की सराहना करते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और मत्स्य विभाग के प्रमुख डॉ. संजय निषाद ने सोमवार को उतरौला नगर में प्रेस वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर है और जो लोग जहां जाना चाहते थे, वे वहां चले गए, यह प्रदेश की कानून व्यवस्था का ही परिणाम है। साथ ही उन्होंने मछुआ समुदाय की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। डॉ. संजय निषाद ने इस मौके पर निषाद समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, निषाद समाज को अपनी उपस्थिति जताने के लिए एकजुट होकर एक नेता, एक नारा और एक झंडा के नीचे आना पड़ेगा। हम सभी को वोटों के ठगों से बचना होगा और हमारी लड़ाई निषाद, केवट और मल्लाह समुदाय को अनुसूचित जाति के सदस्य के रूप में दर्जा दिलाने की है। मंत्री ने यह भी कहा कि निषाद समाज अब जाग चुका है और अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने प्रदेश में हो रहे तीव्र विकास कार्यों और



सरकारी योजनाओं के लाभ को बिना किसी भेदभाव के पात्रों तक पहुंचाने की बात भी की। सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाओं को लागू किया है ताकि हर किसी को उनका हक मिल सके। कैबिनेट मंत्री का कश्यप समाज द्वारा उत्थान और सम्मान देने के लिए स्वागत किया गया। बलरामपुर उतरौला तिराहे पर कश्यप समाज के प्रतिनिधियों ने फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। नगर भ्रमण के दौरान मंत्री के ऊपर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई, जिससे उनका स्वागत और भी भव्य हो गया। मंत्री ने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर अपनी संतुष्टि जाहिर की और यह सुनिश्चित किया कि निषाद समाज को उनके हक और अधिकार दिलवाने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## ठंड व कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** सर्द हवा की रफ्तार कम हुई लेकिन ठिठुरन बरकरार रही। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही।दोपहर में धूप निकली। जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली। न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



सोमवार की रात गलन तेज होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बसों के लेट होने से यात्री मुबारकमोड़ चौराहे पर इंतजार करते दिखे। सादुल्लानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड में फर्श पर चादर डालकर तीमारदार बैठे मिले। बस स्टॉप, हनुमानगढ़ी चौराहा, शिव शंकर चौराहा पर ठंड से परेशान लोग अलाव तापते पर नजर आए। मंगलवार की सुबह से ही कोहरा छाया रहा ।सड़क पर वाहन रेगंते हुए नजर आए।पूरा दिन धूप नही निकला, इससे लोगों को बहुत परेशानी मिली। सुबह शाम ठंड का असर ज्यादा होने से बुजुर्ग व बच्चों की मुश्किलें बढ़ गई है। मौसम में बदलाव के आसार हैं। उन्होंने कहा कि नर्सरी के पौधों व सब्जी वाली फसलों को पॉलिथीन या पुआल से ढक देना चाहिए। केला व पपीते की फसल में 10 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान होने पर वृद्धि प्रभावित होने लगती है और पौधे झूलसे हुए दिखाई देते हैं। पशुओं को ताजा व स्वच्छ पानी ही पिलाए।

**100 दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान**

## एचआरए इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे सौ दिवसीय विशेष टीबी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को उतरौला के एच आर ए इंटर कॉलेज में एक टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक अंसार अहमद खान की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को टीबी के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ रोग से पीड़ित लोगों को अस्पताल पहुंचाने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय



टीबी सघन अभियान का उद्देश्य जनमानस को टीबी के प्रति जागरूक करना और इसके प्रति समाज में ठोस कदम उठाना है। स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी (क्षय रोग) के लक्षण, उपचार और निदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, इस अभियान के अंतर्गत लोगों को टीबी से पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों में ले जाकर निशुल्क इलाज का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा टीबी पर आधारित प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही, हारेगा टीबी, जीतेगा भारत विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें टीबी उन्मूलन के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कालेज के प्रबंधक अंसार अहमद खान ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को निश्चय मित्र बनने की अपील की और टीबी रोगियों को गोद लेने तथा उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में सहयोग करना चाहिए। हैप्पी टू हेल्प संस्था के अध्यक्ष शहजाद अहमद ने टीबी के इलाज से संबंधित जानकारी साझा की और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसटीएस आशीष यादव, एसटीएलएस दिनेश भूषण तिवारी सहित कई अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चुनावी चर्चा हो सकता है केजरीवाल का पत्र

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल ने चुनाव के ऐनवक्त पहले दिल्ली में छात्रों को मेट्रो रेल किराए में फिफ्टी परसेंट की छूट दिए जाने की मांग कर केंद्र सरकार के सामने एक चुनावी पासा फेंक दिया है। जिसका असर दिल्ली चुनाव में खासकर युवाओं में दिख सकता है और उसका असर उनके अभिभावकों पर भी पड़ सकता है। इसके लिए केजरीवाल चुनाव के ऐन वक्त से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भेज भी चुके हैं। केजरीवाल ने मेट्रो में फिफ्टी परसेंट की रियायत देने की केंद्र सरकार से मांग की है जो दिल्ली चुनाव में एक मुद्दा बनेगा खासकर युवाओं में। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है कि दिल्ली मेट्रो में छात्रों को रियायत दी जाए, उन्होंने लिखा है कि स्कूल कॉलेज जाने के लिए दिल्ली के छात्र बड़े पैमाने पर मेट्रो पर निर्भर रहते हैं। उन्हें 50 फ़ीसदी की छूट दी जानी चाहिए, ताकि उन पर किराए का बोझ कम हो। तर्क देते हुए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी से यह भी कहा है कि दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के 50-50 अनुपात के लागत वाली परियोजना है। इसलिए छात्रों को इस प्रस्तावित रियायत को राज्य और केंद्र सरकार आधे-आधे दें। उन्होंने यह भी लिखा है कि वह छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह मुफ्त करने की योजना बना रहे हैं। आप की सरकार बनते ही इसे अमल में लाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 20 दिनों के भीतर ही 5 फरवरी 2025 को विधानसभा चुनाव है और 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। ऐसे में 10 बरस से अधिक से दिल्ली में सरकार चलाती आ रही आम आदमी पार्टी का मतदान के ठीक पहले यह प्रस्ताव नौजवान वोटरों और उनके परिवारों के लिए चुनावी रेवड़ी सारीका भी लग सकता है, किंतु दिल्ली विधान सभा चुनाव से परे, शहर से परे भी केजरीवाल के इस सोच पर चर्चा होनी है और अरविंद केजरीवाल ने इसके लिए एक रास्ता खोल दिया है। ज्ञात होना चाहिए देश में दर्जनों ऐसे शहर हैं जिनका विस्तार 20-25 किलोमीटर से अधिक हो चुका है और वहां पर लोगों की आवाजाही में बसों का बड़ा इस्तेमाल है, आज की तारीख़ में देश में करीब डेढ़ दर्जन शहरों में मेट्रो चल भी रही है और उन शहरों को इसका बड़ा सहारा है। मेट्रो और बस के बिना इन शहरों में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की आवाजाही की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे में केजरीवाल का अभी सामने रखा गया प्रस्ताव चाहे एक चुनावी शुगूफा क्यों न हो, इसे एक मुद्दा मानकर चुनाव के बाद भी देशभर में इस पर चर्चा हो सकती है। भारत को चूंकि अपनी आबादी को राशन और बिजली की रियायत सरीखी कई चीजें मुफ्त में देनी ही रहती हैं, अलग-अलग पार्टियों और अलग-अलग राज्य जनता को कई तरह की छूट दे रहे हैं। ऐसे में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बड़ी रियायत या पूरी रियायत क्यों नहीं दी जा सकती? भले ही आज की यह सलाह केजरीवाल की तरफ से आई हो लेकिन इस पर दिल्ली का चुनाव निपट जाने के बाद पूरे देश में एक चर्चा होनी चाहिए।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस : एक पराक्रमी योद्धा

रमेश सर्राफ धमोरा



**सुभाषचंद्र बोस जयंती (23 जनवरी) पर विशेष**

**चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली।**

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया क्जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनीं। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। खून भी एक-दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया।

**विचार**

# ट्रंप शासन के शुरुआती दौर में भारतीय रुपये में गिरावट का खतरा

अंजन रॉय



**संयुक्त राज्य अमेरिका में एक रूढ़िवादी निरंकुश शासन स्पष्ट रूप से आयात को प्रतिबंधित करेगा और इसके बजाय अमेरिकी मांगों को बाहर से आयात करने के बजाय घरेलू उत्पादित वस्तुओं पर निर्देशित करेगा। उम्मीद है कि इससे ट्रम्प के समर्थकों और उनके अनुयायियों द्वारा घोषित और प्राप्त की गयी तथाकथित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मगा) कार्य योजना - अमेरिका को फिर से महान बनाओ- को बहाल या हासिल किया जा सकेगा। हालांकि, अमेरिका और उसके व्यापार भागीदारों में जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, आयात को प्रतिबंधित करने वाले टैरिफअमेरिका के अंदर आपूर्ति दबाव पैदा करेंगे। जैसा कि अर्थशास्त्र के जाने-माने प्रोफेसरों में से एक बैरी आइचेन ग्रीन ने तर्क दिया है, संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विनिर्माण की कठोरता के कारण, अमेरिकी उपभोक्ताओं को घरेलू कमी को दूर करने के लिए आयातित वस्तुओं की ओर रुख करना होगा।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर में हाल ही में हुई अस्थिरता ने इस बात पर बहस को जन्म दिया है कि केंद्रीय बैंक को राष्ट्रीय मुद्रा के प्रगतिशील अवमूल्यन की स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। कुछ टिप्पणीकारों और रिपोर्टों के अनुसार, रुपया कुछ ही समय में 90 डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है।

भारत के अग्रणी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने रुपये-डॉलर की दरों में मौजूदा उतार-चढ़ाव को ट्रम्प टैंट्रम्स के रूप में वर्णित किया है, जो कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपने शानदार अध्यक्ष, बेनबर्नानके के तहत नीति सुधार चरण के दौरान पहले जो हुआ था, उसके संदर्भ में है। बर्नानके प्रभावशाली अर्थशास्त्रियों में से एक थे और 1930 के दशक की महामंदी पर उनके काम ने उन्हें 2008 के वैश्विक वित्तीय मंदी के बाद की स्थिति को संभालने के लिए एक विशेष उपकरण प्रदान किया। ऐसी स्थिति का सामना करते हुए जिसमें केंद्रीय बैंकर अर्थव्यवस्था के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए ब्याज दर भिन्नता जैसे मौद्रिक नीति साधनों का उपयोग करने में असमर्थ थे, प्रमुख केंद्रीय बैंकरों ने मात्रात्मक सहजता (क्यूई) के रूप में जाना जाने वाला उपाय शुरू किया था। इसमें वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद करके सिस्टम में अधिक तरलता जारी करना और इस प्रकार नये फंड डालना शामिल था। स्थिति स्थिर होने के बाद, क्यूई जारी रहा और फिर वह समय आया जब इन्हें रोकना पड़ा-अर्थात नीति उलटने का जमाना आया। बर्नानके ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से इस प्रक्रिया की शुरुआत की थी, जिसके कारण 2012-13 में वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल मच गयी थी। तब जो हुआ था, वह यह था कि नीतिगत रुख के उलट होने से उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) से धन का पलायन हुआ और वापस अमेरिका में आ गया। परिणामस्वरूप, ईएमई की मुद्राओं में एक तरह की गिरावट आई और विनिमय स्थिरता ने ईएमई को गंभीर रूप से प्रभावित किया। सबसे अधिक प्रभावित लोगों को एक नाम भी दिया गया था, फ्रैंजाइल फाइव। वित्त विशेषज्ञों के बीच उस चरण को टेपरटैंट्रम के रूप में जाना जाता था, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रणाली द्वारा बॉन्ड खरीद को कम किया गया था। नये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आर्थिक कार्रवाइयों की एक श्रृंखला का सुझाव देने के साथ, वित्तीय बाजारों द्वारा एक समान अस्थिरता प्रकट की जा रही है। यह स्पष्ट और स्पष्ट रूप से घबराहट है। डोनाल्ड ट्रम्प उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं, जिनके निर्यात बाजार अमेरिका में हैं। इस प्रकार, ट्रम्प कह रहे हैं कि वे केनडा, मैक्सिको और सबसे बढ़कर, चीन पर उनके उत्पादों पर टैरिफ लगायेंगे जो अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। ट्रम्प ने भारत को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने अक्सर भारत को टैरिफ किंग के रूप में वर्णित किया है, यह इंगित करते हुए कि भारत अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात पर टैरिफ लगाता है।ट्रम्प टैरिफ का उद्देश्य बाहर से आयात को सीमित करना है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में एक रूढ़िवादी निरंकुश शासन स्पष्ट रूप से आयात को प्रतिबंधित करेगा और इसके बजाय अमेरिकी मांगों को बाहर से आयात करने के बजाय घरेलू उत्पादित वस्तुओं पर निर्देशित करेगा। उम्मीद है कि इससे ट्रम्प के समर्थकों और उनके अनुयायियों द्वारा घोषित और प्राप्त की गयी तथाकथित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मगा)कार्य योजना - अमेरिका को फिर से महान बनाओ- को बहाल या हासिल किया जा सकेगा। हालांकि, अमेरिका और उसके व्यापार भागीदारों में जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, आयात को प्रतिबंधित करने वाले टैरिफ अमेरिका के अंदर आपूर्ति दबाव पैदा करेंगे। जैसा कि अर्थशास्त्र के जाने-माने प्रोफेसरों में से एक बैरी आइचेन ग्रीन ने तर्क दिया है, संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विनिर्माण की कठोरता के कारण, अमेरिकी उपभोक्ताओं को घरेलू कमी को दूर करने के लिए आयातित वस्तुओं की ओर रुख करना होगा। ऐसा होने के लिए, विदेशी उत्पादों को खरीदना अभी भी सस्ता बनाने के लिए अमेरिकी डॉलर को मजबूत करना होगा। इस प्रकार, ऐसा प्रतीत होता है कि अल्पावधि में, अमेरिकी डॉलर में वृद्धि के लिए भारी दबाव आयेगा। व्यापारिक साझेदारों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पहले से ही, कई प्रतिस्पर्धी मुद्राएं, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीनी मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले निचले स्तर दिखाये हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ अमेरिका की नयी वास्तविकताओं के लिए इस तरह के वैश्विक समायोजन की स्थिति में, भारतीय वित्तीय क्षेत्र को नई वास्तविकताओं के मद्देनजर समायोजित करने के लिए बहुत सतर्क दृष्टिकोण अपनाना समझदारी होगी।

## खो-खो के सरताज

ब्रिटिश काल में भारत में तमाम ऐसे खेल पनपे जिन्होंने परंपरागत स्वदेशी खेलों को हाशिये पर डाल दिया। एक ओर जहां महंगे खर्च वाले खेलों को तरजीह दी गई, वहीं बिना खर्च के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने वाले खेलों के प्रति हेय भाव जगाया। यही वजह है कि बाजार के खेल में हॉकी, शरीर सौष्ठव के कलात्मक खेल व खो-खो जैसा संपूर्णता का स्वास्थ्य देने वाला खेल अनदेखी का शिकार हुए। यह सुखद ही है कि भारत में पहली बार दुनिया में खो-खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पिछले दिनों पंद्रह जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो-खो वर्ल्ड कप की शुरुआत हुई थी। जिसका समापन उन्नीस जनवरी को हुआ। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से जिस विजय अभियान की शुरुआत की थी, उसका समापन नेपाल के खिलाफ शानदार जीत से हुआ। इस तरह अब भारत महिला व पुरुष वर्ग में पहली वर्ल्ड चौंपियन टीम बन गई है। रविवार को हुए फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चौंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चौंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो-खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो-खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चौंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था। निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो-खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम-साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता।

इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो-खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो-खो भारत में खेला जाने वाला ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये न केवल रणनीति की जरूरत होती है बल्कि मनुष्य के आदर्श गुणों चुस्ती-फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो-खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला। बाकायदा इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिये सलमान खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। अब विश्व कप के आयोजन से इसकी वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। खो-खो फेडरेशन की कोशिश है कि आने वाले वर्षों में इसे एशियाड व ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाए। इस अभियान में सलमान खान के साथ खेल सितारे नीरज चोपड़ा का भी सहयोग मिला है। निस्संदेह, इस खेल को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हालिया विश्वकप की बड़ी भूमिका हो सकती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि आने वाले वर्षों में भारत की मिट्टी से जुड़ा यह खेल वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करेगा। जरूरत इस बात की है कि इस खेल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से दिया जाए। खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक शक्ति को मजबूत करने के लिये पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी विश्व कप, साउथ एशियन गेम्स तथा एशियन चौंपियनशिप में मिली कामयाबी को भारतीय खिलाड़ी भविष्य में होने वाले एशियाड और ओलंपिक के मुकाबलों में दोहरा सकेंगे। भारतीय माटी से जुड़े इस खेल के लिये खिलाड़ियों की तलाश देश के आदिवासी, दूरदराज के क्षेत्रों व पर्वतीय इलाकों में की जाए।



## राशिफल

**मेषः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**बृषभः**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुनः**- सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्क** : विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः**- नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**कन्याः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**मकरः**- भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी।

**कुंभः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीनः**-अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

# डॉक्टर-कंपनियों का कपट जाल : दवा की कीमत में उछाल

प्रियंका सौरभ

**दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदल कर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदल कर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं। फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ दवाएँ बनाने के लिए तैयार हो जाती हैं, बल्कि मनमानी कीमत तय कर देती हैं। तभी तो देशभर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे हैं।**

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं, कीमतें फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज उदाहरण है, तमाम दवाइयों में ऐसा किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के करीब पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार दवाओं की कीमतें डॉक्टर नहीं बल्कि दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को खासा मुनाफा होता है।

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए। दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है।

मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है। सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंतर्गत लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है लेकिन सैकड़ों फॉर्मूले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआरपी में मनमानी चल रही है।

दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदल कर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदल कर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं।

फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ दवाएँ बनाने के लिए तैयार हो जाती हैं, बल्कि मनमानी कीमत तय कर देती हैं। तभी तो देशभर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे हैं। डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है।

अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं। सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है। ये गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं। नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए।

इसलिए क्योंकि दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फार्मेसी को चुनते हैं। यही नहीं, दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाएं कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे, चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपये का इंजेक्शन बारह सौ में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फार्मेसी के अलावा सुपरमार्केट और कियोस्क जैसी अन्य दुकानों में बेची जा सकती हैं, उनकी भी कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार की तरफ से हो। ये कीमतें पूरी तरह स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं इसलिए ग्राहक को एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम ने आरईएस के सहायक अभियंता का रोका वेतन

**ब्लाक मैनेजरों को किया जाय बर्खास्त, डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग विकास कार्यो के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। एनआरएलएम विभाग द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी लाई जाए तथा विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ब्लॉक मिशन मैनेजरों को सेवा से बर्खास्त किया जाए। विभागीय कार्यों में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाए। गौवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में डाटा फीडिंग का कार्य सबसे महत्वपूर्ण है अतः डाटा फीडिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान सीडीओ चन्द्र शेखर शुक्ला प्रभागीय वनाधिकारी परियोजना निदेशक साधना दीक्षित उपायुक्त एनआरएलएम समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# महानिदेशक ने डीसी व वार्डेन के विवाद की गेंद डीएम के पाले में डालते हुये एक सप्ताह के अंदर मांगी रिपोर्ट

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**महानिदेशक ने वार्डेन के पति के विद्यालय में रुकने के सबूत देखकर जतायी नाराजगी, मामला फिर से गर्माया, निदेशक ने कहा- बालिका सुरक्षा को देखते हुये तत्कालीन वार्डेन व अन्य स्टाफ के खिलाफ की जाये कड़ी कार्रवाई**

एक माह पहले कस्तूरवा गांधी आवासीय वालिका विद्यालय सरीला में वार्डेन व जिला समन्वयक (डीसी) के मध्य हुये विवाद के मामले को स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने डीएम के पाले मे गेंद डालते हुये बीएसए से एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट भेजने को कहा है। परियोजना निदेशक ने बीएसए से कहा है कि मामला गंभीर है।बालिका सुरक्षा को लेकर मामले को जिलाधिकारी हमीरपुर के संज्ञान में डालते हुये तत्कालीन वार्डेन व अन्य स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हे अवगत कराया जाये।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों आवासीय विद्यालय में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा(डीसी) अमंत सिंह व वार्डेन कुमकुम गोयल के वीच जमकर विवाद हुआ था डीसी का आरोप है कि वार्डेन के पति विद्यालय में रहते है जो गैरकानूनी है वहा पर किसी भी व्यक्ति के रहने की अनुमति नही है जबकि वार्डेन का कहना है कि उनके पति केवल विद्यालय में उनके लिये दवा लेकर आये थे इसके बाद वह कभी नहीं आये है। वार्डेन का कहना है कि डीसी अमंत कुमार ने उनका मानसिक शोषण व शारीरिक शोषण करने की चेष्टा की है। इस मामले में भाजपा राठ की विधायक मनीषा अनुरागी ने वार्डेन कुमकुम गोयल के पक्ष में जिलाधिकारी को पत्र लिखा था और डीसी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा था। हालाकि डीसी ने वार्डेन के पति के विद्यालय में रात्रि निवास व शादी की साल गिरह मनाने, सब्जी काटने के प्रमाण भी बीएसए को सौपे थे, लिहाजा बीएसए ने वार्डेन को हटाकर वहा का चार्ज वरिष्ठ शिक्षिका दीपिका सचान को दे दिया था। वार्डेन ने इस मामले की शिकायत सीएम से लेकर सभी उच्चाधिकारियों से की थी, स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुये बीएसए आलोक सिंह से कहा है कि वार्डेन के पति द्वारा विद्यालय में रुकना नियमों का उल्लंघन है। कुमकुम गोयल को फुलटाइम टीचर व वार्डेन के प्रभार से हटाना पर्याप्त नहीं है। इस मामले में जिलाधिकारी घनश्याम मीना से मामले को बताते हुये कुमकुम गोयल व अन्य स्टाफ के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई करते हुये एक सप्ताह के अंदर उन्हे अवगत कराया जाये, महानिदेशक ने इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी व सीडीओ को भी दे दी है। मामला फिर से चर्चा में आने से जांच पडताल शुरु कर दी गयी है। यह मामला पहले ही जिले में चर्चा का विषय बन चुका है।

## खबरें एक नजर में

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर, इलाज के दौरान मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम निवादा निवासी ओमप्रकाश तिवारी ने पुलिस को बताया कि बीते 18 जनवरी को शाम में ऊसका पुत्र सौरभ तिवारी अपने रिश्तेदार के साथ बाईक से निकला था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए छानी और फिर जिला अस्पताल के बाद कानपुर के रीजेंसी अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** परिजनों के साथ घर में सो रही किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई जिसपर परिजनों ने एक युवक पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है, सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम खदरा डेरा निवासी रामरूप ने थाने में बताया कि बीते 17 जनवरी को रात में उसकी नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी लेकिन तभी से रहस्यमय तरीक़े से गायब हो गई जिसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जानकारी प्राप्त हुई है कि भुलसी निवासी आशीष उसकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विद्युत पोल से कभी भी हो सकती है दुर्घटना



**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के मनकी तिराहा के आगे हाइवे किनारे लगे विद्युत पोल के टूट जाने से झुक गया है। जिसको ठीक नहीं किया जा रहा है। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। विद्युत विभाग की लापरवाही कई माह से टूटा विद्युत पोल तार के सहारे लटका हुआ है। यह विद्युत लाइन मनकी तिराहा से सरसई गांव तक हमीरपुर कालपी हाइवे किनारे नई विद्युत लाइन डाली गई है। डामर कुरारा के बीच चार माह पहले एक ट्रक ने टक्कर मार कर विद्युत पोलको तोड़ दिया था। वह पोल भी नही बदला गया है। क्षति ग्रस्त विद्युत पोल को विद्युत विभाग की लापरवाही से अभी तक टूटे पोल नही बदले गए है। इस मामले की जानकारी कई मर्तवा विद्युत विभाग को दी गयी है मगर उस पर कोई कार्यवाही नही हुई है।

### नकदी समेत पुलिस ने आठ जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के निर्नी गांव के पास यमुना नदी किनारे ताश के पत्तो में हार जीत की बाजी लगा रहे आठ जुआडियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे रघुराज सिंह पुत्र लालदीवान निवासी ग्राम जनतपुरा कुठौंद जनपद जालौन मनोज कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम ददरी थाना कुरारा तथा श्यामू पुत्र गंगवा गौतम पुत्र मातादीन कमलेश पुत्र मातादीन निवासी गण कटरी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर देहातए रामकरण पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी बिलौटा बीर सिंह पुत्र रमेश व अंकित पुत्र राम सिंह निवासी गण बरुआ थाना कुरारा को मौके से गिरफ्तार कर दर्ज किया गया है। माल फड़ से 11550 रुपया व जामा तलाशी से 1640 रुपया कुल 13190 रुपया व ताश के 52 पत्ते बरामद किए। गिरफ्तार करने में चौकी इंचार्ज हरौली पुर राजेंद्र प्रसाद सिंह, उपनिरीक्षक रिंकू तिवारी कांस्टेबल ओमकरन कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, सौरभ सिंह, जसपाल, शिवांक पटेल आदि रहे। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा 2025**

# फर्स्ट एटेम्पट में पास कर डॉ अंकुश महान ने बढ़ाया बुन्देखण्ड का गौरव

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विदेश से डॉक्टर की पढ़ाई करके हर छात्र मेडिकल विभाग के अपनी डिग्री पास करने के लिए एमबीबीएस के बाद भारतीय कॉउन्सिल ऑफ मेडिकल की परीक्षा देनी पड़ती है जिसमे कई बार छात्रों को मौका दियाजाता है।

गौरतलब हो कि बुंदेलखंड के महोबा जनपद के पनवाड़ी निवासी अंकुश महान ने एम सी आई कि परीक्षा फर्स्ट अटेम्ट में पास कर अपने घर एवम क्षेत्र का मान बढ़ाया है जनवरी माह में बारह तारीक को यह देश में एक परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमे विविध राज्यो के छात्र परीक्षा देते हैं। जिसमें डॉ. अंकुश महान पुत्र डॉ. अजय विक्रम सिंह महान ने इस परीक्षा को पास कर अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया हैं दिनांक 19 को आया परिणाम जिसमें 300 में 197अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गौरव हासिल किया जिसमें क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई घर मे बधाई देने वाले लोगों में परिवारी जन जनप्रतिनिधियों ने सभी ने बधाई दी जब छात्र डॉ. अंकुश महान से मीडिया ने जाना तो उन्होंने अपने पिता डॉ. अजय विक्रम महान एवं दादा जय पाल सिंह महान को उनके सही दिशा निर्देशन में सफलता प्राप्त करने का क्रेडिट दिया।

# कीटनाशक दवा के दो कंपनियों के निर्माताओं को कोर्ट ने किया फरार घोषित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बत्तीस साल पहले कीटनाशक का फेल हुये सैंपल में कोर्ट में कोई पैरवी न करने पर कीटनाशक दवा की दो कंपनियों के निर्माता को सीजेएम कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। इसी मामले में एक अभियुक्त की मुकदमा दौरान मृत्यु हो चुकी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रेश कुमार गौतम ने मंगलवार को बताया कि वर्ष 1993 में कीटनाशक दवा का सैंपल जांच में फेल पाया गया था उसी दौरान जिला प्रबंधक पीसीएफ महोबा, मौहर सिंह भंडारनायक पीसीएफ महोबा, प्रोजेकेवीएम आनंद इंडस्ट्रियल स्टेट गाजियाबाद, एसएन केमिकल्स इंडस्ट्रीज एमका हाउस अंसारी रोड नयी दिल्ली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी जिसमें मुकदमा दौरान पीसीएफ महोबा की मृत्यु हो चुकी है और मौहर सिंह ने जुर्म कबूल करने के बाद उनका मुकदमा निस्तारित किया जा चुका है। अन्य अभियुक्त जेकेवीएम व एसएन के मिकल्स इंडस्ट्रीज वीएमका हाउस नई दिल्ली के बारे में कई मर्तवा पत्राचार किया गया। मगर कृषि भवन लखनऊ से भी इस मामले का कोई जबाव नहीं आया। यही नहीं तत्कालीन पीसीएफमैनेजर द्वारा इस मामले में कोई जबाव नहीं दिया इसलिये इसक कोई पता नही चल सका है। लिहाजा इस कंपनी के दोनों निर्माताओं को सीजेएम निहारिका जायसवाल की कोर्ट ने आज फरार घोषित कर दिया गया है। पीपीओ का कहना है कि यदि दोनो कंपनियों के यदि कोई भी उत्पाद बाजार में आये तो जिला कृषि रक्षा अधिकारी को अवगत कराये ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# खनिज इंस्पेक्टर व हमराही कर्मचारियों पर ट्रक मालिक व गुर्गों ने हमलाकर किया गंभीर घायल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**ट्रकों के जरिए बिना रॉयल्टी मौरंग की निकासी करते आनलाइन चालान करने पर किया हमला**

थाना जलालपुर के धौहल में अवैध रूप से मौरंग की हो रही अवैध निकासी को लेकर हो रही चेकिंग से नाराज ट्रक मालिकों ने खनिज इंस्पेक्टर और उसके हमराही होमगार्ड तथा वाहन चालक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में चार लोगों को नामजद करते हुए तीन-चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अवैध तरीके से मौरंग की ढुलाई करने ट्रक मालिक द्वारा करीब दो माह पूर्व खनिज अधिकारी पर मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई का आरोप लगाया गया था।

खनिज विभाग के इंस्पेक्टर पंकज कुमार सोमवार की रात होमगार्ड रामगोपाल व चालक सानू के साथ थाना जलालपुर के धौहल गांव में सड़क किनारे ईंट भट्ठे के पास कच्चे मार्ग वाहन खड़ा कर मौरंग लगे ट्रकों की चेकिंग कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने थाना बिवांर क्षेत्र में वाहन संख्या यूपी 78 डीटी 9889, यूपी 91टी6969, यूपी 78 एफटी 3125 ट्रकों को बिना वैध प्रपत्र के मौरंग का परिवहन करते पाए जाने पर आनलाइन चालान किया था। इस कार्रवाई से नाराज एमटीसी कंपनी के संचालक ट्रक मालिक महेश शर्मा रात करीब 12.50 बजे थाना जलालपुर के ग्राम धौहल में ईट भट्ठे के पास कच्चे मार्ग पर चेकिंग टीम के पास पहुंचे। खनिज इंस्पेक्टर ने पुलिस को बताया कि मौके पर खड़े वाहनों को चेक करते समय कुछ ट्रांसपोर्टर वाहन संख्या यूपी 91 यू 7799, यूपी 91 डब्लू 7799 व अन्य दो-तीन वाहनों से मौके पर आ धमके। जिसमें महेश शर्मा व उसके भतीजे शीलू, विपिन शर्मा व सुनित अवस्थी व 3-4 व्यक्ति अज्ञात लोगों ने उनके व हमराही कर्मचारियों के साथ एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा, सरिया व राड से हमलाकर गंभीर चोट पहुंचाई वहीं उनका गला दबा दिया। जिससे उनकी सांस अवरुद्ध हो गई। हमराही कर्मचारी होमगार्ड रामगोपाल की वर्दी फाड़ डाली। चालक सानू के नाक व मुंह में गंभीर चोट आई। वाहन यूपी 32 पीडी 4351 को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। खान निरीक्षक पंकज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने धारा 191(2)/191 (3)/131/ 352/ 109 (1) /115 (2) /324 (3)/ 121 (1)/ 118(2)/ 132 बीएनएस बनाम महेश शर्मा, शीलू, विपिन शर्मा, सुनित अवस्थी और तीन-चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# बड़खेरा माइनर खुलवाने हेतु प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत ने दिया डीएम को प्रार्थना पत्र

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद महोबा के विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगरौल कला में पंचायत की बैठक हुई जिसमें उपस्थित गांव के किसान सम्भ्रांत नागरिक व आसपास के किसानों ने ग्राम प्रधान मंगरौल कला अभिषेक रावत से अपनी समस्या बताते हुए कहा कि इस समय फसले सूखने की कगार पर हैं क्योंकि मझगवां बांध का बड़खेरा माइनर बंद चल रहा है उपस्थित किसानों की समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत ने बड़खेरा माइनर खुलवाने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर माइनर खुलवाने की मांग की गई।

पंचायत की बैठक में बड़खेरा ग्राम प्रधान ओमप्रकाश राजपूत, उत्तम सिंह राजपूत, शिवराम, घनश्याम, रामदास, रामदेवी, राधाचरण सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन के निरीक्षण से घबराये अभियंताओं ने जर्जर नहर में छोड़ा पानी, हजारों बीघा फसल डूबी

**किसानों की लाखों की फसल हुई नष्ट, अभियंताओं की लापरवाही का नतीजा भोग रहे हैं किसान**

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



दबाव में अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा नहर डॉ. हीरालाल (आईएएस) के निरीक्षण से घबराये सिचाई विभाग के अभियंताओं ने अर्जुन सहायक परियोजना से संचालित जर्जर नहर में पानी छोड़ते ही बैजेमऊ व भुलसी गांवों में दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा में खड़ी फसल जलमग्न हो गयी है। जिससे कि किसानों में हाहाकार मचा है। पीड़ित किसानों ने बताया है कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक नहर में पानी छोड़ने से उनके ऊपर आफत बरस पड़ी है और खेत तालाब बने गये हैं। फसलें जलमग्न हो गयी हैं। चारों ओर हाहाकार मचा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। करोड़ो रुपये लागत से बनी अर्जुन सहायक परियोजना की नहर एक माह पहले पानी छोड़ते ही ध्वस्त हो गयी थी, जिसकी मरम्मत ही चल रही थी कि कल प्रशासक हीरालाल का औचक निरीक्षण आ जाने से सिचाई विभाग के कर्मियों ने उसी जर्जर नहर में फिर से पानी छोड दिया जिससे नहर जवाब दे गयी और किसानो की फसले नष्ट हो गयी। गांव के प्रदीप सिंह की सात बीघा में कोई गई मसूर दीनदयाल सिंह की चार बीघा सरसों, शिवकुमार सिंह की 25 बीघा मसूर, पुष्पराज सिंह का 12 बीघा चना गेहूं मसूर, रोशन सिंह का 7 बीघा चना, ब्रह्मप्रसाद बुढ़ई का दो बीघा मसूर, बैरागी साहू का तीन बीघा चना, अवधेश सिंह का 5 बीघा गेहूं, शिवमंगल सिंह का 10 बीघा मसूर, राजेश सिंह का 10 बीघा मसूर गेहूं, बृजेंद्र सिंह का 10 बीघा मसूर, गेहूं, बड़कू सिंह का 5 बीघा मसूर, सरसों, छुटकू सिंह का 5 बीघा मसूर, सरसों, राकेश सिंह का 6 बीघा गेहूं, मसूर, जितेंद्र सिंह का 6 बीघा गेहूं, मसूर, इंद्रजीत सिंह का 6 बीघा गेहूं, मसूर,चना, बारे लाल निवासी बुढ़ई का बीघा 10 गेहूं मसूर सहित आधा सैकड़ा से अधिक किसानों के सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न हैं। जिनमें उनकी सालभर की कमाई और मेहनत पर सिंचाई विभाग की मनमानी और बड़ी लापरवाही से तबाही मच गई है। वहीं जब इस संबंध में इन पीड़ित किसानों ने जब विभागीय जेई से बात की उसका कहना था कि किसान स्वयं अपने खेतों से पानी निकालने की व्यवस्था करें। इसी प्रकार भुलसी के दर्जनों किसानों ने भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# भटुरी दंगल में अयोध्या के छोटालाठी बाबा ने राजस्थान के बादल को हराया

**भटुरी के दंगल में पहलवानों ने दिखाये दांव पेंच, महिला पहलवानों की कुश्ती रही रोचक**

**मौदहा(हमीरपुर)।** विकास खण्ड के ग्राम भटुरी में गनपतिगिरी महाराज की स्मृति में विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विपिन पाण्डेय ने अयोध्या के श्यामसुन्दर दास पहलवान व लकी राजस्थान से आये पहलवानों को हाथ मिलवाकर दंगल शुभारम्भ कराया दंगल में बजरंगी अयोध्या ने राजस्थान को पटकनी दी हरियाणा के आकाश ने नेपाल के राजेंद्र को शीलू मथुरा ने पंजाब के शेरा को विवेक हरियाणा को मथुरा के राजेश हमीरपुर के हुकुम सिंह मथुरा व माधव पहलवान कि कुश्ती बराबर रही साई हरियाणा ने सन्नी रोहतक को धर्मवीर दिल्ली ने गोलू को वही महिला पहलवान कोमल दिल्ली व काजल बाँदा के बीच रोचक कुश्ती रही। वही अंतिम कुश्ती अयोध्या हनुमानगढ़ से आये बाबा छोटालाठी व राजस्थान से आये बादल के बीच हुई जिसमे बाबा ने बाजी मारी इस प्रकार दस दर्जन दे भी अधिक पहलवानों ने अपने दाँव-पेंच दिखाए। आयोजक दिनेशकुमार प्रधान ने कहा की आज की युवा पीढ़ी नशा की ओर जा रही हैं। पहले सयुक्त परिवार होते थे तो प्रत्येक घर में एक पहलवान हुआ करते थे लेकिन अब एकाकी परिवारों में युवाओं में अपना भविष्य चुनने की क्षमता नहीं हैं। ऐसा नहीं हैं हमारे देश में आज भी प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं सिर्फ उन्हें रास्ता दिखने की जरूत हैं।

# चरखारी में श्रीराम कथा का भव्य समापन

**विशाल भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़, एमएलसी समेत सैकड़ों ने ग्रहण किया प्रसाद**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महोबा जनपद के चरखारी कस्बे में आयोजित श्रीराम कथा का भव्य समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। प्रसिद्ध कथावाचक मानस मर्मज्ञ पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज द्वारा आयोजित इस कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा के साथ विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया। समापन समारोह में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। चरखारी कस्बे के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और जिले से बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बुजुर्ग भक्तजन कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल जयश्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा समाप्ति के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे का आयोजन देर शाम तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ग्राम पंचायत बुडेरा में प्रधान ने गरीबों को वितरण किए कंबल

**लगभग आधा सैकड़ा के करीब गरीबों में बांटें कंबल**

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



बुन्देलखण्ड के महोबा जिले के तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के विकास खंड पनवाड़ी के ग्राम पंचायत बुडेरा में जारी शीत लहर ओर ठंड से गांव के ग़रीब बुजुर्गों को राहत देने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब आधा सैकडा से अधिक गरीब बुजुर्ग महिलाओं, वृद्धजनों को कंबल वितरित किये गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास के हाथों कंबल मिलते ही गरीबों में ठंड से कुछ राहत मिलने की आस जाग गई है । तो वही ग्राम प्रधान ने अन्य ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से ऐसी पहल करने की अपील की है ।

जनपद महोबा के विकास खंड पनवाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत बुडेरा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास ने बताया कुछ दिनों से अत्यधिक सर्दी पड़ रही है। ग्राम पंचायत की मीटिंग के दौरान मैंने देखा की कुछ गरीबों को इस ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण करने की आवश्यकता है। गरीबों की मदद करने के उद्देश्य को लेकर मैंने करीब गांव के एक सैकड़ा लोगों की सूची बनाकर आज करीब 70 से अधिक कंबल वितरित किए हैं। अन्य जो गरीब वृद्ध जन माता आज नहीं आ सकी है। उन्हें आगामी दिनों के अंदर कंबल वितरित किए जाएंगे। इस दौरान कंबल पाने वाले लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। एक बुजुर्ग ने ग्राम प्रधान को आशीर्वाद देते नजर आए ।

# रोजगार मेले में 114 अभ्यर्थियों का चयन

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत उप्र कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड हैदरगढ़ के परिसर में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई/डिप्लोमा, स्नातक / परास्नातक एवं कौशल विकास मिशन से उत्तीर्ण योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया मेले में निजी क्षेत्र की कुल 12 कम्पनियों ने रोजगार मेले में साक्षात्कार के माध्यम से तकनीकी / गैर तकनीकी पदों के लिए कुल 402 अभ्यर्थियों में से 114 का चयन किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित संजीव कुमार गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी हैदरगढ़ द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उक्त कार्यक्रम में गौरव सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवाबगंज, सुग्रीव चन्द्रा अनुदेशक सेवायोजन विभाग बाराबंकी, अखिलेश वर्मा,प्रीतम सिंह, आशुतोष यादव अनुदेशक बाराबंकी,



कृष्ण कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अंजेश शुक्ला एमआईएस मैनेजर, बृजेश कुमार एमआईएस प्रबन्धक, उप्र कौशल विकास मिशन एवं अन्य कर्मचारीगण मेले में उपस्थित रहे।

इस मेले में स्टार ग्रुप ऑफ मैनापॉवर सर्विसेज, एनजेडी इण्टरप्राइजेज, सिस्का इलैक्ट्रीकल्स एण्ड मैनेजमेण्ट इण्टरप्राइजेज, ब्राइटफ्यूचर आर्गेनिक हर्बल आयुर्वेदिक प्रालि, बुसा नैचुरल्स, निमसन हर्बल, एलएनजे स्किल एण्ड टेक्नोलॉजी, नारायण सिक्योरिटी एजेन्सी, सुजलान एनर्जी, शिवशक्ति एग्रीटेक लि., इन्स्टा ह्यूमन मैनेजमेण्ट प्रालि एवं श्री गनेशा कन्सलटेण्ट एण्ड मैनपॉवर सर्विसेज आदि कम्पनियों ने हिस्सा लिया।

**20 दिन बीते, हमलावरों पर कार्रवाई नहीं**

# पुलिस पीड़ित पक्ष पर भी मुकदमा लिखने की कह रही बात

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

मकान बंटवारे का विरोध करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। विरोधियों ने मिलकर लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना के 20 दिन बीतने के बाद भी अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई हे। विरोधी पक्ष पीड़ितों को धमका भी रहे हैं। जिससे पीड़ित काफी परेशान हैं। सतरिख थाना क्षेत्र के मनेरा गांव निवासी राहुल का आरोप है कि बीती एक जनवरी को परिवार के ही रामसमुझ, कौशल, संजय व दिनेश आदि लोग मकान बंटवारे को लेकर गलियां दे रहे थे। जिसका राहुल ने विरोध किया तो लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर दिया।

जिसमें पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा तो दर्ज किया, लेकिन घटना के लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि पीड़ित पक्ष का कहना है कि दोषियों के दबाव में पुलिस उन्हीं के खिलाफ मुकदमा लिखने की बात कर रही है। जिससे पीड़ित काफी परेशान है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि मामले में जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनसमस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण: शशांक त्रिपाठी



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विभिन्न अखबारों व चैनलों के प्रतिनिधियों के साथ पत्रकार वार्ता की। जिलाधिकारी ने अपना परिचय देते हुए सभी पत्रकार व छायाकार बंधुओ से परिचय प्राप्त किया। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा नवागत जिलाधिकारी को जिले के विभिन्न मुद्दे, शहर के विभिन्न चौराहों पर होने वाली जाम की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, सहित कई महत्त्वपूर्ण बिंदुओं से नवागत जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रत्नेश कुमार ने पत्रकारों की ओर से जिलाधिकारी से बीते सोमवार को दिवंगत हुए वरिष्ठ पत्रकार मो अतहर के आश्रितों को अहेतुक सहायता दिलाने की मांग की। अंत में दिवंगत पंजाब केशरी के वरिष्ठ पत्रकार स्व. मोहम्मद अतहर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुछ क्षणों का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## प्रधान प्रतिनिधि ने किया समरसता भोज आयोजित

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत बहुता गांव में आज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/आरएसएस खंड सेवा प्रमुख त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के अयोध्या सह विभाग के डॉ वीरेंद्र ने हिस्सा लिया। डॉ वीरेंद्र ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि भारत देश को एक खुशहाल शांतिपूर्ण समृद्ध और मजबूत राष्ट्र बनाने में हिन्दू समाज की बड़ी भूमिका है।समाज के सभी वर्गों में व्यक्तियों और कुटुंबों की मित्रता होनी चाहिए. वहां रहने वाले सभी प्रकार के रहने वालों में मेरी मित्रता होनी चाहिए।

# सपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का किया जोरदार स्वागत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा हाल ही मे जैसीराम यादव को रामनगर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर मंगलवार को मसौली चौराहा स्थित एडवोकेट रोहित यादव के चैंबर मे विधायक हाजी फ़रीद महफूज किदवाई ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ से रूबरू होते हुए सपा विधायक हाजी फ़रीद महफूज किदवाई ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एव प्रदेश श्यामलाल पाल ने व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त सपा विधानसभा अध्यक्ष जैसीराम यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी है हम उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे एवं पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार में छात्र, किसान , नवजवान सभी हताश व परेशान है और पूर्ववती अखिलेश सरकार की लोग राह देख रहे है। वर्ष 2027 में जुल्मी सरकार का मुकाबला अखिलेश यादव की सरकार के बीच मे होगा और जनता ने पूरा मन बना लिया है कि इस बार सपा की ही सरकार बनेगी।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा, राममूर्ति यादव, एडॉकेट रोहित यादव, राकेश प्रधान, मास्टर राम नरेश, अशोक वर्मा, जुहैब किदवई, संदीप यादव, अशोक यादव, राम सिंह, लल्ला यादव, सरवन रावत, मो गयूर आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत समाधान कैम्प में बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**मसौली, बाराबंकी।** विद्युत उपखण्ड अधिकारी अभिषेक कुमार मल्ल एवं अवर अभियंता लालजी सिंह के नेतृत्व में ग्राम सैदनपुर में विद्युत समाधान कैम्प का आयोजन किया गया तथा विद्युत बकाया चेकिंग अभियान में लगभग 62 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए तथा 20 नेवर पेड उपभोक्ताओं से उनका बिल जमा करवाया गया एवं 06 बड़े बकायादारों के मीटर उतार कर फ़ोर्स पीडी में भेजा गया। विद्युत विभाग की इस बड़ी कार्यवाही से बक़ायेदारों मे हड़कंप मच गया है कैम्प में लगभग 41 उपभोक्ता ने अपने बकाये का ओटीएस पंजीकरण करवा के भुगतान किया। विद्युत विभाग ने इस अभियान में लगभग चार लाख रुपये की राजस्व वसूली करवायी। अभियान में मोहम्मद अफ़ज़ाल रहबर अंसारी, बृजेश कुमार, मनोज लाइनमैन, मो दानिश, मो कैफ, फ़ैयाज़, रीडर साजिद, रोहित, आदित्य आदि मौजूद रहे।

# नारायन कालेज में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें ब्लाक स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन एवं समूह गायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. श्रेता तिवारी निदेशिका नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सम्मानित अतिथि पूनम शर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड



आर्ट्स, आयोजनकर्ता-मोहित सिंह (पर्यटन अधिकारी, जिला पर्यटन एवं संस्क्रति परिषद, इटावा), मनोज (गायक) एवं राजीव कुमार (सांस्कृतिक कार्यक्रम विशलेषक) के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात एकल नृत्य प्रतिभागियों ने मंच पर विभिन्न मुद्राओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्रा नैना शुक्ला कक्षा-5 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक ज्ञान छात्र/छात्राओं को अपनी धरोहर से जोड़े रखने का अच्छा माध्यम होता है। भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न संस्कृतियों की अतुल्य धरोहर को नृत्य एवं गायन के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का आभार व्यक्त करते हुये डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके प्रशिक्षकों को शुभकामनायें दीं।नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की निदेशिका डॉ. श्रेता तिवारी ने कहा कि नृत्य कला कौशल का एक बहुत ही पवित्र हिस्सा है। नृत्य के द्वारा बिना बोले ही किसी कहानी या अपनी बात को प्रदर्शित किया जा सकता है। विजेता प्रतिभागियों का चयन मण्डल स्तीय प्रतियोगिता के लिये हुआ जिसका आयोजन कानपुर में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप यादव, नृत्य प्रशिक्षक, कृष्णकान्त संगीत प्रशिक्षक, रिंकी शुक्ला निर्णायक समिति की सदस्या, निशा पाण्डेय एवं नेहा चौहान का विशेष योगदान रहा।

# जर्जर पुलिया के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

असंद्रा -पठकन पुरवा मार्ग पर स्थित चुन्नू का पुरवा गांव के निकट जर्जर पुलिया की मरम्मत का कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। असंद्रा - पठकन पुरवा मार्ग पर चुन्नू का पुरवा मजरे जरौली गांव के निकट स्थित नाला पर दशकों पूर्व इस पुलिया का निर्माण कराया गया था ।इसी पुलिया से होकर छोटे बड़े सभी वाहन गुजरते थे। बीते वर्ष राज्यमंत्री सतीश शर्मा के प्रयासों से यातायात की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया गया था। मार्ग चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद भी सड़क के बीचोबीच स्थित दशकों पुरानी इस पुलिया की मरम्मत नहीं हो पाई थी। पुलिया की मरम्मत के संबंध में बीते दिनों क्षेत्रीय लोग राज्यमंत्री से मिले थे ।राज्यमंत्री श्री शर्मा ने आए हुए लोगों को जल्द ही कार्य शुरू होने का आश्वासन दिया था।स् थानीय निवासी सहजराम रावत , प्रदीप कुमार , धर्मराज और विनोद कुमार ने बताया कि पुलिया काफी पुरानी व संकरी थी ।राज्यमंत्री के प्रयासों से मार्ग चौड़ा हुआ है और अब इस पुलिया की मरम्मत का कार्य भी शुरू हो गया है। ठेकेदार द्वारा पुलिया के नीचे ह्यूम पाइप डलवाकर सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जा रहा है पुलिया की मरम्मत शुरू होने पर प्रसन्न ग्रामीणों ने राज्यमंत्री का आभार जताया है।

## वन माफियाओं ने रात्रि में काट डाले छह हरे पेड़

**फतेहपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किरत पुर में बीती रात बेखौफ वन माफिया ने आधा दर्जन आम के पेड़ों पर आरा चलवा कर नस्त नाबूत कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात प्रशासन से बेखौफ बन माफिया ने किरत पुर गांव में लगभग आधा दर्जन आम के हरे भरे पेड़ों आरा चलवा कर बली चढा दी स्थानीय लोगों का आरोप है की इस कार्य को पुलिस और बन विभाग की मिली भगत से अंजाम तक पहुंचाया गया है ग्रामीणों ने बताया की गांव के बाहर स्थित गांव में यह घटना हुई है सुबह होते ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा और बेखौफ वन माफिया अपनी मनमानी कर रहे हैं जबकि योगी सरकार हरियाली बचाओ और और पेड लगाओ अभियान चलाकर लाखों रुपये खर्च कर जन मानस को जागरूक करने का काम कर रही है इस मामले में डिप्टी रेंजर जितेन्द्र कुमार ने कहा है कि घटना उनके संज्ञान में आई है और जांच की जा रही है और उन्होंने आश्वस्त करते हुए बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# समाधान कार्यक्रम में दी महिलाओं के हितार्थ कानूनी जानकारी



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह के निर्देशन में ब्लॉक सभागार मसौली के सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम मे महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं के दृष्टिगत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने महिलाओ के अधिकार एव घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण अधिनियम आदि के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओ को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर हम एक आर्थक और राजनीतिक शक्ति पुंज के रूप में उभर रहे है। हमारे संविधान ने हमें जो अधिकार और अवसर दिए है ऐसे में महिलाओं को भारतीय कानून द्वारा दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार अगर बात वेतन मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। काम पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। शिकायत पर तत्काल करवाई होगी। यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है।

# वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अतहर का लखनऊ में निधन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजी शख्सियत मोहम्मद अतहर का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह करीब 55 वर्ष के थे और पिछले दो-तीन साल से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में उनका इलाज चल रहा था। दो दिन पहले इलाज के सिलसिले में अस्पताल गए थे जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्री हैं। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी मोहम्मद अतहर विगत लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत रहे। उन्होंने प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों जिसमें पंजाब केसरी, राष्ट्रीय स्वरूप, संदौली टाइम्स आदि में लंबे समय तक कार्य किया था। पत्रकारिता के अलावा मोहम्मद अतहर सामाजिक गतिविधियों में जबरदस्त शौक़ रखते थे। कोरोना काल में उन्होंने अपने प्रेस कार्यालय को रेड क्रॉस सोसाइटी का शिविर कैंप



कार्यालय बनाया, जहां से लोगों को दवाइयां और अन्य राहत सामग्री मुहैया कराई। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सारंग के साथ कपड़ा बैंक में शामिल रहकर गरीबों की मदद किया करते थे। उनके पिता स्व मोहम्मद हामिद शहर के नेबलेट स्कूल में अंग्रेजी के अध्यापक थे। मोहम्मद अतहर के निधन से जहां पत्रकारिता को बड़ा नुकसान पहुंचा है वहीं समाज एक तबका भी उनके निधन से आहत है। सोमवार देर शाम ईशा की नमाज़ के बाद कमरियाबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, वरिष्ठ पत्रकार तारिक किदवई, चंद्रकांत मौर्य, अकील अहमद, आमिर अली, प्रदीप सारंग, अलीम शेख, रत्नेश कुमार गौतम, परवेज अहमद, सदानंद वर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, अनिरूद्ध शुक्ल, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, हुमायू कबीर, सैफ मुख्तार, अलीम शेख, अशोक सैनी, शिवराम गुप्ता, हसमत उल्ला, मुश्शु भाई, अजीज अहमद, संतोष शुक्ला, उमेश श्रीवास्तव, मनीष सिंह, मो अरशद, मो वसीक, गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, हुमायूं नईम खान, मृत्युंजय शर्मा, साकेत संत मौर्य आदि कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## उपज इकाई के पत्रकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ पत्रकार मो अतहर के निधन पर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नगर पालिका मार्केट स्थित कार्यालय में शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपज के जिलाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव जिला संयोजक दिलीप कुमार श्रीवास्तव महामंत्री रत्नेश कुमार व जितेंद्र मौर्य, सतीश कश्यप, सुनील सोनी सहित कई पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, निघासन खीरी

पत्रांक- 5351/आंकिक/निर्माण कार्य/निविदा-आमन्त्रण/2024-25/ दिनांक- 21.01.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

15वें केन्द्रीय वित्त आयोग /पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर कार्य कराने हेतु क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर व वाणिज्य कर विभाग में जी.एस.टी. पंजीकरण हो, तथा आर.ई.एस. पी.डब्लू.डी., जिला पंचायत व अन्य कार्यदायी विभागो में रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्मो से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि (10 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बेलराया | बेलराया रेंज में इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 858000.00 | 85800.00 | तीन माह |
| 2. | बौढ्यिा कलां | ग्राम पंचायत बौढ्यिा कलां में डामर रोड से गौशाला की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य। | 995600.00 | 99560.00 | तीन माह |
| 3. | ढकेरवा खालसा | ग्राम पंचायत ढकेरवा खालसा के मजरा घनश्यामपुरवा रमाशंकर वर्मा के घर से मेवा लाल के घर की तरफ इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 996400.00 | 99640.00 | तीन माह |
| 4. | चखरा | ग्राम पंचायत चखरा मुक्ति धाम मरघट की तरफ जाने वाले रास्ते पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 999800.00 | 99980.00 | तीन माह |
| 5. | मिर्जागंज | ग्राम पंचायत सेमरापुरवा पुखाई के घर से सोहन के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 858000.00 | 85800.00 | तीन माह |
| 6. | नौबना | ग्राम पंचायत नौबना ऐली भोले बाबा शिव मंदिर वाले रास्त पर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 985800.00 | 985800.00 | तीन माह |
| 7. | बंगलहा कुटी | ग्राम पंचायत बंगलहा कुटी से चखरा को जाने वाले रास्ते पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 986000.00 | 98600.00 | तीन माह |
| 8. | दौलतापुर | ग्राम सुरजीपुरवा में विनोद की दुकान से प्रताप के घर की ओर इण्टरलाक निर्माण कार्य। | 999000.00 | 99900.00 | तीन माह |
| 9. | धर्मापुर | ग्राम पंचायत धर्मापुर मूलचंद के घर से बाबाराम दास के स्थान की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य। | 985000.00 | 98500.00 | तीन माह |
| 10. | कटहिया | ग्राम पंचायत कटहिया के मजरा सुखनपुरवा में मोबीन के घर राम सागर के घर की तरफ इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 998000.00 | 99800.00 | तीन माह |
| 11. | भिडौरी | ग्राम पंचायत भिडौरी के मजरा भूलनपुर में पंचायत भवन से जगजीवन के घर तक इंटरलाक निर्माण कार्य | 891100.00 | 89110.00 | तीन माह |
| 12. | भिडौरी | ग्राम पंचायत भिडौरी में विनोद के घर से माठे के घर तक इण्टरलाक निर्माण कार्य। | 984000.00 | 98400.00 | तीन माह |
| 13. | भिडौरी | ग्राम पंचायत भिडौरी में तकियापुरवा में धर्मेन्द्र के घर से खुशीराम के घर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 965000.00 | 96500.00 | तीन माह |
| 14. | लुधौरी | ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा शिवलालपुरवा में श्रवणकुमार के खेत से जमुनाप्रसाद के खेत तक मिट्टी व खडण्जा निर्माण कार्य। | 997200.00 | 99720.00 | तीन माह |
| 15. | गंगाबेहड | ग्राम पंचायत गंगाबेहड के मजरा लोखेन्द्रपुर में नत्थलाल के घर से इंदल के घर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 656000.00 | 656000.00 | तीन माह |
| 16. | लुधौरी | ग्राम पंचायत लुधौरी में पुछडा पुलिया से रामखेलावन के घर तक खडंजा व मिट्टी कार्य। | 470200.00 | 47020.00 | तीन माह |
| 17. | लुधौरी | ग्राम पंचायत लुधौरी के लोनियनपुर्वा में हरफूल के खेत से राजबहादुर के खेत तक खडन्जा व मिट्टी कार्य। | 912200.00 | 91220.00 | तीन माह |
| 18. | मनमतपुर | ग्राम मनमतपुर में राम किशोर के खेत से मुक्तिधाम तक खडंण्जा निर्माण कार्य। | 990000.00 | 99000.00 | तीन माह |
| 19. | तिकुनिया | ग्राम पंचायत तिकुनिया मे रवि के घर के सामने से डॉ. मुन्ना की ओर इण्टरलांक कार्य। | 751700.00 | 75170.00 | तीन माह |
| 20. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के फरदिया में रामविलास के घर से राकेश के घर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 685100.00 | 685100.00 | तीन माह |
| 21. | दौलतापुर | सूर्जीपुर्वा में छोटेलाल के घर से संजय के घर तक खण्डंजा निर्माण कार्य। | 796700.00 | 79670.00 | तीन माह |
| 22. | बंगलाकुटी | मोटेबाबा से राधेश्याम के खेत तक खण्डजा व मिट्टी निर्माण कार्य। | 997200.00 | 99720.00 | तीन माह |
| 23. | उमरा | ग्राम पंचायत उमरा के मजरा सूरतनगर में सरवन के बग्गर से इंदल के खेत तक मिट्टी व खडण्जा निर्माण कार्य। | 997200.00 | 99720.00 | तीन माह |
| 24. | मूर्तिहा | मूर्तिहा में मेन रास्ते से प्रतिमा सिंह के घर की ओर इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 978000.00 | 97800.00 | तीन माह |
| 25. | छेदुईपतिया | ग्राम पंचायत छेदुईपतिया के मजरा टापरपुरवा में विशेश्वर के घर से गजराज के घर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 994000.00 | 99400.00 | तीन माह |
| 26. | निबौरिया | निबौरिया बीच गांव में लालता के घर से दुर्गामंदिर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 965000.00 | 96500.00 | तीन माह |
| 27. | भैरमपुर | भैरमपुर में श्री रामसिंन्हा के घर से डामर रोड की ओर इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 965000.00 | 96500.00 | तीन माह |
| 28. | बंगलातकिया | अयोध्यापुरवा में राधेश्याम वर्मा के घर से पैकरमा के घर तक इण्टरलांक निर्माण कार्य। | 986200.00 | 98620.00 | तीन माह |
| 29. | बैल्हा | निघासन बैल्हा जाने वाले पीएमजीएस मार्ग से महेश के खेत से छागुल व राम नरेश के खेत होते हुए दिनेश के खेत की ओर खडण्जा निर्माण | 979000.00 | 97900.00 | तीन माह |

**नोट- शेष नियम-** शर्तो एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी के बारे में किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते-**

1. निविदा फार्म क्रय किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 03.02.2025 से 05.02.2025 तक रू0 500 नगद जमा करके श्री प्रहलाद राना, कैशियर/भण्डार सहायक से प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि कार्य के स्वीकृत लागत का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी निघासन खीरी के पक्ष में बन्धक करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 06.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जायेगा/डाक से भी भेजा जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 06.02.2025 को 03.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य गठित समिति एवं निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. टेन्डर/निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म/ठेकेदार को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
5. निविदा में प्रकाशित कार्य कराने की अवधि के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना अनिवार्य होगा यदि समय-सीमा के अन्दर कार्य नही पूर्ण कराया जाता है तो एक सप्ताह की नोटिस के पश्चात स्वीकृत निविदा को निरस्त कर दिया जाायेगा जिसके लिए सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप जिम्मेदार होगें तथा जमानत की धनराशि शासकीय हित में जब्त करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
6. निविदा के साथ मानक के अनुसार कार्य कराना होगा तथा प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का मेक/ब्राण्ड उल्लिखित करना होगा। मानक के अनुसार कार्य की गुणवत्ता न पाये जाने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हुये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा कार्य कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
7. कन्ट्रेक्टर/ठेकेदार के समस्त अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगें।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी निघासन्-खीरी में निहित होगा।
9. निविदा स्वीकृत फर्म/ठेकेदार की बंधक जमानत राशि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त 06 महीने बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तकनीकी अधिकारी की संस्तुति के बाद जमानत राशि मुक्त की जायेगी।
10. निविदा डालने के लिए निविदादाता का क्षेत्र पंचायत में पंजीकरण होना अनिवार्य है, पंजीकरण न होने की दशा में निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
11. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
12. किये गये कार्य का भुगतान योजना में उपलब्ध धनराशि के बाद ही किया जायेगा।

**जयेश कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**निघासन-खीरी।**

# 19 तमंचे व जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस व एसओजी/सर्विलान्स की संयुक्त टीम द्वारा 01 अभियुक्त को 19 देशी अवैध तमंचे 315 बोर, 08 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3500/- रूपये एवं एक मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ के नेतृत्व में, प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी थाना छिबरामऊ ,निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलान्स सेल व उनि कमल भाटी प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखविर खास की सूचना पर पापा होटल के पास जीटी रोड से अभियुक्त लालाराम उर्फ हरीशंकर उर्फ पिन्टू पुत्र स्व. रामनिवास नि0 ग्राम फतेहपुर थाना अलीगंज जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 19 देशी अवैध तमंचे 315 बोर, 08 जिन्दा कारतूस 315 बारे , 3500/- रूपये व एक अदद रियलमी मोबाइल फोन एवं एक माटेर साईकिल बरामद गयी। बरामदगी के आधार पर थाना छिबरामऊ पर मु0अ0सं0-46/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त लालाराम उर्फ हरीशंकर उर्फ पिन्टू उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मै यह तमंचा सुनील शाक्य नि. ग्राम परौली थाना जैथरा जनपद एटा से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता हूँ तथा जनपद कासंगज, फर्रूखाबाद, एटा, कन्नौज में ज्यादा दामों में बेचता हूँ, जो रुपये मिलता है उससे अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करता निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलान्स उनि कमल भाटी प्रभारी एसओजी हेका 196 सुधीर कुमार हेकां 418 रविन्द्र कुमार हेकां तेज प्रताप सिंह हे.कां. मनोज सिंह हेकां दुष्यन्त यादव हेकां अजय सिंह कां. शिवराज यादव का. मनीष कुमार सिंह का. विकास अग्रहरि का. शुभम कां. दीपक कां. यगन प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी उनि राममनोज द्विवेदी कां. हाकिम सिंह विपिन कुमार.अर्जुन सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## दस लीटर अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। बीते सोमवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने कस्बा समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अमीनुद्दीन पुत्र जफरूद्दीन को जीटी रोड पर स्थित नए बस स्टैंड के समीप से 10 लीटर अवैध शराब सहित पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 35 वाहनों का चालान

- टीएसआई ने स्कूली बसों में सेफ्टी मेजर गैस किट व फर्स्ट एड बॉक्स को किया चेक

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में यातायात उप निरीक्षक अरशद अली ने मंगलवार को पूर्वी बाईपास पर स्कूली बच्चों को लाने लेजाने का कार्य करने वाली बसों तथा अन्य वाहनों का फिटनेस बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि को जांच की। टीएसआई ने स्कूली बसों में सेफ्टी मेजर गैस किट और फर्स्ट एड बॉक्स को भी चेक किया और वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया। सही गैस किट और पर्याप्त मात्रा में फर्स्ट एडबॉक्स लेकर चलने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 35 वाहनों का चालान कर लगभग 50 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया। इस अभियान में होमगार्ड रामेंद्र,बलराम तथा पीआरडी राजेश आदि उपस्थित रहे।

## दलित ने पालिका कर्मी पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज कन्नौज।** ई-रिक्शा चला रहे एक दलित युवक को पालिका कर्मी ने रास्ते में रोक कर उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पालिका कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी संजय कुमार जाटव ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 21 जनवरी की दोपहर 12.30 बजे वह ई-रिक्शा लेकर गुरसहायगंज जा रहा था। तभी गुरसहायगंज स्थित देशी शराब ठेका के पास पालिका कर्मी ने उससे रसीद मांगी। जिस पर रसीद न होने पर उक्त कर्मी ने उसके साथ जाति सूचक अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पालिका कर्मी के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वाहन की टक्कर से 12 भेड़ों की मौत, छह घायल

**उरई,जालौन।** थाना क्षेत्र के ग्राम बैरागढ़ मोड़ के समीप के तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने भेड़ों के झुंड में टक्कर मार दी। हादसे में एक दर्जन भेड़ों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदोई गुर्जर निवासी सुरेंद्र पाल पुत्र काशीराम पाल रोज की तरह मंगलवार की सुबह भेडो को चराने के लिए खेतों की ओर जा रहा था। तभी अचानक बैरागढ़ मोड़ के आगे कोच की ओर से तेज रफ्तार आ रही सफेद रंग की पिकअप के चालक ने लापरवाही के चलते भेडो को कुचल दिया। जिसमें 12 भेडो की मौके पर मौत हो गई, और 6 भेड़े बुरी तरह घायल हो गई। बताया कि हादसे के बाद चालक पिकअप को बिना रोके मौके से भाग गया।

# गोपाल ने एफएमजीई परीक्षा पास कर नाम किया रोशन

- यूक्रेन व रूस से किया एमबीबीएस अब अपने देश में कर सकेंगे प्रैक्टिस

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विदेश से एमबीबीएस करने वाले मेडिकल छात्रों को भारत में प्रैक्टिस करने के लिए एफएमजीई की परीक्षा पास करनी होती है। जारी हुए परीक्षा परिणाम में नगर के गोपाल शुक्ला ने परीक्षा पास कर नगर का गौरव बढ़ाया है। नगर के वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात व पुष्पा देवी शुक्ला के पौत्र विशाल शुक्ला ने यूक्रेन और फिर रूस से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने पहले ही प्रयास में एफएमजीई की परीक्षा पास कर नगर तथा जनपद का नाम रोशन किया है। अपने बाबा ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात दादी पुष्पा देवी शुक्ला तथा शिक्षक पिता सतेंद्र भूषण शुक्ला, मां भावना शुक्ला को अपना आदर्श मानने वाले विशाल शुक्ला ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा नगर से करने के बाद हाई स्कूल तक परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन और फिर इंटर की परीक्षा सहित कोचिंग आकाश इंस्टीट्यूट कोटा से की। वर्ष 2018 में यूक्रेन में एमबीबीएस में दाखिला लिया था। 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए युद्ध के कारण घर लौट आए थे।

बाद में रूस में अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। गोपाल शुक्ला के एफएमजीई परीक्षा पास करने पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, चेयरमैन मनोज दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया ओम शाक्य, समाजसेवी सचिन दुबे, प्रभा पांडेय व पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शाक्य आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए चली नगर पालिका की मुहिम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से नगर पालिका छिबरामऊ के द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है.. नागरिकों की भागीदारी अधिक से अधिक हो जिसके लिए पालिका द्वारा तमाम प्रोत्साहन योजनायें चलाई जा रही है, उसी क्रम में स्थापना उत्सव के दौरान जिलाधिकारी शुभरान्त शुक्ला के द्वारा शुरू की गई स्वच्छता के नन्हें सिपाही योजना के नवंबर माह के लकी ड्रॉ के विजेताओं को नगर पालिका चेयरमैन मनोज दुबे, वार्ड सभासद किशनलाल, ईओ सुनील कुमार सिंह, जे ई रवि कौशल सहित पालिका के कर्मियों ने ढोल नगाड़े के साथ सम्मानित किया। पहले लकी ड्रा के भाग्यशाली विजेता अन्वी, शुभम और आयशा को स्वच्छता के नन्हें सिपाही के रूप में एवं बच्चों की माता क्रमशः चंचल, रंजना, ललिता को जिम्मेदार ग्रहणी के रूप में पट्टा, उपहार और प्रोत्साहन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कूड़ा वाहन चालक शिवसागर को भी नागरिकों को गीला और सूखा कूड़ा के प्रति जागरूक करने के लिए उपहार देकर हौसलअफजाई की गई। चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि बच्चे मन के सच्चे होते है उनका कोमल मन व्यवस्थाओ को स्वीकारिता है, अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिँह ने बताया कि नगर सेवा ऐप पर नियमानुसार सात दिन तक लगातार कूड़ा वाहन में कचरा ड़ालते हुए फोटो भेजने वाले पात्र नागरिकों को मासिक लकी ड्रा स्कीम शामिल किया जा रहा है।

नगर पालिका का स्टोरेज सर्वर चौबीस घण्टे खुला रहता है जिस पर कभी भी सेल्फी या फोटो को अपलोड किया जा सकता है। उधर दिसम्बर माह के लकी ड्रॉ के रूप में पुनः आदित्य, नीलेंद्र और संदीप सिसोदिया का गांधीनगर वार्ड से ही पुरस्कार निकल आया इस अवसर पर शिवम द्विवदेदी, अर्पण त्रिपाठी, प्रवेश यादव, अखिलेश सविता, शिव सागर, वरिष्ठ चतुर्वेदी, लालू दुबे, मोहित दुबे, पुष्कर दुबे आदि कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नगदी व जेवरात के साथ किशोरी फरार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगदी और जेवरात समेत किशोरी प्रेमी के साथ फरार हो गई जिसकी जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की परंतु कोई भी सुराग नहीं लग सका इसके बाद पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया है कि 13 जनवरी 2025 की रात 01 बजे उसकी बेटी थाना ठठिया के अंतर्गत ग्राम धीरपुर निवासी पिंकू उर्फ गुल्ली पुत्र महादेव वर्मा के साथ घर में रखें 187000 रुपए और 02 लाख रूपये के जेबर लेकर फरार हो गई। किशोरी को भगाने में माता, पिता व भाईयों ने सहयोग किया। पूछताछ करने पर उक्त लोगों ने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी। जानकारी होने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### विदेशी मेहमान पक्षियों के शिकार का वीडियो वायरल

**तिर्वा।** सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो में विदेशी मेहमान पक्षियों के शिकार का मामला है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कानपुर देहात व कन्नौज जिले की सीमा पर स्थित सोनपुर्वा गांव में स्थित एक तालाब का है। इसमें साइबेरिया से आए विदेशी मेहमान पक्षियों का शिकार किया गया है। ग्रामीणों के आ जाने पर शिकारी पक्षियों को तालाब किनारे छोड़कर भाग गए। इस मामले में पुष्टि के लिए जब ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह से पूछा गया, तो उनका कहना था कि वायरल वीडियो के आधार पर उन्होने औसेर चैकी की पुलिस को मौके पर भेजा था। वहां तालाब के किनारे दर्जनों पक्षी पड़े थे। पर घटनास्थल उनके ठठिया थाना क्षेत्र में नहीं था। इस बजह से रसूलाबाद थाना पुलिस को सूचना दे दी गई थी।

### युवक पर लगा किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप

**उरई,जालौन।** कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीते दिन रविवार को पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव का ही निवासी मोनू पुत्र छोटेलाल पारिवारिक भाई है। जिसने बीते दिन सोमवार को किसी बहाने से उसकी नाबालिग पुत्री को अपने जाल में फंसा लिया। आरोप है कि उसको बहाने से अपने घर बुलाकर और उसके साथ घिनौना कृत्य किया। पीड़ित किशोरी ने किसी तरह घर पहुंचकर पूरी घटना अपनी मां को बताई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंच गए और पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए। वहीं ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना समाज को झकझोरने वाली है और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है। थानाध्यक्ष केपी सरोज का कहना है कि आरोपी को पुलिस टीम ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है।

# दहेज हत्या के मामले में आरोपी को भेजा जेल



**कन्नौज, समद्धि न्यूज़।**

मारपीट, प्रताड़ित कर पुत्री की हत्या करने के मामले में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

सदर थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त पिन्टू उर्फ जितेन्द्र (27) पुत्र रामरतन निवासी ग्राम मवई रिहायक को कटरा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया।

औरैया जनपद के थाना सहायल ग्राम वनपुर्वा निवासी रामपाल पुत्र मोतीलाल ने बावत ससुराली जनों द्वारा वादी की पुत्री कमला देवी से अतिरिक्त दहेज में एक मोटर साइकिल व दो लाख रुपएं की मांग कर मांग पूरी न करने पर मारपीट प्रताडित कर वादी की पुत्री कमला देवी को फाँसी पर लटका कर मार डालने के सम्बन्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थल इमाम चौक पर हिन्दू धर्म का झण्डा लगाकर धार्मिक भावनाओ को ठेस पँहुचाने बाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सदर थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त अभि त्रिपाठी (27) पुत्र रंजीत उर्फ बबलू त्रिपाठी निवासी मो. हरदेवगंज थाना व जिला कन्नौज को कटरा क्रासिंग कन्नौज के पास से गिरफ्तार किया। 20 जनवरी 2024 को वादी मो. दानिश पुत्र लईक अली निवासी मोहल्ला मीर वैश्य टोला ने अभियुक्त द्वारा मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थल इमाम चौक पर हिन्दू धर्म का झण्डा लगाकर धार्मिक भावनाओ को ठेस पँहुचाने तथा शहर का माहौल खराब करने की कोशिश करने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह पर डीएम ने स्वयंसेवकों को किया प्रेरित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह के दौरान 25 स्वयंसेवक शहर के मुख्य चौराहों एवं अन्य स्थानों पर यातायात नियमों संबंधी जागरुकता कार्य किया जा रहा है। इस दौरान गोल कुआं पर ड्यूटी करते स्वयंसेवकों से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होनें स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पूरे माह सड़क सुरक्षा के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। यातायात प्रभारी आफाक खान द्वारा स्वयंसेवकों को दिए गए प्रशिक्षण



स्वयंसेवकों को प्रेरित करते जिलाधिकारी

और इनके द्वारा की जा रही सड़क सुरक्षा जागरुकता ड्यूटी के विषय में जिलाधिकारी को बताया गया। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि सभी स्वयंसेवक 23 जनवरी तक जागरूकता कार्य करेंगे और यातायात विभाग के सहयोग से भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्य करते रहेंगे।

## हाईवे पर टहल रहे वृद्ध की वाहन से कुचलकर मौत

**उरई,जालौन।** कदौरा नगर में घर के बाहर टहल रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कदौरा के मुहल्ला सीर निवासी देवी चरण गुप्ता 75 वर्ष घर के समीप हाइवे के किनारे टहल रहे थे। तभी उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर अचेत हो गए। अचेत अवस्था में वृद्ध को देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सीएचसी पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों मे उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

# निपुण भारत अभियान को सफल बनाएं शिक्षक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विद्यालयों में निपुण भारत अभियान के संचालन के बारे में बताया गया और शिक्षकों को पूरे मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए गए। मंगलवार को तेराजाकेट के प्राथमिक विद्यालय ब्राहिमपुर निजामपुर में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों में निपुण भारत अभियान के संचालन के बारे में बताया गया कि विकास खंड तालग्राम के विद्यालयों के दिसंबर माह में थर्ड पार्टी द्वारा किए गए 74 विद्यालयों के असेसमेंट में 67 विद्यालय निपुण घोषित हुए। जबकि चार विद्यालय तकनीकी समस्या के कारण निपुण न हो सके। साथ ही बताया गया कि स्टूडेंट की अपार आईडी सभी विद्यालयों के अध्यापक समय से बनाना सुनिश्चित करें। अकादमी रिसोर्स पर्सन अरविंद चौहान द्वारा निपुण भारत अभियान, साप्ताहिक निपुण तालिका पर कार्य, स्मार्ट क्लासरूम के उपयोग एवं उसके रखरखाव पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में आशीष तोमर, आलोक राज, राजेश, जबर, विवेक, प्रतिमा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# शिवालिक बेवर जिस एण्ड फूड इकाई का डीएम ने किया उद्घाटन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

छिबरामऊ स्थित मेसर्स शिवालिक बेवर जिस एण्ड फूड इकाई का जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने उद्धघाटन किया। इकाई द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी से पूर्ण स्वचालित रूप से पैकेज ड्रिकिंग मिनिरल वाटर बॉटल का उत्पादन कार्य प्रारम्भ किया गया। कहा कि उक्त इकाई की स्थापना हेतु उद्योग विभाग द्वारा इन्वेस्टर्स समिट- 2023 में रू 2 करोड निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। उक्त इकाई के संचालन हेतु इज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत आवश्यक एनओसी/प्रमाण पत्र तय समय में निर्गत कराने में जिला प्रशासन द्वारा



फीता काटकर उद्घाटन करते जिलाधिकारी

सहयोग किया गया। इकाई की प्रतिदिन 48 हजार लीटर पैकेज ड्रिकिंग वाटर बोटल का निर्माण की क्षमता है। साथ ही इकाई द्वारा 10-12 स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान किया गया। इकाई के संचालक अभिनव गुप्ता ने बताया कि यह जनपद में अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक मिनिरल वाटर प्लान्ट है तथा आज से इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कर दिया गया तथा भविष्य में उत्पाद की ब्राडिंग एवं मार्केटिंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। जिलाधिकारी ने जनपद के युवाओं को इस तरह की परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने आरसीसीएमएस के अनुसार राजस्व के लंबित वादों के निस्तारण के संबंध में पेशकारों के साथ बैठक की। निर्देश दिये कि न्यायालयों में जो फाइलें डिस्पोजल हो जाये। उन्हें 30 दिनों के अन्दर रिकार्ड रूम में भेजा जाये। अनावश्यक न्यायालयों में फाइलें न रखी जाये। उन्होनें कहा कि माह जनवरी समाप्ति की ओर है एक-एक फाइलों की मानीटरिंग कर मुकदमों के निस्तारण में तेजी लायी जाये। अब पुराने मुकदमों में देरी न करें और उनमें पहल करते हुये मुकदमों को रिजर्व करायें। निर्देश दिये कि न्यायालय के मांग पत्र लंबित नही रहना चाहिए।

# टीबी को खत्म करने के लिये जनता करें सहयोग: सीएमओ

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री की ओर से टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने एक कैंम्प का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे सीएमओ ने कहा कि जिन महिला पुरुषों के एक लम्बे समय से बलग़म खांसी के आने की दिक्कत है उनके भयानक टीबी रोग लक्षण हो सकते इस लिए वहां कैम्प में आकर अपनी जांच जरूर करायें जिसका उपचार हो सके।



स्वास्थ्य कैम्प में टीबी रोगियों के लक्षणो की जानकारी देते सीएमओ

मंगलवार को समधन नगर के मोहल्ला कादर खां नगर में एक कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे पहुंचे जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुदेश कुमार गुप्ता ने कहा टीबी एक भयानक बीमारी है इसको जड़ से समाप्त करने के लिये केन्द्र सरकार की ओर टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैम्प लगायें जा रहे हैं जिसमें पहुंचकर जो महिला व पुरुष एक लम्बे समय से खांसी जुखाम और बलगम आने से बराबर उनका शरीर कमजोर होता चला जा रहा है ऐसे लोगों के टीबी जैसे भयानक बीमारी के लक्षण हो सकते हैं इसलिए ऐसे लोग तत्काल कैम्प पर पहुंचकर जांच करायें जिससे उपचार कराया जा सके सीएमओ ने नगर की आम जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों से भी सरकार के टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है जिससे अधिक से अधिक रोगियों की जांच कराई जा सके। इस अवसर पर डॉ. इरशाद अहमद, फार्मासिस्ट विजय कुमार पाल, एएनएम श्रृद्धा देवी, अलका राठौर आदि मौजूद रहीं।

# केंद्रीय विद्यालय संचालित किए जाने की कवायद शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने केन्द्रीय विद्यालय लखनऊ डिवीजन डिप्टी कमिश्नर सोना सेठ, सहायक कमिश्नर विजय कुमार व प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी रवीश चन्द्र दुबे के साथ केन्द्रीय विद्यालय को अस्थाई रूप से संचालित किये जाने के लिए शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने केन्द्रीय विद्यालय टीम के साथ देवा स्थित सिताराम हिरोदेवी सरस्वती शिशु मन्दिर, समाज कल्याण छात्रावास नसरापुर, विनोद दीक्षित स्थित शाल्टर हाउस आदि का भ्रमण कराया। इसी दौरान केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए कन्नौज बागंर स्थित चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनपद में केन्द्रीय विद्यालय संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। कन्नौज बागंर में केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि चिन्हित की जा चुकी है। कहा कि अस्थाई रूप से केन्द्रीय विद्यालय के संचालन हेतु टीम को विभिन्न भवनों का आज भ्रमण कराया गया है।जिस पर विचार विमर्श करने के उपरान्त अन्तिम निर्णय लिया जायेगा। प्रयास किया जा रहा है। कि फरवरी माह से अस्थाई रूप से विद्यालय संचालित करा दिया जाये।

जिला प्रशासन केन्द्रीय विद्यालय को अस्थाई रूप से संचालित कराये जाने हेतु हर संभव मदद करने के साथ हर सुविधा मुहैया करायेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, तहसीलदार सदर हिमांशु प्रभाकर सहित आदि रहे।

# गौकसी में पकड़े गए सभी अभियुक्त शातिर अपराधी

- गैंग बनाकर पशुओं की कम दामों में करते थे खरीद, बाद में भेज देते थे बिहार
- आठों अभियुक्तों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज हुआ मुकदमा, भेजे गए जेल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट के निकट पकड़े गए गौवंशो के मामले में कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार आठों अभियुक्तों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इनमें पांच अभियुक्तों के खिलाफ कई जिलों में अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

सभी गिरोह बनाकर गौवंशो को कम दामों में खरीदकर उनको कटने के लिए बिहार प्रान्त भेजते थे। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है। तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौवंशो को पकड़ने के मामले में प्रांशु उर्फ गोलू पुत्र हरीसिंह कुशवाहा निवासी अहेरीपुर जनपद इटावा, साकिर, अनीश व अलताफ पुत्रगण लुकमान निवासी अहेरीपुर व सुरेन्द्र पुत्र निहाल सिंह निवासी अहेरीपुर, राघवेन्द्र पुत्र हरीराम निवासी नकलाकूट थाना इकदिल जनपद इटावा व कुंवरपाल पुत्र सुघर सिंह निवासी नगला खेमी थाना चैबीया जनपद इटावा व अनूप यादव पुत्र रामविलास निवासी पतीला थाना मनेर जिला पटना बिहार के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

इनमें राघवेन्द्र के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अनीस के खिलाफ सात व अनूप यादव के खिलाफ पांच, अलताफ के खिलाफ चार व साकिर के खिलाफ के तीन व कुंवर पाल के खिलाफ तीन मुकदमे पूर्व में दर्ज है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि बरामद किए गए गौवंश वो इटावा के एक पेट्रोल पम्प के पास से कम दामों में खरीदे थे। इनको बध के लिए बिहार लेकर जा रहे थे। पुलिस से बचने के लिए वह पशु चिकित्साधिकारी की एक फर्जी मोहर पास रखते थे। जिन्हे लगाकर वह पशुओं को बिहार ले जाते थे।

# फर्जी एनकाउंटर में नम्बर वन भाजपा सरकार : धर्मेन्द्र यादव

▸ केंद्रीय कारागार में निरुद्ध विधायक रमाकांत यादव से की मुलाकात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद धर्मेन्द्र यादव ने केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध फूलपुर के सपा विधायक रमाकांत यादव से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सांसद धर्मेन्द्र यादव के आगमन पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव सहित सपा नेताओं ने पहुंचकर उनकी अगुवानी की और उनका स्वागत किया।


वार्ता करते सांसद धर्मेन्द्र यादव मौजूद डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि

आजमगढ़ सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने विधायक रमाकांत यादव से मुलाकात कर जेल से बाहर आने पर पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि जेल में बंद हमारी पार्टी के फूलपुर विधानसभा विधायक रमाकांत यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उन्हें चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उन्होंने जेल प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन उनके उचित इलाज की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा नहीं करायी जा रही है। वह बोले कि रमाकांत चार बार के सांसद व पांचवीं बार के विधायक है। उन्हें प्रोटोकाल के अनुसार जेल प्रशासन उपचार और न ही मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करा रहा है। उनकी सेहत के अनुसार उन्हें जो भोजन मिलना चाहिए वह जेल प्रशासन नहीं दे रहा है। जिससे उनका स्वास्थ्य सही नहीं रहता है। सांसद धर्मेन्द्र यादव बोले भाजपा शासन में जेल में निरुद्ध नेताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा है। न्याय पालिका पर हमें पूरा भरोसा है। उन्होंने बताया कि विधायक रमाकांत यादव को एक मामले में ही शेष जमानत मिलना बांकी है। भाजपा की प्रदेश सरकार कस्टोडियल डेथ और फर्जी एनकाउंटर के मामले में कोई जवाब नहीं है। भाजपा बुलडोजर के नाम पर अन्याय व अत्याचार कर रही है। लगातार यूपी में फर्जी एनकाउंटर हो रहे हैं। संभल में विगत दिनों हुई घटना पर सरकार के पास कुछ कहने को नहीं है। इसलिए लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बाते कर रही है।

अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। सरकार के इशारे पर पुलिस सपा नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, डॉ.नवल किशोर शाक्य, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, इलियास मंसूरी, सर्वेश अम्बेडकर, शशांक सक्सेना, आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# कार ने टेंपो में मारी टक्कर, वृद्धा की मौत, पांच घायल

**नवाबगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन व मौजूद लोग

कायमगंज मार्ग पर हुए हादसे में वृद्धा की मौत हो गई एवं चालक सहित पांच सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बरौन भेजा गया। जहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर निवासी सोनू पुत्र रामसेवक टेंपो में यात्रियों को लेकर फर्रुखाबाद से हथियापुर की ओर ले जा रहा था। टेंपो करीब 11.30 बजे रास्ते में गुमटी नगला के निकट से गुजर रहा था, तभी पीछे से आए कार चालक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में करीब 60 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। दुर्घटना में चालक सोनू एवं कोतवाली कायमगंज के ग्राम पपड़ी निवासी निजाकत पुत्र हारिफ खान, जनपद मैनपुरी के हरिओम पुत्र महेश, सुल्तानगंज के विजेंद्र की पत्नी विनीता एवं सिकंदरपुर निवासी महिपाल की 23 वर्षीय पुत्री श्वेता घायल हो गईं। बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन यादव एवं उप निरीक्षक अक्षय ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। घायल एवं मृतक को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी बरौन भेजा गया। सीएचसी से घायलों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। वृद्धा का शव सीएचसी में रखा है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। दुर्घटना के बाद वैगनआर कार नंबर यूपी30आर45 57 को छोड़कर भाग गए। दुर्घटना में कार का अगला टायर फट गया और अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार पर जिला प्रभारी राजपूत करणी सेना लिखा है। पुलिस ने इस कार को खिंचवाकर हथियापुर चौकी पहुंचाया।

# समारोहपूर्वक मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस, डीएम ने की समीक्षा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 24-26 जनवरी 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश दिवस-2025 की थीम विकास व विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश होगी। 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय पर्यटन/मतदाता जागरूकता दिवस तथा दिनांक 26 जनवरी 2025 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रकम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवियों, शिल्पकारों, अच्छे किसानों, स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित करने के निर्देश दिये व सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाने के लिये निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति आदि अधिकारी रहे।

# पुलिस की सह पर थाना क्षेत्र में फल-फूल रहा अवैध मिट्टी खनन का कारोबार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थानाध्यक्ष व खनन विभाग की सह पर शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मिट्टी के अवैध खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से फलफूल रहा है। अवैध खनन के जरिए खनन माफिया मालामाल हो रहे है और सरकारी राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से पुलिस व खनन विभाग की सह पर खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन का काला कारोबार लगातार कराया जा रहा, जो क्षेत्र में आम लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कल तक जो माफिया रात के अंधेरे में मिट्टी के अवैध खनन के कारोबार को अंजाम दिया करते थे आजकल वही माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन के कारोबार को रात्रि की बजाय दिन के उजाले में अंजाम दे रहे हैं। अवैध खनन के बाद मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों को कभी ही कही भी दौड़ते देखा जा सकता है। सूत्रों की मानें तो शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा, रमापुर, कटिया, नैंगवा, सरपारपुर में खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी का खुलेआम अवैध खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। सुबह-सुबह किसी भी वक्त अवैध खनन के जरिए मिट्टी लेकर दौड़ने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों को देखा जा सकता है। सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफियाओं के ट्रैक्टर ट्राली जिन्हें बेला सराय गजा से गुजरते हुए देखा जा रहा है। खनन माफियाओं द्वारा खुलेआम कहा जा रहा है हम लोग शमशाबाद थाना पुलिस व खनन अधिकारी को प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से रुपए देते हैं। हम लोगों का कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। थाना शमशाबाद पुलिस व खनन विभाग की सह पर फलफूल रहे मिट्टी के अवैध खनन के कारोबार को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं आम हैं। लोगों का कहना है माफियाओं को कहीं पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण तो नहीं है। जिससे हर दिन ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे मिट्टी को इधर से उधर ठिकाने लगाया जा रहा। वही जिम्मेदार अधिकारी संभवत कुंभकरणीय नींद में बने हुए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है यूं तो शमसाबाद क्षेत्र में माफियाओं द्वारा मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार एक लंबे समय से जारी है। बस इतना जरूर माफियाओं का खेल अलग-अलग स्थानों से शुरू हो रहा है। कुछ लोग परमिशन के नाम पर भी खेल कर इस कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात है शमशाबाद थाना क्षेत्र में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर पुलिस प्रशासन आखिरकार खामोश क्यों है। कहीं माफियाओं को शमशाबाद थाना पुलिस का संरक्षण तो नहीं। अगर नहीं तो माफियाओं के इस अवैध कारोबार को पुलिस द्वारा गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा। नियमों के विरुद्ध अवैध खनन के कारोबार में लिप्त माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है।


ट्राली से डाली जा रही मिट्टी

## खबरें एक नजर में

### भाजपा नेत्री ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन


शिविर का उद्घाटन करतीं भाजपा नेत्री रेनू त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई एंड एच फाउंडेशन व सीएमएस फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन समाज सेविका एवं भाजपा नेत्री रेनू त्रिपाठी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। ई एंड एच फाउंडेशन जो कि कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े व असहाय बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति निरंतर जागरूक कर लाभान्वित करती चली आ रही है। इसी क्रम में आम लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके उनके सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध करवाकर उनको अपने स्वास्थ्य की जानकारी और आगे के लिए सलाह उपलब्ध कराई जा सके। जिससे उनका स्वास्थ्य सही रह सके। इस अवसर पर नगर पंचायत के लिपिक पवन कुमार, सीएचसी के फार्मासिस्ट विजय यादव, आशुतोष, अवधेश राजपूत, डॉ. सुबोध, डॉ. अनुपम, अनुराग मिश्रा, शैलेन्द्र, आजम अली, सरताज, विजय, प्रवीण, कंचन, महेश, इकरा, नेहाल, सन्नवर, रेहान आदि मौजूद रहे ।

### सौर्य ऊर्जा की आठ प्लेटें चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुहल्ला नगला धोबियांन निवासी लेखपाल अश्वनी राजपूत के खेत में फसलों की सिंचाई के लिए सोलर पंप लगी है। सोमवार रात चोरों ने सोलर पंप पर लगे पेनल की सोलर प्लेट खोल ली। सुबह खेतों की ओर गए उनके भाई अनुराग को पैनल से 8 प्लेटें गायब मिलीं। आसपास खोजबीन करने पर 7 प्लेटें खेत से कुछ दूरी पर स्थित मुहल्ले के ही निवासी अनोखेलाल के खेत में खड़ी आलू की फसल व एक प्लेट कल्याण सिंह के खेत में आलू की फसल में पड़ी मिलीं। थाना पुलिस को अनुराग ने चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

### भाई ने बहन को पीटा, पुलिस ने किया चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुहल्ला सिरमौरा बांगर निवासी अदिति पुत्री राघवेन्द्र मंगलवार दोपहर बाद घर पर थी, तभी नशे की हालत में घर आए भाई धर्मेन्द्र ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर धर्मेन्द्र ने अदिति को मारापीटा। अदिति ने घटना की जानकारी यूपी 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने धर्मेन्द्र को हिरासत में लेकर थाने लाई। थाना पुलिस ने धर्मेन्द्र का शांतिभंग में चालान कर दिया।

### सड़क किनारे पड़े युवक को लोहिया में कराया भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे घायल अवस्था में युवक के पड़े होने की सूचना पर 112 एंबूलेंस ने पहुंचकर उसे लोहिया अस्पताल लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। बोल न पाने के चलते उसके नाम व पते की जानकारी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के निकट मुरारी लाल फर्नीचर हाउस के सामने सड़क के किनारे एक घायल युवक पड़ा था। फर्नीचर हाउस के मालिक अनमोल ने इसकी सूचना 112 को दी। सूचना पर पहुंचे 112 एंबूलेंस के कर्मी धर्मेंद्र व सचिन ने उसे लाकर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। गम्भीर घायल होने की वजह से वह बात नहीं कर पा रहा था। जिस कारण नाम व पते की जानकारी नहीं हो सकी। सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गैंगेस्टर के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने दलवीर पुत्र रामचरन शाक्य निवासी कादरदादपुर सराय कम्पिल को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 7 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज के उपनिरीक्षक विक्रम सिंह ने दलवीर के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा सूचना पर समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत दर्ज करवाया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका ने दलवीर को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये, जबकि दूसरा बाइक सवार साथी सहित फरार हो गये। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।


मौके पर पड़ा घायल तथा मौजूद ग्रामीण

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी अर्चित कुमार उम्र 25 वर्ष मंगलवार को बाइक द्वारा किसी कार से फैजबाग आ रहा था। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम रजलामई स्थिति पानी टंकी के पास गुजरते समय सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाईकों पर सवार तीनों लोग गिरकर घायल गए। बताते हैं दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं एक बाइक सवार जो हेलमेट लगाये था मौका पाकर साथी सहित फरार हो गया, जबकि अर्चित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी फैजबाग जितेंद्र कुमार ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को कार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जमीनी विवाद को लेकर जमकर चले ईट-पत्थर, वृद्ध घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


घटना की जानकारी देता घायल वृद्ध

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मीठापुर निवासी दयाराम ने थाना कमालगंज में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि पड़ोसी जो एक ही परिवार के राजीव, गजराज एवं प्रेमचंद से मेरा जमीनी विवाद चल रहा था। जिस वजह से रंजिश मानते हुए आज उक्त लोगों द्वारा अचानक मेरे घर पर घुसकर अपने पुत्रों द्वारा घर में घुसकर औरतों, बच्चों को जमकर मारापीटा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिन्हें आता हुआ देखकर मौके से भाग गये और अपने घर की छतों पर चढ़कर तमंचे लहराते हुए ईट पत्थर चलाये। छतें ऊंची होने के चलते पत्थर काफी तेजी से नीचे आ रहे थे। जिससे घर की औरतें कमरों में दुबकने को मजबूर हो गयीं। मैं अकेला बाहर खड़ा कुछ ना कर सका और मैं भी तमंचों की वजह से दीवाल की आड़ में छिप गया। उक्त लोगों द्वारा लगभग आधा घंटे पत्थरबाजी की गई। जिसकी मेरे द्वारा मोबाइल से वीडियो बना ली गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांचकर कार्रवाई करने को कहा।

### आगजनी की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आगजनी की घटनाओं को मदे्दनजर रखते हुए मेला श्रीरामनगरिया पुलिस ने मंगलवार को दुकानदारों को जागरुक किया और अग्नि से बचाव के साधन रखने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार दिन प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भीषण आग लग गयी। जिससे पूरे कुंभ मेले की बिजली व्यवस्था बाधित कर दी गयी। जिसके मद्देनजर मेला श्रीरामनगरिया में मंगलवार पुलिसकर्मियों ने मेले में दुकान लगाये दुकानदारों, झुलेवालों व कल्पवासियों को जागरुक किया। दुकानदारों से कहा कि वह अग्नि शमन यंत्र अपने यहां अवश्य रखें। जिससे अग्नि जैसी किसी अनहोनी घटना पर समय रहते काबू पाया जा सके। इसके अलावा कल्पवासियों को भी जागरुक किया कि वह झोपड़ी में खाना आदि न पकायें, क्योंकि आप लोगों की जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। मेले में अधिकांश झोपड़ी फूस आदि की बनी हुई हैं। इसलिए आप लोग इसका अवश्य ध्यान रखें और खाना आदि बाहर पकायें। साथ ही झोपड़ी में पानी अवश्य रखें। पुलिस ने पूरे मेले में घूम-घूमकर दुकानों आदि को देखा तथा वहां रखे अग्निशमन यंत्रों को भी चेक किया।

# युवक की दुर्घटना में हुई मौत का मुकदमा दर्ज न करने पर शव रखकर लगाया जाम

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार देर शाम संकिसा तिराहे के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पमरखिरिया निवासी छात्र अर्पित को टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद स्वजन अर्पित का शव गांव ले गए थे। पर घटना का मुकदमा दर्ज न करने को लेकर स्वजन और अन्य गांव वालों ने संकिसा तिराहे पर पुलिस चेक पोस्ट के सामने शव रखकर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। स्वजन ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। जाम की सूचना पर मेरापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्वजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्वजन नहीं माने और अपनी मांग पर डटे रहे। दो घंटे बाद मेरापुर पुलिस ने मृतक छात्र अर्पित के पिता मुन्नू यादव पुत्र सुधीर सिंह की तहरीर के आधार पर पड़ोसी जनपद एटा थाना नयागांव क्षेत्र के गांव नगला हरजू निवासी ट्रैक्टर चालक गांधी पुत्र राजेन्द्र सिंह राजपूत के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया। तब जाकर स्वजनों व ग्रामीणों ने शाम 7 बजे जाम खोल दिया। इसके बाद स्वजन शव लेकर चले गए। तहरीर के अनुसार सोमवार शाम समय 6.30 बजे मुन्नू का पुत्र अर्पित सराय अगहत से ट्यूशन पढ़कर घर वापस जा रहा था कि तभी अर्जुनपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक गांधी ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए अर्पित के टक्कर मार दी। जिससे अर्पित गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अर्पित को उपचार हेतु लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान अर्पित की मृत्यु हो गई।

# तालाब में दिखा मगरमच्छ, रेस्क्यू ऑपरेशन से पीछे हटी वन विभाग की टीम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


तालाब में मौजूद मगरमच्छ

राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोंटिया में 25 दिसम्बर को तालाब में मगरमच्छ देखा गया था। वन विभाग की टीम पहुंचने पर मगरमच्छ तालाब में घुस गया था। तालाब में घनी जलकुंभी होने पर वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन करने से हाथ खड़े कर दिए। ग्रामीण तब से मगरमच्छ के खौफ के बीच जीने को मजबूर है। खंड विकास अधिकारी राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल के निर्देश के बाद ग्राम सचिव राजीव सुमन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जलकुंभी हटवाने का अभियान चलाया। पिछले एक सप्ताह से कई पंप सेट लगाकर तालाब का पानी कम कराया गया। एक दर्जन मजदूर लगवाकर और जेसीबी से तालाब की जलकुंभी को हटा दिया गया। अब तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने लायक हालत बन गए हैं। जानकारी के अनुसार गांव वालों ने रविवार को कई बार वन विभाग की टीम से संपर्क किया, लेकिन वन दरोगा ने फोन नहीं उठाया। अब पुनः ग्राम सचिव ने ग्रामीणों की मदद से तालाब की जलकुंभी को साफ कर दिया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए वन विभाग की टीम का इंतजार है। अगर वन विभाग की टीम बिना लापरवाही समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करती है। तो कुछ ही दिनों में मगरमच्छ के खतरे से ग्रामीणों को निजात मिल जाएगी। जिला वन अधिकारी प्रत्यूष कटियार ने बताया कि जल्द ही वन विभाग की टीम मौके पर जायेगी। मगरमच्छ को रेस्क्यू करने का काम भी शुरू किया जाएगा, लेकिन उसके वावजूद भी वन विभाग टीम रेस्क्यू करने नहीं पहुंची। खतरनाक जीव मगरमच्छ के खतरे को देखते हुए गांव के ग्रामीण अब उस तालाब के आसपास तक जाना मुनासिब नहीं समझते। खेतों में काम करने वाले किसान भी अनजाने भय से लगातार सहमें रहते हैं। इस स्थिति को देखते हुए वन विभाग को चाहिए कि वह मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर जल्द से जल्द मगरमच्छ को वहां से हटाने का काम करें। जिससे खेतों में काम करने वाले किसान भय मुक्त होकर अपनी फसलों की देखभाल कर सकें।

# तीन मकानों के ताले तोड़ हजारों की नगदी, जेवरात व घरेलू सामान चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से अज्ञात चोरों का आतंक जारी है। अज्ञात चोर कहीं ना कहीं चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर जहां एक ओर ग्रामीणों में दहशत का कारण बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनमानस भी बेहाल है। अफसोस पुलिस गश्त व्यवस्था होने के बावजूद भी अज्ञात चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसका उदाहरण भी शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम सुल्तानपुर में देखने को मिला। यहां अज्ञात चोरों द्वारा एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़कर हजारों की नगदी, सोने चांदी के जेवरात तथा घरेलू समान चोरी कर फरार हो गये। बताया गया है यहीं के निवासी वेदराम शर्मा की पत्नी सत्यवती बीमार होने के कारण दवा लेने कायमगंज गई थी। पुत्र नीरज तथा अनुज बाहर हैं। घर में ताला लगा था। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने दरवाजे के ताले तोड़कर कमरों में तोड़फोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह के वक्त ग्रामीण शौंचक्रिया के लिए बाहर निकले और जब महिला के घर के सामने से गुजरे तो दंग रह गए, क्योंकि दरवाजा खुला था। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना महिला को दी गई। जिस पर महिला घर पहुंची और जब उसने घर के अंदर का नजारा देखा तो चीखने लगी। अज्ञात चोरों ने तोड़फोड़ कर 15 हजार रुपए की नगदी, दो जोड़ी मंगलसूत्र, दो जोड़ी झाले, चांदी की पायलें तथा घरेलू सामान चुरा ले गए। इसी तरह अब्दुल रहीम की पत्नी ने जो कोतवाली क्षेत्र के गांव चिलसरी स्थित एक रिश्तेदारी में गई थी। घर में ताला लगा हुआ था। अज्ञात चोरों ने यहां भी दरवाजे के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताते हैं तीस हजार की नगदी जो भैंस बिक्री का पैसा रखा था के अलावा सोने की झुमकी, सोने की चूड़ी तथा घरेलू सामान चोरी कर लिया। बताते हैं तीसरी घटना महिला राम बेटी के घर घटी। बताते हैं राम बेटी के दो मकान है। वह पहले मकान में निवास करती, जबकि दूसरे मकान में जानवर बांधे जाते हैं। यहां भैंस बंधी हुई थी। भैंस के ब्याहने की आशंका पर महिला पुत्र चंद्रपाल के साथ दूसरे मकान में थी। पहले मकान में ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब गली मोहल्ले के लोग वहां से गुजरे और जब उन्होंने खुला दरवाजा तथा बिखरा सामान देखा, तो ग्रामीणों के महिला के घर सूचना दी। बताते हैं सूचना के बाद महिला मौके पर पहुंची और चीखने लगी। महिला के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा 30 हजार की नगदी, दो घी के डिब्बे, दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी झुमकी, रजाई गद्दा के अलावा घरेलू सामान चुरा ले गए। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। ग्रामीणों की मानें तो अज्ञात चोरों के खिलाफ पीड़ितों द्वारा तहरीर दी गई है, जबकि पुलिस का कहना था तहरीर नहीं दी गई। लगातार चोरी की घटनाओं से आम जनमानस में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। लगातार चोरी की घटनाएं पुलिस की घटना व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रही हैं।

# शराबी लेखपाल को एसडीएम ने किया निलंबित, जांच तहसीलदार को


शराबी लेखपाल राहुल सोमवंशी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन शराब के नशे में धुत पड़े लेखपाल को एसडीएम ने निलंबित कर दिया तथा जांच तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपी है। जानकारी के अनुसार लेखपाल राहुल सोमवंशी जो कि रोशनाबाद में तैनात है। वह बीते दिन शराब के नशे में अंग्रेजी शराब ठेके के पास पड़ा पाया गया था। नशेड़ी लेखपाल को देखने के लिए बाजार का दिन होने के कारण तमाशवीनों का हुजूम उमड़ पड़ा था। नशेड़ी लेखपाल राहुल सोमवंशी इतना ज्यादा नशे में था कि वह पेंट में पेशाब कर बैठा था। बीच सड़क पर पड़े होने की वजह से जाम लग गया। तब राहगीरों द्वारा नशेड़ी लेखपाल को एक किनारे लिटा दिया गया। जहां वह नशे की हालत में गाली-गलौज करता रहा। घटना की जानकारी एसडीएम को हुई। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार विक्रम सिंह तथा नायब तहसीलदार सृजन सिंह को मौके पर भेजा था। नायब तहसीलदार ने उपजिलाधिकारी को जाँच के दौरान बताया की लेखपाल के द्वारा क्षेत्र में जनहित एवं प्रशासनिक कार्यो में लापरवाही के साथ उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई। लेखपाल के इस कृत से तहसील प्रशासन की छवि खराब हुई है। इनके द्वारा कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के नियम 03 का उल्लघन किया गया। इस आधार पर लेखपाल राहुल सोमवंशी को दोषी पाये जाने पर इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। इस अनुशासनिक कार्यवाही मे जॉच तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपी गयी।

# कमालगंज की टीम ने रॉयल राजपूत टीम को वॉलीबॉल में किया पराजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय वॉलीबॉल जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में किया गया। मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सर्वेश कुमार व जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।


खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते अतिथिगण

पहला मैच बरौन तथा स्टेडियम की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम टीम ने बरौन को 18-21 के अन्तर से पराजित किया। दूसरा मैच रॉयल राजपूत एवं के0जी0 वॉरियर के मध्य खेला गया। जिसमें 21-09 के अन्तर से रॉयल राजपूत ने के0जी0 वॉरियर को पराजित किया। तीसरा मैच वॉडी क्लब एवं कमालगंज के मध्य प्रतियोगिता में 21-15 के अन्तर से कमालगंज ने वॉडी क्लब को परास्त किया। प्रथम सेमीफाइनल मैच में रॉयल राजपूत ने स्टेडियम टीम को 21-11 के अन्तर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमीफाइनल मैच में कमालगंज की टीम एवं सीपी कायमगंज की टीम के मध्य खेला जाना था, परन्तु सी0पी0 कायमगंज की टीम की अनुपस्थित पाये जाने परे वॉकओवर देकर कमालगंज की टीम सीधे फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच का मुकाबले में कमालगंज की टीम ने रॉयल राजपूत की टीम को 21-15 के अन्तर से पराजित कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता बने। प्रतियोगिता में अम्पायर/निर्णायक/सहायक की भूमिका में संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरून कुमार, सुभाष चन्द, सपना यादव, अभिषेक शाक्य, विमलेश कुमार, नागेन्द्र सिंह, सत्यम मिश्रा, अं.का.मा. हॉकी प्रशिक्षक, अथक पटेल, अं.का.मा. बाक्सिंग प्रशिक्षक के साथ स्टेडियम के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# संध्या, सत्संग, सेवा, स्वाध्याय से सुखों की होती है प्राप्ति : चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रवचन करते आचार्य

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में मंगलवार को प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि इस धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्राणी मनुष्य है। सर्वश्रेष्ठ इसलिए है कि श्रेष्ठतम कर्म करने का सौभाग्य परमात्मा ने मनुष्य को दिया है। संध्या, सत्संग, सेवा, स्वाध्याय और समर्पण आदि के द्वारा मनुष्य इहलौकिक और पारलौकिक सुखों की प्राप्ति कर सकता है। जो व्यक्ति अपने मन को ईश्वर की भक्ति और तन को परोपकार में लगाते हैं वो ईश्वर की कृपा को प्राप्त करते हैं। परमात्मा की कृपा को प्राप्त करने वाला मनुष्य सुख, शान्ति और आनन्द को प्राप्त करता है। पण्डित दलवीर शास्त्री ने रामकथा के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का वैदिक स्वरूप प्रस्तुत किया। पण्डित प्रदीप शास्त्री ने बताया कि भगवान ने जल को बनाया है, तब हम दूसरों को जल पिलाते है, भगवान ने अन्न को बनाया है तब हम दूसरों को भोजन खिलाते हैं। इसलिए जहां भोजन खिलाने वालों का, जल पिलाने वालों का धन्यवाद करते हैं। वहीं उस भगवान का धन्यवाद करें जिस भगवान ने बनाया है। पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य ने प्रेरणादायक भजनों की अमृत वर्षा की। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, राहुल वर्मा, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# डायमंड जुबली जम्बूरी में हिस्सा लेंगे बच्चे, दिये गये ट्रैकसूट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तमिलनाडु में आयोजित होने वाली डायमंड जुबली जम्बूरी में भाग लेने जा रहे स्काउट के बच्चों को जिला विद्यालय निरीक्षक से प्राप्त कर ट्रैकसूट जिलाधिकारी व मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा द्वारा बच्चों को वितरित किये गये। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने जम्बूरी में भाग लेने वाले बच्चों को ट्रैक सूट दिये।


मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा व ट्रैकसूट दिखाते बच्चे

यूनिट लीडर योगेश कुमार के सहयोग से सभी बच्चे जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे। जहां डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बच्चों को ट्रैकसूट दिये। ट्रैकसूट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था के जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने बच्चों को उनके जंबूरी ट्रैकसूट के साथ जंबूरी में जाने के लिए विदा किया। यूनिट लीडर योगेश कुमार के नेतृत्व में डायमंड जुबली जम्बूरी में बच्चे प्रतिभाग करेंगे। प्रियांश कुमार, कार्तिक तिवारी, कौशलेंद्र, हर्ष शर्मा, आर्यन, बच्चों के विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, स्काउट प्रभारी गजेन्द्र सिंह, डॉ. यशवन्त सिंह ने बच्चों को बधाई दी।


प्री-एएलटी रोवर का प्रमाण पत्र प्राप्त करते योगेश कुमार

## योगेश कुमार प्री-एएलटी रोवर प्रमाण पत्र से हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ में प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने योगेश कुमार को प्री-एएलटी रोवर का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। योगेश कुमार ने यह उपलब्धि हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है। विश्व विद्यालयों में होने वाली रोवर रेंजर की गतिविधियों में रोवर रेंजर और उनके प्रभारी को प्रशिक्षित कर उपलब्धि हासिल की। अब वह पहले से ज्यादा रोवर्स रेंजर व रेंजर्स प्रभारी को प्रशिक्षित कर सकेंगे। जिसके लिए भारत स्काउट और गाइड का नाम और देश में ऊंचा हो सकेगा। अपनी गतिविधियों के द्वारा योगेश कुमार ने प्री-एएलटी रोवर का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जनपद के सभी स्काउट के पदाधिकारियों ने योगेश कुमार को बधाई दी है।

# प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न


बैठक में मौजूद अध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में संकुल शिक्षक की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। समस्त शिक्षकों ने विद्यालय परिवार की ओर से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। नोडल संकुल शिक्षक राहुल वर्मा ने बैठक में एंजेडा विभिन्न बिन्दुओं पर पढ़ा और चर्चा की। जिसमें निपुण लक्ष्य डीबीटी में आधार प्रमाणीकरण, आधार आइडी पर चर्चा की। अध्यक्षता अतुल पाठक ने की। बीना कुमारी एवं रीता व संदीप शुक्ला ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर राजेश यादव, शिवम अवस्थी, वंदना सिंह, प्रियंका, अपराजिता, अनिल सिंह, जितेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, साजिद खान आदि शिक्षक मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### सुभाष जयंती पर नमन कार्यक्रम 23 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाणी विनायक संस्था की ओर से 23 जनवरी गुरुवार को 11 बजे नेता जी सुभाषचन्द्र बोस जयंती पर संस्था द्वारा नेता जी नमन कार्यक्रम का आयोजन संस्था कार्यालय बूरा वाली गली में होगा। यह जानकारी संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय ने दी है।

### भाकियू की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के कैम्प कार्यालय का शुभारम्भ अब मेला रामनगरिया की जगह नेकपुर चौरासी स्थित जिला कार्यालय पर होगा। जिसमें जनपद के समस्त पदाधिकारी भाग लेंगे। साथ ही 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा की रुपरेखा पर चर्चा होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने दी है।

### किशोरी को बंधक बनाने के मामले दो को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना नबाबगंज क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री को गांव के लोगों ने कमरे में बंद कर बंधक बना लिया। उसी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर यशवीर, राजीव निवासीगण मानपुर नबाबगंज को अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास से दण्डित किया है।

### मारपीट कर जानमाल की धमकी देने में पिता पुत्रों पर मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर की चौकी अचरा के गांव फतेहपुर परिउली निवासी रामलड़ैते बाथम पुत्र वेदराम ने पड़ोसी जनपद एटा थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव फरसोली निवासी पप्पू यादव पुत्र रामलड़ैते व पप्पू के पुत्र बल्लू यादव व लालू के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 19 जनवरी को समय करीब 4 बजे उक्त आरोपितों ने फसल चराने के लिए मेरे खेत की तरफ कर दिया था। जब इसका विरोध किया तो उक्त आरोपित एक राय होकर मेरे साथ लाठी-डंडा एवं फावड़े से मारपीट करने लगे। मेरे चिल्लाने की आवाज सुनकर मेरे परिवार के लोग राजीव व टिन्नी बचाने आए। मारपीट में मेरे सिर तथा टिन्नी व राजीव के भी चोटें आ गईं। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

### घर के बाहर से पिकअप चोरी, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज के ग्राम नया गनीपुर निवासी रामकुमार अपनी पिकअप को भाड़े पर चलाता है। सोमवार रात लगभग आठ बजे रामकुमार अपनी पिकअप को मोहम्मदाबाद से वापस घर लाया। रामकुमार पिकअप को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर चला गया। रात लगभग 1:00 बजे रामकुमार पेशाब करने के लिए उठकर बाहर आया, तो रामकुमार को उसकी बाहर खड़ी पिकअप गायब मिली। रामकुमार ने उसी समय डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मंगलवार को रामकुमार ने आसपास पिकअप की जानकारी की, लेकिन पिकअप का कोई पता नहीं चला। थाना पुलिस को रामकुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# 23 जनवरी को नगर में निकलेगी वंदे मातरम् यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वाधान में हर साल की तरह इस वर्ष भी 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी।

नगर में भगवामय झण्डों के साथ यात्रा में बड़ी संख्या में सनातनी शामिल होंगे। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने बताया कि 23 जनवरी गुरुवार को शाम 3 बजे पाण्डेश्वरनाथ मंदिर से वंदेमातरम् यात्रा शुरु होगी। जो नगर के मुख्य मार्ग रेलवे रोड, चौक होते हुए घुमना, लालगेट से स्वराज कुटीर तक निकाली जायेगी। शोभायात्रा में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की झांकी व बैंडबाजा की धुन पर वंदे मातरम व भारत माता की गूंज के साथ तिरंगा झण्डा हाथ में लेकर यात्रा में लोग शामिल होंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रमोद दीक्षित, दीपक शर्मा सहित लोग तैयारी में जुटे है। विभिन्न हिन्दूवादी संगठन के लोग भी यात्रा में प्रतिभाग करेंगे। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी सहित साधु-संत भी वंदे मातरम यात्रा में भाग लेंगे और सनातनी बंधुओं को सम्बोधित करेंगे।


जानकारी देते विमलेश मिश्रा

# ईओ ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर रैन बसेरा व अलाव का लिया जायजा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी अधिकारी लव कुमार ने रात्रि में शहर का भ्रमण कर रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर में जल रहे अलाव का निरीक्षण किया।

शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठंड एवं शीत लहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओ के दृष्टिगत निराश्रित एव असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर क्षेत्र रोडवेज, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन तथा पालिका क्षेत्र के रैन बसेरे व अलाव का औचक निरीक्षण किया। ईओ ने रैन बसेरे में ठहरे लोगों से बातचीत की। पुल गालिव पुलिया पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों को ईओ ने अपने हाथों से कम्बल दिया और खाना खिलवाकर रैन बसेरा भिजवाया। ईओ ने एक-एक कर सभी से बातकर सुविधाओं के बारे में पूछा। लोगों ने रैन बसेरे में सभी व्यवस्था को अच्छा बताया।


अलाव का निरीक्षण करते ईओ

इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों का निरीक्षण किया। इस दौरान रोडवेज बस स्टैण्ड तथा चौराहों पर गरीबों तथा रिक्शा चालकों को कम्बल ओढ़ाया। इस दौरान जेई प्रशान्त कुमार, सफाई नायक विजेन्द रवि मौजूद रहे।

# सपा अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक में पीडीए को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक कचहरी प्रांगण में अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रभारी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चन्द्र यादव ने कहा कि अधिवक्ता राजनीति की दिशा एवं दशा को परिवर्तित करने में सक्षम है एवं देश हमेशा अधिवक्ताओं की अगुवाई में प्रगतिमान है।



बैठक में मौजूद अधिवक्ता

भाजपा सरकार अधिवक्ता विरोधी है। संचालन करते हुए जिला महासचिव सुनील कनौजिया ने विचार रखे। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिवक्ताओं का शोषण व हत्यायें अत्याधिक हुई है। आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव में अधिवक्ता पूरी ताकत के साथ समाजवादी पार्टी के पक्ष में सरकार बनाने के लिए अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे और पीडीए के तहत देश में जन-जन तक उनका संदेश पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। संविधान को बचाने हेतु सदैव समाजवादी पार्टी आंदोलन के साथ खड़ी है।

इस दौरान अधिवक्ता अमरजीत कश्यप, अमन वर्मा, प्रदीप कुमार, अरविन्द कुमार, संदीप यादव, राहुल यादव, कुलदीप कुमार, अर्पणा मिश्रा, अर्चना शर्मा, अमन वर्मा, राजकुमार, अवधेश कुमार, अशोक कुमार पाठक, प्रमोद कुमार पाल, मोहम्मद समी खां, अचल प्रताप, दिवाकर शाक्य, धर्मेन्द्र यादव, एकलव्य कुमार, संजीव शाक्य, नरेन्द्र यादव, विपिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मेले में चलाया गया प्लास्टिक पॉलीथिन मुक्त अभियान


लोगों को जागरुक करती टीमें व मौजूद सीओ सिटी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पतित पावनी मां गंगा के तट पर श्री रामनगरिया मेले में स्वच्छता और प्लास्टिक/पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें पॉलीथिन प्लास्टिक का प्रयोग ना करें, इसको लेकर एक जन जागरूकता अभियान जिला गंगा समिति, समवेत तथा अभिव्यंजना संस्था द्वारा चलायागया। जिसमें सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, गुंजा जैन पर्यावरण विशेषज्ञ, निहारिका पटेल जिला परियोजना अधिकारी, शिवम मिश्रा और समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष रोहित दीक्षित, नमामि गंगे की टीम ने मिलकर अभियान चलाया। इस दौरान पर्यावरण की सुरक्षा, स्वच्छता, प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग ना करना और हर दुकानदार के पास कूड़ेदान का होना अनिवार्य है। इसके लिए मेले में आए हुए श्रद्धालुओं, दुकानदारों, कल्पवासियों को जागरूक किया गया। अधिक संख्या में दुकानदारों को कार्टन के कूड़ेदान भी वितरित किए गए। इस अवसर पर गंगा योद्धा हिमांशु, निशु कटियार, राहुल वर्मा, प्रांशी, रचना, आयुष एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं व शिक्षिकाओं ने रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी पीजी महाविद्यालय आवास विकास लोहियापुरम की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने माई भारत पोर्टल तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान सप्ताह के अंतर्गत एक रैली निकाली गयी।



रैली निकालतीं शिक्षिकायें व छात्रायें

जिसका उद्देश्य जनमानस को सड़क की सुरक्षा के प्रति जागरुक करना था। इस दौरान कहा गया कि सबसे ज्यादा मौतें मार्ग दुर्घटनाओं से हो रही हैं। इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सभी ने बाइक चलाते समय हेलमेट तथा कार चलाते समय सीट वेल्ट का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही कहा गया कि सभी लोग यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। जिला संयोजक डॉ0 ज्ञान प्रकाश सक्सेना एवं नेहरु युवा केंद्र प्रेरणा तथा सहयोग भी प्रशंसनीय रहा। छात्राओं, कॉलेज कर्मचारी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्मार को पार्टी ने किया निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस के युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर में 5, 6, 7 जनवरी को सम्पन्न हुआ था। जिसमें पदाधिकारियों को शामिल होना था। शामिल न होने वाले पदाधिकारियों को राष्ट्रीय प्रभारी की अनुमति से शीर्ष नेतृत्व की अनुमति पर कई पदाधिकारियों को पदमुक्त किया गया है। प्रदेश के अलावा जिले के भी प्रभारी अनुशासनहीनता के चलते पदमुक्त हुए है। कार्यकारी प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अंकित तिवारी व दीपक शिवहरे, कृष्ण हरि, विनीत कम्बोज ने पत्र जारी कर कई लोगों को पार्टी के पदाधिकारियों को पद से निलंबित किया है। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद के युवा जिलाध्यक्ष अम्मार अली को अनुशासनहीनता व निष्क्रियता के चलते निलंबित किया गया है। बहुत ही कम समय तक अम्मार अली अपने पद पर रह पाये और उनके ऊपर अनुशासनहीनता का दाग भी लगा और निलंबित भी हुए। अब वह आगे पार्टी में प्रमुख पदों पर नहीं रह पायेंगे। इस संबंध में अम्मार अली को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने बताया कि वह परिवारिक समस्या के कारण बैठक में नहीं शामिल हो पाये, जिसके चलते उनका निलंबन हुआ है। प्रदेश नेतृत्व से मांग करूंगा कि एक मौका अम्मार अली को दिया जाये।

**कार्यालय ग्रा0पं0 पपड़ी खुर्द बुजुर्ग विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/मनरेग योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 — दिनांक 21/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पपड़ी खुर्द बुजुर्ग विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 22/01/2025 से दिनांक 28/01/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 28/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 22/01/2025 से दिनांक 28/01/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | दीपचंद्र के घर से नानिक राम के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 199433 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | महाप्रकाश के घर से सौदान के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 305011 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | विजय सिंह के घर से द्वारिका के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 355012 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (गंगादेवी) — ग्रा0पं0 पपड़ी खुर्द बुजुर्ग, विकास खण्ड शमशाबाद — सचिव (अभय प्रताप सिंह)

